दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
मूल्य : ₹5.00
पृष्ठ : 12
वर्ष : 15 | अंक : 197 | जयपुर | गुरूवार, 22 मई, 2025 | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष दशमी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद पीएम मोदी का पहला राजस्थान दौरा



## आज बीकानेर आएंगे

## देशनोक में बने आधुनिक रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे

बढ़ता राजस्थान

**बीकानेर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को बीकानेर आएंगे। पीएम का ऑपरेशन सिंदूर के बाद राजस्थान का यह पहला दौरा है। मोदी नाल एयरबेस पर एयरफोर्स के जवानों से भी मुलाकात कर सकते हैं। पीएम मोदी बीकानेर में देशनोक करणी माता के दर्शन करेंगे। देशनोक में बने आधुनिक रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। पलाना (देशनोक) में सभा को संबोधित करेंगे। मोदी के स्वागत के लिए सड़कों पर बैनर और होर्डिंग लगाए गए हैं। सीएस सुधांश पंत ने बुधवार को पलाना में सभा स्थल का जायजा लिया। इधर, पीएम ने बुधवार को ट्वीट कर कहा- राजस्थान के अपने दौरे में कई और परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास का भी अवसर मिलेगा। इनमें अनेक सड़क परियोजनाएं भी शामिल हैं। इनसे जहां आवाजाही की सुविधाएं बढ़ेंगी, वहीं सीमावर्ती क्षेत्रों में हमारे डिफेंस इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी और मजबूती मिलेगी।

### विशेष ट्रेन से आएंगे रेल मंत्री

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव नई दिल्ली से विशेष ट्रेन से बुधवार रात 9.10 बजे बीकानेर पहुंचेंगे। बीकानेर रेलवे स्टेशन से सड़क मार्ग से होते हुए देशनोक जाएंगे और व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। रात्रि विश्राम बीकानेर में करेंगे और गुरुवार सुबह प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

### 26,000 करोड़ के प्रोजेक्ट का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे

**पीएम मोदी विशेष विमान से नाल एयरबेस पहुंचेंगे। यहां उनके स्वागत के लिए राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल मौजूद रहेंगे। देशनोक करणी माता के दर्शन के बाद पीएम देशनोक रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। यहां अमृत भारत योजना में देशनोक रेलवे स्टेशन के साथ बूंदी, मांडलगढ़ और गोगामेड़ी के अलावा देशभर के कई स्टेशन का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। बीकानेर-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी भी दिखाएंगे। इसके बाद मोदी पलाना (देशनोक) में सभा को संबोधित करेंगे। 26,000 करोड़ से अधिक की लागत वाले प्रोजेक्ट का शिलान्यास-उद्घाटन करेंगे।**

### मोदी के स्वागत में लगे होर्डिंग

*ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने दुश्मनों के मंसूबों को फेल कर दिया था। ऐसे में मोदी के दौरे को लेकर बीकानेर जिले के लोगों और नेताओं में अलग ही जोश है। मोदी की फोटो के साथ अलग-अलग स्लोगन लिखे होर्डिंग्स को सड़कों पर लगाया गया है।*

### सभा स्थल में 54 ब्लॉक

*पलाना गांव में सभा स्थल में 54 ब्लॉक बनाए गए हैं। आगे का ब्लॉक वीवीआईपी, मीडिया और महिलाओं के लिए आरक्षित रहेगा। सभा स्थल पर करीब एक लाख लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है।*

### 50 बेड का हॉस्पिटल

*तेज गर्मी को देखते हुए सभा स्थल पर ही 50 बेड का अस्थायी हॉस्पिटल बनाया गया है। यहां भर्ती करने की सुविधा रहेगी। दवाओं का भी इंतजाम रहेगा। सीनियर डॉक्टर्स की ड्यूटी लगाई जा रही है।*

### हर ब्लॉक में पानी की व्यवस्था

*हर ब्लॉक में पानी के 100-100 कैम्पर रहेंगे। ठंडे पानी के लिए लोगों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। जगह-जगह पानी के टैंकर रहेंगे। विधानसभावार भोजन की व्यवस्था भी की जा रही है।*




| | |
|---|---|
| 9:50AM | बीकानेर एयरपोर्ट पहुंचेंगे |
| 9:55AM | हेलिकॉप्टर से देशनोक के लिए रवाना |
| 10:20AM | देशनोक हेलीपैड पहुंचेंगे |
| 10:30AM | करणी माता मंदिर पहुंचेंगे |
| 10:50AM | करणी माता मंदिर से देशनोक रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे |
| 11:00AM | देशनोक रेलवे स्टेशन का उद्घाटन और बीकानेर-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे |
| 11:30AM | पलाना में जनसभा को संबोधित करेंगे |
| 12:45PM | पलाना से बीकानेर एयरपोर्ट के लिए रवाना |
| 1:15PM | बीकानेर से दिल्ली के लिए रवाना होंगे |

## संक्षिप्त समाचार

### जोधपुर कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी

**पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने चप्पा-चप्पा तलाशा; 6 कलेक्टरों को मिल चुका ई-मेल**

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर।** जोधपुर कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ई-मेल से मिली धमकी के बाद प्रशासन व पुलिस के साथ अन्य सुरक्षा एजेंसियां कलेक्ट्रेट के चप्पे-चप्पे की तलाशी ले रहे हैं। फिलहाल कहीं कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। पुलिस के अनुसार- जोधपुर कलेक्टर कार्यालय की आईडी पर बुधवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे एक ईमेल आया, जिसमें जोधपुर कलेक्ट्रेट को आरडीएक्स, बस से उड़ाने की धमकी दी गई। इसकी सूचना पर डीसीपी (ईस्ट) आलोक श्रीवास्तव, एडीसीपी (ईस्ट) वीरेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। इसके बाद बीएसएफ, आरपीएफ और सीआईएसएफ की टीमों को सूचना देकर बुलाया गया। संयुक्त टीमों ने पूरे कलेक्ट्रेट परिसर की तलाशी शुरू की लेकिन दोपहर तक कहीं कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। इसके बाद एडीएम प्रथम जवाहर चौधरी ने बताया कि सीआईडी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से इस धमकी के बारे में जानकारी प्राप्त हुई थी। इस आधार पर सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। फ़िलहाल कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। बाकी पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर को सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विवादों में घिरी ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर को सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अग्रिम जमानत दी। जस्टिस बी वी नागरत्ना और सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने पूजा को जांच में सहयोग करने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा- पूजा ने कौन सा बड़ा अपराध कर दिया। वह कोई ड्रग माफिया या आतंकवादी नहीं है। उन पर हत्या (धारा 302) का आरोप नहीं है। कोर्ट ने आगे कहा- आपके पास कोई सिस्टम या सॉफ्टवेयर होना चाहिए, जिससे इस तरह की जांच समय पर हो। उसने सब कुछ खो दिया है, अब कहीं नौकरी नहीं मिलेगी। जस्टिस नागरत्ना ने कहा- इस मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने पहले ही जमानत देनी चाहिए थी। दिल्ली पुलिस के वकील ने जमानत का विरोध किया। कहा कि पूजा जांच में सहयोग नहीं कर रही हैं। पूजा खेडकर पर संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा पास करने के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग और दिव्यांगता कोटे से आरक्षण लेने के लिए धोखाधड़ी करने का आरोप है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश पलट दिया सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट का 23 दिसंबर 2024 का आदेश पलट दिया था।

### जयपुर कमिश्नरेट में बड़ा फेरबदल, 28 सीआई के तबादले

**कमिश्नर ने दो को किया लाइन हाजिर, सभी को तत्काल ज्वाइनिंग के निर्देश**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने देर रात एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 28 पुलिस निरीक्षकों के तबादला आदेश जारी किए हैं। इस कार्रवाई में दो सीआई को लाइन हाजिर भी किया गया है। पुलिस कमिश्नरेट के अनुसार, यह स्थानांतरण प्रशासनिक आधार पर किए गए हैं। पुलिस कमिश्नर द्वारा जारी आदेश में सभी स्थानांतरित अधिकारियों को आज ही नई नियुक्ति स्थल पर कार्यभार संभालने के निर्देश दिए गए हैं।

## छत्तीसगढ़ में 27 नक्सलियों का एनकाउंटर

**डेढ़ करोड़ का इनामी नक्सली ढेर, 20 शव बरामद, 1 जवान शहीद**

बढ़ता राजस्थान

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में अबूझमाड़ के जंगल में बुधवार सुबह सुरक्षाबलों ने 27 नक्सलियों को मार गिराया है। सभी 27 शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं। मारे गए नक्सलियों में 1.5 करोड़ का इनामी बसवा राजू भी शामिल है। वहीं फायरिंग में डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) का एक जवान शहीद हो गया है। दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बीजापुर जिले की सरहद पर मुठभेड़ चल रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि अबूझमाड़ के बोटेर में नक्सलियों का पोलित ब्यूरो सदस्य और नक्सल संगठन का महासचिव बसवा राजू मौजूद है। इसी आधार पर फोर्स को रवाना किया गया था। अबूझमाड़ के बोटेर पहुंचते ही जवानों पर नक्सलियों ने फायरिंग कर दी। सुरक्षाबलों के इस ऑपरेशन को प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने बड़ी कामयाबी बताया है। पुलिस ने 7 दिन पहले ही छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर स्थित करेंगुट्टा के पहाड़ों पर सुरक्षाबलों ने 24 दिनों तक चले ऑपरेशन में 31 नक्सलियों को मार गिराया था।



### हिड़मा इकलौता जो टॉप-2 टीम में

नक्सल सूत्रों के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में करीब 40 सालों में हिड़मा ही इकलौता ऐसा नक्सली है जिसे संगठन के टॉप-2 टीम (सेंट्रल कमेटी) में जगह मिली है। वो भी तब जब नक्सल संगठन में अंदरूनी कलह चली और नक्सलियों को सिर्फ ढाल के रूप में इस्तेमाल करने की बात उठने लगी। वहीं डीवीसीएम (डिविजनल कमेटी मेंबर) के पद से देवा बारसे का प्रमोशन कर उसे डीकेएसजेडसीएम (दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर) कैडर में शामिल कर कमांडर बनाया गया।

### शाह का दावा- 2026 तक खत्म कर देंगे नक्सलवाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अगस्त 2024 और दिसंबर 2024 में छत्तीसगढ़ के रायपुर और जगदलपुर आए थे। वे यहां अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग मंचों से नक्सलियों को चेताते हुए कहा था कि हथियार डाल दें। हिंसा करोगे तो हमारे जवान निपटेंगे। वहीं उन्होंने एक डेडलाइन भी जारी की थी कि 31 मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा। शाह के डेडलाइन जारी करने के बाद से बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन काफी तेज हो गए हैं।

## ईडी बोली- सोनिया-राहुल के खिलाफ केस बनता है


**अपराध की आय से 142 करोड़ कमाए; नेशनल हेराल्ड केस की अगली सुनवाई जुलाई में**

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी से जुड़े नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बुधवा को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में चौथी सुनवाई हुई। ईडी ने कोर्ट को बताया कि, पहली नजर में सोनिया और राहुल के खिलाफ केस बनता है। दोनों ने अपराध की आय से 142 करोड़ रुपए कमाए हैं। ईडी की तरफ से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि आरोपी तब तक अपराध की आय का आनंद ले रहे थे जब तक कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नवंबर 2023 में नेशनल हेराल्ड से जुड़ी 751.9 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त नहीं कर ली। ईडी की तरफ से दलीलें



सुनने के बाद कोर्ट ने कहा कि, इस मामले में 2 से 8 जुलाई तक रोजाना सुनवाई होगी। नेशनल हेराल्ड केस 2012 से चल रहा है, जब भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने सोनिया, राहुल और उनकी सहयोगी कंपनियों से जुड़े लोगों के खिलाफ शिकायत की थी।



## पाकिस्तान में सिंध के गृहमंत्री का घर जलाया

**सिंधु नदी का पानी डायवर्ट करने की स्कीम के खिलाफ प्रदर्शन, इसी दौरान भड़की हिंसा**

बढ़ता राजस्थान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लंजर का घर जला दिया। प्रदर्शनकारियों ने घर की सुरक्षा में तैनात गार्ड्स को भी पीटा। रिपोर्ट के मुताबिक सिंध के नौशेहरो फिरोज जिले में मंगलवार को पुलिस और एक राष्ट्रवादी संगठन के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई थी। इसमें कम से कम 2 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा दोनों तरफ के कई लोग भी घायल हो गए। पाकिस्तान सरकार की योजना सिंध नदी पर नहर बनाने की है। इससे स्थानीय लोग नाराज हैं। उनका कहना है कि सरकार उनकी जमीन और पानी छीन रही है। जब प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर धरना देने की कोशिश की, तो पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इसके तनाव बढ़ गया। नाराज होकर लोगों ने सिंध के गृह मंत्री के घर पर हमला कर दिया था।

### चोलिस्तान में पानी ले जाना चाहती है सरकार

पाकिस्तानी वेबसाइट जियो टीवी के मुताबिक सरकार की योजना सिंध नदीं पर नहरें बनाकर चोलिस्तान में हजारों एकड़ बंजर जमीन पर खेती करने की है। इसकी लागत करीब 211 अरब रुपए (63 अरब) है। हालांकि बिलावल भुट्टो की पार्टी पीपीपी इसके खिलाफ है। उनका कहना है कि सिंध को इससे नुकसान होगा और उनका पानी छीन लिया जाएगा। कुछ हफ्ते पहले एक समिति ने भी इस प्रोजेक्ट को खारिज कर दिया था। उनका कहना था कि जब तक सभी राज्यों (प्रांतों) की आपसी सहमति नहीं होगी, तब तक कोई नई नहर नहीं बनेगी। इसके बावजूद सिंध में विरोध प्रदर्शन जारी हैं। मंगलवार को जब प्रदर्शनकारियों ने हाईवे पर धरना देने की कोशिश की तो पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए बल प्रयोग किया। जवाब में लोगों ने पत्थर फेंके। इस झड़प में एक पुलिस अधिकारी (एसएचओ) और दो पुलिसकर्मी घायल हो गए, जबकि पांच प्रदर्शनकारियों को भी चोटें आईं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया।



सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरू, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# मार्बल खंडों से भरा टैक्टर पल्टा टैक्टर पत्थरों के नीचे दबने से चालक सहित 2 की मौत





## प्रशासन की अनदेखी से बढ़ रहे हैं हादसे

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** केलवा थाना क्षेत्र में बुधवार को एक बड़ा हादसा होने के साथ ही टैक्टर चालक के साथ ही उसका साथी टैक्टर में भरे मार्बल खंडों के नीचे दबने से मौके पर ही मौत हो गई। थानाधिकारी लक्ष्मणराम विश्नोई ने बताया कि मृतक राहुल (18) पुत्र चुडाराम जोगी निवासी मेड़ता थाना आमेट, नारायणलाल (23)पुत्र लहरूलाल भील निवासी आरवाडा थाना केलवा जो उमराया से उमठी जाने वाले मार्ग से खदानों की तरफ जाने वाले मार्ग पर बुधवार सुबह 11 बजे के आस पास क्रेशर प्लांट से मार्बल के खंडे भर कर टैक्टर प्लांट पर ले जाते समय सड़क की ढलान पर अनियंत्रित हो गया जिस पर टैक्टर चालक व साथी कूद कर जान बचाने का प्रयास किया पर खड़ा होने के कारण टैक्टर की ट्रॉली में भरा मार्बल खंडा इन दोनों के ऊपर पलटने से दोनों नीचे दब गए। दबने से घायल दोनों ने चिल्लाते हुए बचाने की बात कहते रहे ओर आस पास के ग्रामीणों को इन्हें निकलते समय ही दम तोड़ दिया और ग्रामीणों ने हाथों से पत्थर को आधे घंटे से हटाने के बाद दोनों दिखाई दिए। जिन्हें तुरंत केलवा चिकित्सालय में लाया गया जा पर डाक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं जिले में पिछले कुछ समय से ओवरलोड टैक्टर वाहनों की संख्या में खासी बढ़ोतरी हुई है, जिससे आम जनता को न केवल भारी ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि रात्रि के दौरान भी यह समस्या और विकराल रूप ले रही है। वहीं प्रमुख सड़कों पर हर समय ओवरलोड वाहनों का चलना एक आम दृश्य बन गया है।

**ओवरलोड और बिना रॉयल्टी के चल रहे हैं ट्रैक्टर :** केलवा खनन क्षेत्र में इन दोनों मार्बल के वेस्टेज खंडो से भरे हुए ट्रैक्टर बिना रॉयल्टी और ओवरलोड चल रहे हैं,जिससे हादसे पेश आ रहे हैं,वहीं एक माह पहले ओवरलोड खंडो से भरा हुआ ट्रैक्टर बाइक सवार पर गिर गया जिससे बाइक सवार की मौत हो गई. बिना रॉयल्टी के चल रहे ट्रैक्टरों पर प्रशासन के कार्रवाई नहीं होने से राजस्व का भी नुकसान हो रहा है।

### कार्यवाही के नाम पर विभाग करते हैं खानापूर्ति

राजसमंद जिला कलेक्टर के आदेश के बावजूद भी अवैध रूप से ले जाए जा रहे बिना रॉयल्टी के खनिज को पकड़ने में माइनिंग विभाग नाकाम रहता है वही हादसे होने के बाद खानापूर्ति के लिए एक या दो ट्रैक्टर पकड़ कर खाना पूर्ति कर दी जाती है, वहीं राजसमंद परिवहन विभाग द्वारा भी सड़क पर चल रहे ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई नहीं करने से आमजन के जीवन पर बन आती है. वही राजसमंद जिला कलेक्टर द्वारा जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग पर लाइसेंस और आर सी निरस्तीकरण की कार्रवाई नियमानुसार अमल में लाई जाए।



# कार्यकर्ता संवाद में हुआ जन समस्याओं पर मंथन, तिरंगा रैली में जनभागीदारी का आह्वान

### रेलमगरा में जिले के पहले मण्डल स्तरीय कार्यालय का लोकार्पण

### समयबद्ध ढंग से पूर्ण हो विकास कार्य- विधायक श्री मेवाड़

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने रेलमगरा मंडल का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के प्रथम मंडल स्तरीय कार्यालय का उद्घाटन किया। यह राजसमंद जिले का पहला मंडल स्तर का भाजपा कार्यालय है, जिसे कार्यकर्ताओं के लिए समर्पित किया गया।

कार्यालय उद्घाटन के पश्चात विधायक मेवाड़ ने कार्यकर्ताओं से संवाद किया और मंडल से जुड़ी समस्याएं सुनीं। कार्यकर्ता संवाद के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष श्री जगदीश पालीवाल, रेलमगरा मंडल अध्यक्ष अंबालाल जाट, तिरंगा यात्रा संयोजक अशोक रांका, एवं महेन्द्र सिंह चौहान भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता और भारतीय सेना के समर्थन में आयोजित की जा रही 'तिरंगा रैली', जो 22 मई को प्रस्तावित है, के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके बाद मेवाड़ ने रेलमगरा तहसील में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ एक विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी विभागों ने अपने-अपने विकास कार्यों की प्रस्तुति दी। अधिकारियों की समीक्षा बैठक के दौरान बिजली और पानी से संबंधित मुद्दों पर विधायक महोदय ने विशेष गंभीरता दिखाई और संबंधित विभागाध्यक्षों से निर्धारित समय-सीमा में समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने पेयजल परियोजनाओं की स्थिति और आगे की योजना की जानकारी दी, जिसे विधायक ने स्वयं सत्यापित किया और कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

विधायक ने जोर देते हुए कहा कि समस्त स्वीकृत विकास कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण हो ताकि आमजन को समय पर लाभान्वित किया जा सके।पीडबल्यूडी विभाग ने डीएमएफटी के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की जानकारी दी, जिन पर विधायक ने समय पर पूर्णता के निर्देश दिए।

रेलमंगरा दौरे के अंत में विधायक बनेड़िया पहुंचे और गायत्री सेवा संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने बच्चों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट्स और संस्थान द्वारा संचालित सेंटर का निरीक्षण किया। विधायक ने संस्थान के कार्यों की सराहना की।

### साहवा सीएचसी में सुविधा विस्तार की दरकार

# डिजिटल एक्सरे नहीं होने तथा टीबी रोग की दवा उपलब्ध नहीं होने से रोगी हो रहे परेशान

- भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने सीएचसी का किया भ्रमण, उच्चाधिकारियों से की वार्ता
- पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ को सुविधा विस्तार की मांगों से करवाया अवगत

बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे के मोहनीदेवी चाचाण राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी ) पर आने वाले रोगियों को सीएचसी की समुचित स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल रहा जिसके चलते रोगियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है एक तरफ जहां अस्पताल में स्टाफ की कमी के चलते कार्यालय कार्य भी समय पर नहीं होते तो वहीं दूसरी तरफ टीबी रोग जैसी आवश्यक दवाईयां नहीं मिलने पर जरूरतमंद रोगियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है लेकिन इसके बावजूद भी चिकित्सा महकमा आमजन की परेशानी को समझकर अस्पताल की सुविधाओं को दुरस्त करने की तरफ ध्यान नहीं दे रहा। आमजन से जुड़ी समस्याओं तथा



सीएचसी में अन्य सुविधाओं की विस्तार की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी साहवा के प्रतिनिधि मंडल ने सीएचसी का भ्रमण किया तथा विभाग के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर सीएचसी स्तर की आवश्यक दवाओं की आपूर्ति करवाने सहित अनेक सुविधाओ विस्तार की मांग रखी, वही पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ से भी वार्ता कर सीएचसी स्तर पर आवश्यक सेवाओं के विस्तार की मांग के बारे में अवगत करवाया। बुधवार को भाजपा पदाधिकारियों द्वारा किए गए सीएचसी भ्रमण के दौरान प्रभारी डॉ राजेंद्र प्रसाद उपस्थित रहे। प्रभारी ने बताया कि सीएचसी में अकाउंटेंट और क्लर्क की नियुक्ति नहीं होने से कार्यालय कार्य समय पर नहीं हो पा रहे। युवा भाजपा नेता नवल दुदानी ने टीबी की दवाइयां उपलब्ध नहीं होने से मरीजों को हो रही असुविधा के बारे में अवगत करवाया। सीएचसी में डिजिटल एक्सरे फिल्म उपलब्ध नहीं होने से डिजिटल एक्सरे के अभाव में यहां आने वाले रोगियों को परेशानी उठानी पड़ती है। सीएचसी स्तर पर समुचित स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार सहित अन्य विषयों पर प्रभारी से चर्चा हुई तथा मौके पर सीएमएचओ मनोज शर्मा से दूरभाष पर वार्ता कर समस्याओं से अवगत करवाया, जिस पर सीएमएचओ ने जल्द ही दवाओं की आपूर्ति करवाने सहित अन्य सुविधाओं के विस्तार का आश्वासन दिया। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने समस्याओं के निस्तारण के लिए पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ से भी वार्ता कर अतिशीघ्र ही समाधान करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में नगरपालिका चेयरमैन करमचंद नैण, विद्याधर पारीक, नवल दुदानी, कृष्णलाल बोहरा, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नेता महेंद्र खान कुम्हार शामिल थे ।

# राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उपजिला अस्पताल में श्रद्धांजलि सभा और मरीजों को फल वितरण

### राजीव गांधी के विचार और आदर्श प्रेरणा दायक : जगदीश मीणा

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** उपजिला अस्पताल में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्व. राजीव गाँधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मरीजों को फलों का वितरण किया। इस मौके पर राजस्थान कांग्रेस कमेटी सचिव जगदीश मीणा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और श्रद्धांजलि सभा में पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर जगदीश मीणा ने राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि राजीव गांधी ने देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी के विचार और आदर्श आज भी हमें प्रेरित करते हैं। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पावटा उपजिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को फलों का वितरण किया और




उनकी सेहत का हाल जाना। पूर्व विडियो कैलाश गुर्जर, विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के राजीव गांधी पंचायत राज संगठन सम्यक जगदीश मीणा, प्रधान प्रत्याशी दशरथ यादव और अन्य नेताओं ने इस मौके पर उपस्थित रहकर राजीव गांधी को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाचार्य सुनिल अग्रवाल, रोहिताश बसेठिया, भागीरथ शर्मा आंतेला, मामराज यादव जयसिंहपुरा, अजय यादव गोवर्धनपुरा, अरविंद यादव, पूर्व सरपंच गणेश सैनी समेत अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता और नेता मौजूद रहे। सभी ने राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी और मरीजों की स्वास्थ्य सम्बंधित जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के आदर्शों को अपनाने और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस मौके पर उपस्थित सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी और मरीजों की सेवा की।

# ज्यूस संचालक की चाकू मार कर की हत्या पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को किया सुपुर्द

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी( अंशु गुप्ता )।** बयाना मार्ग स्थित मनीराम पार्क के पास सत्संग भवन की दुकानों में ज्यूस की दुकान कर रहे एक 55 वर्षीय दुकानदार को एक युवक ने चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसे राजकीय जिला अस्पताल में लेकर आए हालत गंभीर होने पर डॉक्टर जे.पी. मीणा रैफर कर दिया जिसकी सिकंदरा के पास मृत्यु हो गयी ।शीतला कॉलोनी निवासी 55 वर्षीय घायल देवेंद्र उर्फ केलु पंजाबी पुत्र बलदेव पंजाबी ने बताया कि बुधवार को दोपहर 12.00 बजे करीब



मनीराम पार्क के सामने सत्संग भवन की दुकान में 25साल से ज्यूस सेंटर की दूकान पर कार्य कर रहा था ।एक युवक दूकान पर आया, और बोला कि तुमसे बात करनी है ।और बात करने के बहाने दुकान में आ गया। बात करने के लिए सिड्डियों की और ले गया। उसने चाकू से पेट सीने,जांघ व हाथ पर ताडब तोड़ हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने तुरंत राजकीय जिला अस्पताल भर्ती कराया। अस्पताल की वरिष्ठ सर्जन डॉक्टर जेपी मीणा ने हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार कर तुरंत जयपुर रैफर कर दिया ।जिसकी सिकंदरा के पास मृत्यु हो गई। परिजन शव को बापिस जिला अस्पताल लेकर आये,पोस्टमार्टम के लिये मोर्चरी मे रखवाया। पोस्टमार्टम की कार्रवाई मेडिकल बोर्ड द्वारा शव परिजनों को सुपुर्द किया।

# अवैध खनन की एक भी शिकायत हल्के में न लें, प्रभावी कार्रवाई करें, नहीं तो तय होगी जवाबदेही : कलक्टर

- खान, पुलिस और राजस्व विभाग की जॉइंट टीमें सप्ताह में कम से कम दो बार करें औचक निरीक्षण
- जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने टास्क फोर्स की बैठक में अवैध खनन पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करने के दिए सख्त निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** अवैध खनन के विरुद्ध किसी भी शिकायत को अधिकारी हल्के में न लें, जिले का कोई भी कोना हो, अवैध खनन पर प्रभावी रूप से कार्रवाई अमल में लाई जाए, अगर कोताही बरती जो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। बुधवार को जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने सख्त लहजे में अधिकारियों को अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए।वे जिला स्तरीय खनिज विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं अवैध खनन निगरानी समिति (टास्क फोर्स) की बैठक



की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान एसपी मनीष त्रिपाठी, एडीएम नरेश बुनकर, एसीएफ श्रीकिशन, एसएमई अनिल खमेसरा, एमई प्रथम जिनेश हुमड़, एमई द्वितीय ललित बाछरा, अन्य एएमई, जिला परिवहन अधिकारी अभिजीत सिंह आदि मौजूद रहे ।बैठक में खनिज बजरी सहित अन्य खनिजों की अवैध खनन, निर्गमन, भण्डारण की रोकथाम, वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के संबंध में चर्चा, पट्टाधारियों तथा क्वारी लाइसेंस धारकों की समस्याओं, वन संरक्षण अधिनियमों, पर्यावरण संरक्षण अधिनियमों एवं अन्य संबंधित नियमों को खनन गतिविधियों में प्रभावी रूप से लागू करने को लेकर चर्चा हुई।

जिला कलक्टर ने चंद्रभागा नदी में हाल ही में अवैध खनन की समीक्षा के दौरान संतोषप्रद जवाब प्राप्त नहीं होने पर कलक्टर ने गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को मौके पर दबिश लेकर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

कलक्टर ने कहा कि शिकायतें प्राप्त होने पर अधिकारी नजर अंदाज नहीं करें, उसकी तह तक जाएं और कार्रवाई करें। कलक्टर ने कहा कि वाहनों की आकस्मिक चेकिंग करें, सूचना तंत्र मजबूत रखें और औचक दबिश देकर कार्रवाई अमल में लाई जाए। खान विभाग से कहा कि सिर्फ जुर्माना लगाना पर्याप्त नहीं है, एफआईआर अवश्य दर्ज करवाएं और परिवहन विभाग को लाइसेंस और आरसी निरस्तीकरण के लिए लिखें।

## 14 वर्षीय बालक का अपहरण कर कुकर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** एसएमएस अस्पताल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 14 वर्षीय बालक का अपहरण कर उसके साथ कुकर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है और साथ ही घटना में उपयोग में ली गई एक दुपहिया वाहन भी जब्त किया गया है। जानकारी के अनुसार आरोपी ने 17 मई के दिन एसएमएस अस्पताल में एक बालक का अपहरण किया था। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि एसएमएस अस्पताल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बालक का अपहरण कर उसके साथ कुकर्म करने वाले आरोपित 40 वर्षीय हेमराज बैरवा निवासी बरौनी जिला टोंक हाल सागनारे सुंदर जयपुर को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि टोंक निवासी एक महिला ने थाने में मामला दर्ज करवाया था कि उसके पति की तबीयत ज्यादा खराब होने पर एसएमएस अस्पताल की सैकण्ड़ मंजिल पर सर्जिकल आईसीयू में भर्ती करने के लिए उसकी लडकी व लडका आईसीयू वार्ड में आ गये। वही उसके जेठ का लडके को बेड, बिस्तर व ईलाज के दस्तावेज का ध्यान रखने के लिए श्री जी वार्ड में छोड दिया था और कुछ देर बाद वह वहां नहीं मिला। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे एवं तकनीकी साधनों की सहायता जानकारी मिली कि एक व्यक्ति एक बाइक बैठा के टोंक रोड की और ले गया। अपहृत बालक की तलाश के लिए एसएमएस अस्पताल, जेएलएन मार्ग पर लगे सभी सीसीटीवी कैमरे में वीडियो फुटेज देखते हुये गांधीनगर, जवाहर सर्किल, सांगानेर सदर, चोखी ढाणी, टोंक रोड, होते हुये शिवदासपुरा बरखेड़ा टोल प्लाजा पर दिखाई दिया । जिस पर बालक की तलाश करते हुये पुलिसकर्मी चाय की थड़ी पर पहुचे। जहां पर बालक बैठा हुआ मिला। पुलिस ने पूछताछ में सामने आया कि वह वार्ड का रास्ता भूल जाने पर रोड पर आ गया था।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्य तिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी

बढ़ता राजस्थान

हिंडौन सिटी( अंशु गुप्ता )। बयाना रोड स्थित विधायक अनीता जाटव के आवास पर बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्य तिथि मनाई गई। विधायक अनीता जाटव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए ।कार्यकर्ताओं ने 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। विधायक अनीता जाटव ने राजीव गांधी के कार्यकाल की उपलब्धियों का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने राजीव गांधी की राष्ट्रीय और विदेश नीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की।



कार्यक्रम में संगठन को मजबूत करने के विषय पर भी चर्चा की गई ।कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष शिवराज मीणा, विक्रम, पूर्व पार्षद गोपेंद्र पावटा, लोकेश गुप्ता, तारा सिंह बैसला, दलवीर सिंह और ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र सिंह सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विराटनगर में 10 करोड़ की लागत से 32.70 किमी लंबाई की 23 सड़कों का निर्माण कार्य प्रस्तावित

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** राजस्थान के लोक कल्याणकारी बजट घोषणा 2025-26 के अंतर्गत प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र को नॉन पेचेवल सड़कों का नवीनीकरण एवं मिसिंग लिंक सड़कों को 10-10 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए हैं, जिनमें से 5 करोड़ की नॉन पेचेवल एवं 5 करोड़ की मिसिंग लिंक सड़कों का निर्माण कार्य प्रस्तावित है, विधानसभा क्षेत्र विराटनगर की नॉन पेचेवल सड़कों का नवीनीकरण एवं मिसिंग लिंक सड़कों बनाने हेतु विधायक कुलदीप धनखड़ की अनुशंसा पर 10 करोड़ रुपये की लागत से 32.70 किमी लंबाई की 23 सड़कों की सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा सैद्धांतिक सहमति जारी हुई हैं।

# शातिर चोर : रैकी करने के बाद कर रहे चोरी, जहां सीसीटीवी नहीं... वहां ज्यादा चोरियां

## इलाज के लिए आ रहे अस्पताल, लूट और चोरी के हो रहे शिकार

- पुलिस अनुसंधान और अस्पताल की जांच में किसी का खुलासा नहीं
- एसएमएस, जयपुरिया, महिला अस्पताल व जनाना में रोजाना औसतन 3 से 5 मामले

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** शहर के अस्पतालों में सुरक्षा के लिए बेहतर इंतजाम नही होने के कारण मरीज और उनके परिजनों को आए दिन चोरी की घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। सवाई मानसिंह अस्पताल, जेकेलोन जयपुरिया, महिला चिकित्सालय व जनाना अस्पताल में निगरानी के लिए लगे सीसीटीवी कैमरे अपर्याप्त हैं। कई जगह इन कैमरों की गुणवत्ता इतनी खराब है कि उनमें संदिग्ध लोगों की पहचान ही नहीं हो पाती।

चोर भी इतने शातिर हैं कि जहां सीसीटीवी कैमरे नहीं है या गुणवत्ता खराब है, वहीं चोरी की घटनाओं को अधिक अंजाम दे रहे हैं। अस्पताल परिसर में अब तक हुई घटनाओं में पुलिस की जांच धीमी पड़ गई है। इनमें से आधे मामलों में भी पुलिस और अस्पताल की ओर से बनाई गई जांच कमेटी अपराधी को नही पकड़ पा रही।

### तीन दिन नहीं हो सकी शव की पहचान

- दो महीने पहले एक महिला को एक व्यक्ति अस्पताल की इमरजेंसी में छोड कर चला गया। यहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इमरजेंसी में लगा सीसीटीवी कैमरा देखा तो उसमें कुछ नजर नही आया। इस कारण तीन दिन तक महिला का शव मोर्चरी में रखा रहा
- कुछ दिन पहले जयपुर निवासी भूपेन्द्र सिंह एसएमएस अस्पताल में अपनी बहिन को दिखाने आया। वापस आया तो उसकी बाइक चोरी हो चुकी थी।

### इनका कहना-

अस्पताल अधीक्षक से कई बार परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए समझाइश कर चुके हैं। नतीजा यह है कि इन पांच अस्पतालों में रोजाना चोरी के 3 से 5 मामले सामने आ रहें हैं।

**तेजस्वैनी गौतम**
**डीसीपी ईस्ट**


फाइल फोटो

### इस अस्पताल की ये स्थिति

#### एसएमएस

- 90 सीसीटीवी कैमरे निगरानी के लिए लगे हैं
- जिन जगहों पर चोरी की घटनाएं हुई हैं वहां सीसीटीवी नहीं है
- अस्पताल के गेट नंबर 2, 5, 6 व मेडिकल कॉलेज के विभागों में घटनाएं ज्यादा हो रही है। यहां भी सीसीटी कैमरे नही है।
- रोजाना चोरी के 3 से 5 मामले दर्ज हो रहे थाने में
- 100 से अधिक वाहन चोरी हो चुके इस वर्ष दो माह में ही
- 225 से ज्यादा मोबाइल और पर्स चोरी के मामले आए इस वर्ष

#### महिला अस्पताल

- यहां निगरानी के लिए 50 कैमरे लगे हैं, लेकिन एक भी कैमरा सही नही है
- एक भी घटना का सुराग नही लग सका
- आए दिन वाहन, मोबाइल प पर्स चोरी हो रहें है

#### जयपुरिया

- आईसीयू से मशीन चोरी होने का अभी तक सुराग नही लगा
- आए दिन पर्स, मोबाइल व वाहन चोरी की वारदातें हो रही है

#### जनाना

- कुछ स्थानों पर सीसीटीवी लगे हैं, कई जगह कैमरे चालू नही है

### अस्पताल की संपत्तियां भी चोरी

● एसएमएस मेडिकल कॉलेज से तीन लाख मरीजों की जांच का रिकॉर्ड चोरी ● माइक्रोबायोलॉजी में लैब से कोरोना जांच मशीन के लैपटॉप चोरी ● जयपुरिया अस्पताल के आईसीयू से सर्जरी की मशीन चोरी ● महिला अस्पताल से एसी के कॉपर वायर चोरी

## अष्टमी ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष तिथि (बड़े मंगलवार) पर हाथोज धाम में हुआ सुन्दरकाण्ड पाठ और विशेष श्रृंगार

बढ़ता राजस्थान



**कालवाड़,( नि.स. )।** श्री दक्षिणमुखी बालाजी मंदिर हाथोज धाम में बड़े मंगलवार, अष्टमी ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष तिथि के पावन अवसर पर फूल बंगला झांकी और विशेष श्रृंगार किया गया। हाथोज धाम महन्त पुरुषोत्तम दास महाराज के सान्निध्य में 108 आसन पर बालाजी का संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया गया। हाथोज धाम पीठाधीश्वर स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज ने बताया कि वर्ष के बड़े मंगलवार के अवसर पर संध्या 5 बजे से रात्रि 12 बजे तक संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया गया और संध्या 7.15 बजे महाआरती की गई जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष बड़े मंगलवॉर को फूल बंगला झांकी सजाई जाती है, इसी क्रम में इस वर्ष भी श्री बालाजी जनकल्याण सेवा ट्रस्ट व मंदिर परिकर द्वारा उत्सव के रूप में मनाया गया। सुन्दरकाण्ड जिसमे हनुमान जी की वीरता, भक्ति और बुद्धिमत्ता का अद्भुत वर्णन है। इसके पाठ करने से संकट निवारण, मनोबल वृद्धि और शांति प्राप्त होती है।

## सुलभ शौचालय बना 'दुश्वार शौचालय', आमजन हो रहे परेशान



बढ़ता राजस्थान

**कोटपुतली( बिल्लूराम सैनी )।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के बर्डोद कस्बे में आमजन की सुविधा के लिए बनाए गए सुलभ शौचालय की हालत दयनीय हो चुकी है। लाखों रुपये की लागत से बस स्टैंड के पास राजकीय आर.आर. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) परिसर में बना यह शौचालय लंबे समय से बंद पड़ा है और धूल फांक रहा है। नतीजतन, लोगों को सुविधा की जगह असुविधा झेलनी पड़ रही है।16 जुलाई 2016 को लोकार्पित हुआ यह शौचालय कुछ ही समय बाद बंद हो गया। कस्बा घनी आबादी वाला होने के कारण बस अड्डे पर यात्रियों की भारी आवाजाही रहती है। ऐसे में बंद पड़ी सुविधा के कारण यात्रियों और स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं को उठानी पड़ रही है, जिन्हें मजबूरी में खुले में या दीवारों की आड़ लेकर काम चलाना पड़ता है।स्थानीय लोगों ने कई बार संबंधित अधिकारियों से शौचालय को शुरू करवाने की मांग की है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। अधिकारी जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डालकर पल्ला झाड़ रहे हैं।

### क्या बोले जिम्मेदार?

डॉ. सुरेन्द्र आर्य, सीएचसी चिकित्सा अधिकारी, बर्डोद ने बताया, 卐हमने शौचालय संचालन के लिए निविदा निकाली थी, लेकिन कोई एजेंसी लेने को तैयार नहीं हुई।

वहीं राहुल अग्रवाल, कार्यकारी अधिकारी, नगर पालिका बर्डोद ने कहा, 卐शौचालय अस्पताल की संपत्ति है, समाधान भी वही करें।

### जनता की मांग

कस्बेवासियों ने अब उच्च अधिकारियों से सुलभ शौचालय को जल्द से जल्द चालू कराने की मांग की है ताकि उन्हें बुनियादी सुविधा का लाभ मिल सकेगा।

## लिफ्ट देकर महिला को बाइक सवार दो बदमाशों ने लूटा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर(का.स.)।आमेर थाना इलाके में लिफ्ट देकर बाइक सवार दो बदमाशों ने एक महिला को लूट लिया। पुलिस के अनुसार पन्ना मीणा कुंड निवासी कमला मीणा ने मामला दर्ज करवाया कि वह बाजार से घर लौट रही थी इसी दौरान उसने तेज गर्मी के चलते बाइक सवारों से लिफ्ट मांगी। बाइक सवार बदमाशों ने उसे लिफ्ट दी और उसे जैन मंदिर सागर के पास सुनसान स्थान पर ले गए और उसके गले से सोने का लॉकेट छीनकर ले गए। घटना 20 मई की शाम करीब साढ़े चार बजे की है। इस पर पीडिता घर पर पहुंची और परिजनों को आपबीती बताई। परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और मामला दर्ज करवाया।

## सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया ने लॉन्च किया देशभर में चलने वाला एचपीवी-कैंसर जन जागरूकता अभियान

### जयपुर में चिकित्सा विशेषज्ञों ने इस अभियान की आवाज को मजबूती देते हुए एचपीवी से जुड़े कैंसर से बचाव के लिए बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर( का.स. )।** सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया के देशव्यापी जन स्वास्थ्य अभियान के तहत बुधवार को जयपुर में 'कॉन्कर एचपीवी एंड कैंसर कॉन्क्लेव 2025' लॉन्च किया गया। इस अभियान का लक्ष्य ह्यूमन पेपिलोमावायरस (एचपीवी)के प्रति और यह वाइरस किस तरह सर्वाइकल और अन्य तरह के कैंसर का कारण बनता है उसे लेकर जागरूकता पैदा करना है। इस अभियान का मकसद लोगों में यह जागरूकता लाना है कि जल्दी इलाज के लिए कदम उठाकर इसे कैसे रोका जा सकता है।

भारत भी एचपीवी से संबंधित बीमारियों का बोझ सह रहा है और खास तौर पर सर्वाइकल कैंसर से प्रभावित आबादी की संख्या खासी है। देश में कैंसर से होने वाली महिलाओं की मौतों का यह दूसरा सबसे कारण है। आईसीओ/आईएआरसी इनफार्मेशन सेंटर ऑन एचपीवी एंड कैंसर के मुताबिक भारत में हर साल 1.23 लाख से ज़्यादा सर्वाइकल कैंसर के मामले सामने आते हैं और इनमें 77,000 मौतें होती हैं।इसके अलावा गुदा कैंसर के 90त्न मामले और लिंग कैंसर के 63त्न मामले एचपीवीसे जुड़े होते हैं। कॉन्क्लेव की यह श्रृंखला सभी चिकित्सकीय विशेषज्ञों, स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वाले पेशेवरों और स्थानीय स्तर पर काम करने वाली सोसाइटी को एक मंच प्रदान करती है कि वे आपस में बातचीत और जानकारी को साझा करके इस खतरनाक चुनौती से निपटने के लिए एकजुट हों।

जयपुर के आयोजन में, एचपीवी के मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव पर विस्तार से चर्चा हुई। इस पैनल में अपोलो मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल के कंसलटेंट बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अपूर्वा टाक - एमसीएच, डॉ.एनबी (गायनेकोलॉजिकल ऑन्कोलॉजी), एमएनएएमएस, एडिशनल कंसल्टेंट - सर्जिकल (गायनेकोलॉजी) ऑन्कोलॉजी, भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, डॉ. आशीष अग्रवाल - सीनियर कंसल्टेंट, नियोक्लिनिक चिल्ड्रन सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, डॉ. मोहित वोहरा - डायरेक्टर- सशक्त चाइल्ड केयर, गैस्ट्रो एंड लिवर सेंटर और सचिव - जयपुर आईएपी के साथ डॉ. अंशु पटोदिया - सीनियर कंसल्टेंट, मीरा हॉस्पिटल; जनरल सेक्रेटरी-आईएससीसीपी, राजस्थान स्टेट ब्रांच और डॉ. वीना आचार्य - सीनियर कंसल्टेंट और हेड, ऑब्सट एंड गायनेक प्रिवेंटिव ऑन्कोलॉजिस्ट, राजस्थान हॉस्पिटल, और गवर्निंग काउंसिल आईसीएमसीएच, नएआरसीएचआई, इंडिया की चेयरपर्सन। सत्र का संचालन इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ के बाल रोग विभाग के प्रोफेसर डॉ. जयदीप चौधरी ने किया। सभी ने इस वाइरस को लेकर तुरंत जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता, किशोरों और माता-पिता दोनों तक पहुंचने के महत्व और इससे बचाव में स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की भूमिका पर प्रकाश डाला।

सभी वक्ताओं ने इस बात परभीजोर दिया कि एचपीवी सिर्फ सर्वाइकल कैंसर तक ही सीमित नहीं है। यह वल्वा, वैजाइना, ऐनस (गुदा), लिंग और ओरोफेरिंक्स (मुख-ग्रसनी) के कैंसर से भी जुड़ा है, जो पुरुषों और महिलाओं दोनों को प्रभावित करता है। 15 से 25 वर्ष की आयु के बीच एचपीवी संक्रमण की आशंका सबसे ज़्यादा होने के कारण, प्रारंभिक जागरूकता और समय पर इसे रोकने के लिए कदम उठाए जाना जरूरी हैं।

## उपखण्ड अधिकारी ने ली अधिकारियों की बैठक



बढ़ता राजस्थान

**कोटपुतली( बिल्लूराम सैनी )।** गत दिनों स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार टेलीकॉम कंपनी द्वारा बिना अनुमति खोदी सड़क, शहर की बिजली व पानी व्यवस्था को लेकर बुधवार को उपखण्ड अधिकारी बृजेश कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सहायक अभियंता, जेवीवीएनएल, सहायक अभियंता, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, प्रोग्रामर, व सावित्री टेलीकॉम (कैमरा कंपनी) के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन कर चर्चा की गई।बैठक में सावित्री टेलीकॉम कंपनी को पाबंद किया गया कि भविष्य में शहरी क्षेत्र में कार्य शुरू करने से पहले नियमानुसार कार्य स्वीकृति लें जिससे शहर में अनावश्यक पानी की व्यवस्था, बिजली व्यवस्था व आमजन को असुविधा ना हो। साथ ही कंपनी को पाबंद किया गया कि कार्यरत साईट्स व आगामी साईट्स की लिस्ट भी संबंधित विभागों के साथ साझा करें और आपसी समन्वय कर ही कार्य की शुरुआत की जाए।बैठक में थाना क्षेत्र कोटपूतली के पीछे के क्षेत्र में पानी लिकेज समस्या को भी तुरंत मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश भी संबंधित कंपनी व जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को दिये गए। साथ ही शहर में बिजली व पानी व्यवस्था की निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी संबंधित विभाग को दिए गए ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

## नगर परिषद के आयुक्त धर्मपाल चौधरी को हटाया

बढ़ता राजस्थान

**कोटपुतली।** कोटपूतली। सरकारी कार्यों में लापरवाही बरतने पर कोटपूतली से हटाया धर्मपाल चौधरी को कोटपूतली से लगाया मुख्यालय,लंबे समय से धर्मपाल चौधरी की मिल रही थी शिकायतें,जिला स्तरीय समीक्षा बैठक व अन्य कार्यक्रमों में रहते थे अनुपस्थित,विकास कार्यों और सफाई व्यवस्था रुचि नहीं लेने के अलावा आमजन से दुर्व्यवहार की थी शिकायत,स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक व सचिव इंद्रजीत सिंह ने जारी किए आदेश,आगामी आदेश तक बहरोड़ नगर परिषद के आयुक्त नूर मोहम्मद को अतिरिक्त चार्ज दिया ।

## ठेका कर्मचारियों को नियमित करने की योजना पर अड़ंगा, विभागों ने दी 'शून्य' जानकारी आंदोलन की चेतावनी

### गजेंद्र सिंह राठौर ने सरकार को चेताया संवेदनहीन अफसरों पर हो कार्रवाई, नहीं तो होगा घेराव

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर( का.स. )।** राजस्थान सरकार द्वारा बजट 2025-26 में ठेका प्रथा समाप्त करने की घोषणा के बाद अब इसे लागू करने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार ने सभी विभागों को निर्देश जारी कर ठेका या प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी मांगी है, ताकि उन्हें नियमित नियुक्ति दी जा सके। लेकिन अधिकांश विभागों ने इस पर %शून्य% कर्मचारी की सूचना भेजकर प्रक्रिया को बाधित कर दिया है। इस मामले को लेकर अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौर के नेतृत्व में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, बिजली और चिकित्सा जैसे प्रमुख विभागों के अधिकारियों से मुलाकात की गई। राठौर ने बताया कि विभागों ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि 卐हमने सेवाएं ठेकेदार को दे रखी हैं, कर्मचारी तो हमारे अधीन ही नहीं हैं।卐 राठौर ने इस रवैये को कर्मचारियों के प्रति असंवेदनशीलता और नकारात्मक सोच बताया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ऐसे विभागाध्यक्षों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, तो ठेका कर्मचारी आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। साथ ही यह भी कहा कि संबंधित विभागों के कार्यालयों का घेराव कर कार्य बाधित किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह राज्य सरकार और संबंधित विभागों की होगी। उन्होंने सवाल उठाया कि जब विभाग ठेका कर्मचारियों को 卐कर्मचारी卐 मानने से ही इनकार कर रहे हैं, तो उन्हें नियमित कैसे किया जाएगा? एक तरफ सरकार 卐मेन पावर卐 के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपये का बजट दे रही है, और दूसरी तरफ विभाग यह कहकर पल्ला झाड़ रहे हैं कि उनके पास कोई ठेका कर्मचारी नहीं है। यह सरकार की मंशा और कर्मचारियों के हितों के साथ सीधा धोखा है। राठौर के साथ जिला स्तर पर चिकित्सा विभाग से नाथू सिंह गुर्जर, जल विभाग से शैलेंद्र शर्मा, विद्युत विभाग से प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र जाखड़, हितेश सेन सहित कई कर्मचारी प्रतिनिधि मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के साथ हुई वार्ताओं की हकीकत सरकार के सामने लाकर जल्द ही निर्णायक रणनीति बनाई जाएगी।

## परम पूज्य गुरुदेव श्री रामजी बाबा कोकिल जी महाराज के देवलोकगमन पर शोक सभा का आयोजन किया





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** परम पूज्य, प्रातः वन्दनीय, संत शिरोमणि श्री श्री 1008 श्री रामजी बाबा कोकिल जी महाराज दिनांक 19 मई 2025 को गोलोक धाम सिधार गए हैं।

यद्यपि हृदय की अनन्त गहराइयों तक वेदना हो रही है, लेकिन इस परम् सत्य को स्वीकार करना ही नियति का विधान है।

इसी क्रम में बुधवार दिनांक 21 मई 2025 को सायं 06.00 बजे मोती नगर, कटेवा नगर, जयपुर स्थित परमार्थ भवन पर गुरुदेव की दिव्यात्मा की शान्ति हेतु शोक सभा का आयोजन किया। जिसमें गुरुदेव के अन्य शिष्यों द्वारा भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

उपरोक्त अवसर पर परमार्थ एवं आध्यात्मिक समिति के सभी सदस्यों एवं अन्य शिष्यों की उपस्थिति में मुख्य संरक्षक के आर अग्रवाल एवं अध्यक्ष श्री श्याम विजय द्वारा गुरुदेव की बहु आयामी चरित्र एवं असीम अनुकंपा का सजीव चित्रण किया गया।जैसा कि मीडिया प्रभारी बनवारी लाल विजय ने बताया।

## महात्मा ज्योतिबा फूले छात्रावास के छात्रों ने मेन चौराहे पर लगाई पयाऊ, राहगीरों को पिलाया शरबत

बढ़ता राजस्थान

**कोटपुतली( बिल्लूराम सैनी )।** भीषण गर्मी में राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए महात्मा ज्योतिबा फूले छात्रावास के छात्रों ने सराहनीय पहल करते हुए कोटपूतली मेन चौराहे पर एक पयाऊ की स्थापना की। इस जनसेवा कार्य में छात्रों ने राहगीरों को ठंडा जल ही नहीं, बल्कि शरबत भी पिलाया, जिससे राहगीरों को गर्मी में राहत मिली।इस सेवा कार्य में शेरसिंह सैनी, हंसराज सैनी, संदीप, मनीष, केदार, दीपक, प्रकाश, सुनील, रमन, आशीष, अमित सैनी सहित अन्य छात्र मौजूद रहे।छात्रों ने बताया कि गर्मी के मौसम में प्यासे राहगीरों के लिए यह छोटा सा प्रयास उन्हें राहत पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने समाज के अन्य युवाओं से भी ऐसे सेवा कार्यों में भाग लेने की अपील की।स्थानीय लोगों ने इस पहल की भूरी-भूरी प्रशंसा की और छात्रों के सेवा भाव को प्रेरणादायक बताया।



## सम्पादकीय

# ट्रंप के दोहरे लक्ष्य में फंसे शुल्क समझौते

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने पिछले सप्ताह ऐपल के मुख्य कार्याधिकारी टिम कुक को भारत के बजाय अमेरिका में ही आईफोन बनाने की हिदायत दी। यह ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' यानी अमेरिका को सबसे ऊपर रखने की मुहिम का ही हिस्सा है। कुक की कंपनी ऐपल अमेरिका में 500 अरब डॉलर निवेश करने की घोषणा पहले ही कर चुकी है मगर ट्रंप नाखुश दिखे। ऐपल ने 2024 में भारत में 4 करोड़ आईफोन तैयार किए, जिनकी कुल कीमत 22 अरब डॉलर थी। उनमें 3.20 करोड़ फोन (17.5 अरब डॉलर मूल्य) अमेरिका, यूरोप और पश्चिम एशिया को निर्यात किए गए। कंपनी का इरादा है कि अमेरिका को निर्यात होने वाले सभी फोन की असेंबलिंग 2026 तक भारत में ही होने लगे। इसके लिए वह देश में 8 करोड़ तक आईफोन तैयार करने लगेगी। यह ऐपल के लिए भी वरदान होगा और विनिर्माण का अड्डा बनने की कोशिश कर रहे भारत के लिए भी। मगर ट्रंप की फरमाइश मामला बिगाड़ सकती है। ट्रंप की फरमाइश याद दिलाती है कि शुल्कों पर उनकी धमकी व्यापार घाटा कम करने के लिए ही नहीं है। उनका असली मकसद विनिर्माण को वापस अमेरिका में लाना है। व्यापार घाटा कम करने और अमेरिकी उद्योग में नई जान फूंकने का उनकी दोहरी मंशा ऐपल जैसी कंपनियों की दीर्घकालीन नीतियों के आड़े आ सकती है, जो विनिर्माण को चीन से हटाकर भारत पहुंचा रही हैं। साथ ही विनिर्माण पर दांव खेलने वाले देशों के साथ भी ये नीतियां टकरा सकती हैं। मगर विनिर्माण गतिविधियां वापस लाना व्यापार वार्ता से ज्यादा पेचीदा मसला है। ऐपल को सार्वजनिक रूप से निशाना बनाना ट्रंप की इस सोच का पहला उदाहरण है। अब जर्मनी, दक्षिण कोरिया और जापान जैसे विनिर्मामांग आ सकती है। व्यापार वार्ता ज्यादा आगे नहीं बढ़ी है और यह मांग उससे भी बदतर होगी। अब तक हुए व्यापार सौदे ट्रंप ने व्यापार अधिशेष के हिसाब से शुल्क दर तय करने से लेकर ऐसे द्वीपों पर भी भारी शुल्क लगाने का ऐलान कर दिया, जहां मनुष्य नहीं केवल पेंगुइन रहते हैं। ऐसी बेतुकी और परेशान करने वाली घोषणाओं ने आपूर्ति श्रृंखलाओं, व्यापार संबंधों और कारोबार के अर्थशास्त्र को हिला दिया है। ट्रंप ने तमाम देशों को अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता के लिए 90 दिन दिए, जिसके बाद उनके दिमाग में चल रही खुराफात को समझने के लिए माथापच्ची शुरू हो गई। दुनिया भर के देश यह समझने में जुट गए कि उन्हें किस बात की सजा मिल रही है और 90 दिन में अमेरिका के साथ बातचीत कैसे की जाए। कई विशेषज्ञों को लगा कि लंबे समय से व्यापार साझेदार रहे जापान, जर्मनी और दक्षिण कोरिया जैसे बड़े देशों के साथ बड़े समझौते कर ट्रंप चीन को वैश्विक व्यापार श्रृंखलाओं से बाहर करना चाहते हैं। मगर यह सोच गलत निकली। एक महीने बाद केवल दो समझौते हो पाए हैं जिनमें एक 295 अरब डॉलर व्यापार अधिशेष वाले दुश्मन देश चीन और दूसरा केवल 12 अरब डॉलर अधिशेष वाले ब्रिटेन के साथ है। यूरोपीय संघ के साथ व्यापार सौदा अत्यंत जटिल होगा और अभी उसकी कोई उम्मीद नहीं दिख रही। ट्रंप ने यूरोपीय संघ को चीन से ज्यादा धोखेबाज कह दिया है। जापान उनके साथ टकराने की सोच रहा है। चीन से अमेरिका को अधिकतर निर्यात वियतनाम के रास्ते आता है और उस देश के साथ अमेरिका का समझौता होता नहीं दिखता। कनाडा और मेक्सिको के साथ समझौते भी लटके हुए हैं। माना यही जा रहा है कि ट्रंप के तीखे तेवरों से कुछ व्यापार वार्ताएं हो जाएंगी मगर 90 दिन की मियाद नहीं चलेगी और 90 देशों के साथ 90 समझौते तब तक नहीं हो पाएंगे। इसके बाद ट्रंप एक बार फिर शुरू हो जाएंगे, जिससे आर्थिक अनिश्चितत उत्पन्न होगी। मगर ऐपल का उदाहरण बता रहा है कि उत्पादन वापस अमेरिका ले जाना विवाद का बड़ा मसला होगा। ट्रंप केवल व्यापार खाता सही करने की कोशिश में नहीं हैं।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 22 मई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- ऑस्ट्रिया और सीरिया से यहूदियों को 1420 में निकाला गया।
- गवर्नर जनरल लॉर्ड वेलेजली ने एक आदेश के तहत दिल्ली के मुग़ल बादशाह के लिए एक स्थायी प्रावधान की व्यवस्था की।
- स्कॉटिश लेखक और भौतिकशास्त्री सर ऑर्थर कोनन डॉयल का जन्म 1859 में आज के दिन हुआ था।
- प्रथम विश्व युद्ध के दौरान इटली ने 1915 में आस्ट्रिया, हंगरी तथा जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- ट्रूमन दस्तावेज पर हस्ताक्षर किया गया जिसमें अमेरिका ने शित युद्ध में तुर्की और युनान की सहायता के लिए 400 मिलियन डालर का प्रावधान 1947 में किया गया था।
- पश्चिम जर्मनी संविधान को अंगीकार करने के बाद औपचारिक रूप से अस्तित्व में 1949 को आया।
- साल 1971 में आज ही के दिन अमरीकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन एक सप्ताह की यात्रा पर सोवियत संघ की राजधानी मॉस्को 1971 में पहुंचे।
- पाकिस्तान द्वारा राष्ट्रमंडल की सदस्यता से 1972 में त्यागपत्र।
- बेनिन ने संविधान को अंगीकार 1977 में किया।
- बछेन्द्री पाल 1984 में दुनिया की सबसे ऊंची चोटी एवरेस्ट को फतह करने वाली पहली भारतीय महिला बनी।
- उत्तरी एवं दक्षिणी यमन के विलय के साथ संयुक्त यमन गणराज्य का 1990 में अभ्युदय।
- बोस्निया, स्लोवेनिया तथा क्रोएशिया सं.रा. संघ के सदस्य 1992 में बने।
- माइकल कैमडेसस 1996 में तीसरी बार अगले पांच वर्षों तक के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का प्रबंध निदेशक चुने गये।
- दलाई लामा ने 2001 में तिब्बत की आज़ादी की मांग छोड़ी।
- नेपाल में 2002 को संसद भंग।
- अल्जीरिया में 2003 को आये विनाशकारी भूकम्प में हजारों से भी अधिक लोग मारे गये।
- गणितज्ञ श्रीनिवास वर्धन को 2007 में नार्वे का अबेल पुरस्कार प्रदान किया गया।
- भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति रोह मू ह्यून ने 2009 में अपने घर के नजदीक पहाडियों से छलांग लगाकर आत्महत्या की।
- मध्य इराक के खालेस शहर के बाजार में 2010 को हुए कार बम धमाके में 23 लोग मारे गए और 55 अन्य घायल हो गए।

### 22 मई को जन्मे व्यक्ति

- धार्मिक और सामाजिक विकास के क्षेत्र में सबसे अग्रणी राजा राममोहन राय का जन्म 1774 में हुआ।
- अमेरिकी टेलीविजन निर्माता क्वीन मार्टिन का जन्म 1922 में हुआ।
- हिंदी और रूसी साहित्य के आधुनिक सेतु निर्माताओं में से एक मदन लाल मधु का जन्म 1925 में हुआ।
- महबूबा मुफ़्ती जम्मू और कश्मीर की मुख्यमंत्री का जन्म 1959 में हुआ।

विशेष आलेख

# जासूसी होती रही, सिस्टम सोता रहा : सुरक्षा की चादर में छेद

**हरियाणा के कई जिलों में संदिग्ध व्यक्तियों ने पाकिस्तान जाकर महीनों बिताए, सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा कीं, फिर भी भारतीय खुफिया एजेंसियों को भनक तक नहीं लगी। ज्योति और तारिफ जैसे लोग फर्जी पहचान से पासपोर्ट बनवाकर सीमा पार पहुंचे, पाकिस्तानी अधिकारियों से मिले, और बेधड़क लौट आए। यह मामला न सिर्फ इंटेलिजेंस विफलता को उजागर करता है, बल्कि हमारे साइबर निगरानी तंत्र और पासपोर्ट वेरिफिकेशन की कमजोरी को भी सामने लाता है। जब सोशल मीडिया पर जासूसी खुलेआम हो रही हो, तब खामोश एजेंसियाँ देश की सुरक्षा को संकट में डाल रही हैं।**



प्रियंका सौरभ

आज जब भारत चद्रयान-3 की सफलताओं, डिजिटल इंडिया की उड़ानों और वैश्विक मंच पर आत्मविश्वास के साथ खड़ा है, तब एक छोटी सी खबर राष्ट्रीय सुरक्षा की नींव हिला देने वाली बन जाती है। अमर उजाला की रिपोर्ट के अनुसार, हरियाणा के अलग-अलग जिलों में संदिग्ध जासूसी गतिविधियाँ होती रहीं, संदिग्ध व्यक्ति पाकिस्तान भी गए, महीनों तक वहां रहे, सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा कीं—पर खुफिया एजेंसियों को भनक तक नहीं लगी। अगर यह खतरनाक लापरवाही नहीं तो और क्या है?

**जासूसी की कहानी या एजेंसियों की नींद :** चंडीगढ़, अंबाला, हिसार, यमुनानगर और पंचकूला जैसे संवेदनशील जिलों में संदिग्ध लोगों की गतिविधियाँ चलती रहीं। ज्योति और तारिफ जैसे व्यक्तियों के पास तीन-तीन नाम थे, वे पाकिस्तान गए, सोशल मीडिया पर तस्वीरें डालते रहे, वहां के अधिकारियों से मिले, लेकिन भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की नींद नहीं टूटी। यह सिर्फ एक केस नहीं, यह उस सिस्टम पर सवाल है जो कागज़ों में तो मजबूत दिखता है लेकिन जमीनी हकीकत में खामोश रहता है। क्या यह माना जाए कि आज सोशल मीडिया के दौर में भी हमारी एजेंसियाँ उन गतिविधियों को पकड़ नहीं पातीं जो खुल्लमखुल्ला हो रही हैं? क्या सिर्फ पासपोर्ट वीज़ा की जांच पर्याप्त है? और अगर ये लोग सीमा पार गए, पाकिस्तान में पार्टी की, अधिकारियों से मिले और फिर बेधड़क लौट आए, तो यह घटना इंटेलिजेंस की असफलता नहीं तो क्या है?

**सोशल मीडिया बनाम सुरक्षा :** आज ज्योति जैसी महिला पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद से लेकर मुर्री हिल स्टेशन तक की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रही। उसके पोस्ट पर पाकिस्तानी हैंडल से तारीफें आती रहीं। क्या किसी खुफिया एजेंसी ने एक बार भी उसका साइबर प्रोफाइल देखा? क्या अब सोशल मीडिया खुफिया जानकारी का स्रोत नहीं रहा? जिस युग में हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिग डेटा और द्बड्ढष्द्बड्ढद्य ह्द्गह्रश्वद्गठ्ठद्धद्गह्लद्बश्ठ्ठ की बात करते हैं, उसी युग में एक संदिग्ध महीनों तक पाकिस्तान में रहकर तस्वीरें डालती है और एजेंसियों को पता नहीं चलता, तो यह उस साइबर सुरक्षा के दावों की पोल खोल देता है।

**जासूसी की परंपरा और वर्तमान खतरे :** जासूसी कोई नई चीज नहीं है। यह तो हमेशा से राष्ट्रों के बीच %छाया युद्ध% का हिस्सा रही है। लेकिन आज जब टेक्नोलॉजी इतनी उन्नत हो चुकी है कि एक मोबाइल लोकेशन से भी सारा इतिहास खोजा जा सकता है, तब किसी संदिग्ध का पाकिस्तान जाना, वहां रुकना, अधिकारियों से मिलना और फिर भारत लौट आना—यह दर्शाता है कि हमारी आंतरिक निगरानी प्रणाली में गंभीर खामियाँ हैं। पाकिस्तान जैसे देश के संदर्भ में, जहाँ से आतंकवाद और खुफिया नेटवर्क चलाए जाते हैं, वहाँ किसी भी भारतीय नागरिक की उपस्थिति तत्काल संदेह का विषय होनी चाहिए। यदि ज्योति, तारिफ और उनके जैसे लोग बिना निगरानी के वहां रहे और लौटे, तो यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरे की घंटी है।

**एजेंसियों का भरोसा या बहाना?**

रिपोर्ट कहती है कि इंटेलिजेंस फेल्योर नहीं, सबका आनेजाने की आज़ादी है। लेकिन यह तर्क उस समय खोखला लगता है जब वही आज़ादी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन जाए। हां, भारत एक लोकतांत्रिक देश है, जहां नागरिकों को व्यक्तिगत स्वतंत्रता है, लेकिन जब यह स्वतंत्रता देशद्रोही ताकतों के हाथों में हथियार बन जाए, तब सिस्टम को आंखें मूंदकर सोना नहीं चाहिए। ये वही सिस्टम है जो आम नागरिक को छोटी सी गलती पर देशद्रोह के तहत जेल में डाल देता है, लेकिन वहीं कोई महीनों तक पाकिस्तान जाकर लौट आए तो उसे पकड़ना मुश्किल है जैसे बयान दिए जाते हैं। क्या यह दोहरा मापदंड नहीं?

**स्थानीय एजेंसियों की भूमिका :** हरियाणा जैसे राज्य में, जहां सेना में भर्ती के लिए लाखों युवा लाइन में खड़े रहते हैं, वहीं अगर वहीं की जमीन पर जासूसी के लिए संदिग्ध घूमते रहें, तो स्थानीय पुलिस और खुफिया तंत्र की क्या भूमिका रही? क्या थानों को सूचनाएं नहीं मिलीं? क्या पासपोर्ट की वेरिफिकेशन प्रक्रिया में कोई लापरवाही नहीं हुई? गौरतलब है कि ये संदिग्ध दिल्ली, काशी, असम और हरियाणा के विभिन्न हिस्सों में ठहरे। रिपोर्ट में उल्लेख है कि ज्योति ने वाराणसी में 12 काशी बनाए थे यानी फर्जी पहचान पत्रों और दस्तावेज़ों की पूरी श्रृंखला।

**राजनीतिक चुप्पी और मीडिया की मौनता :** जब भी किसी एक्टर या क्रिकेटर की निजी ज़िंदगी पर कोई खबर आती है, तो मीडिया दिनरात उसी पर बहस करता है। लेकिन जब मामला देश की सुरक्षा से जुड़ा हो, तब वही मीडिया प्रेस रिलीज़- के भरोसे रहता है। न कोई डिबेट, न कोई रिपोर्टिंग, न कोई संसदीय प्रश्न। राजनीतिक दलों की बात करें तो सत्ता और विपक्ष दोनों इस पर खामोश हैं। ना गृहमंत्री कोई बयान देते हैं, ना संसद में कोई चर्चा होती है। क्या यह चुप्पी इस बात का संकेत नहीं कि या तो उन्हें खुद समझ नहीं, या वे अपनी एजेंसियों की नाकामी छिपा रहे हैं?

**समाधान की दिशा में क्या करें?**

1. साइबर इंटेलिजेंस को मजबूत करें – सोशल मीडिया पर साझा की गई गतिविधियों पर निगरानी के लिए समर्पित टीमें बनाई जाएं।
2. आंतरिक निगरानी तंत्र का विकेंद्रीकरण – हर जिले में स्थानीय इंटेलिजेंस टीम हो जो संदिग्धों की पहचान और ट्रैकिंग करे।

# बुजुर्गों की खामोशी एक सवाल है क्या हमने सचमुच तरक्की की है?



प्रो. आरके जैन

**जहाँ बुजुर्गों का आशीर्वाद सिर पर होता है, वहाँ दरिद्रता भी दरवाज़ा खटखटाने से डरती है। जहाँ उनकी मुस्कान गूंजती है, वहाँ सुख-शांति स्वतः वास करती है - यह पंक्तियाँ कोई कोरी कल्पना नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति की सांसें हैं। बुजुर्ग - जो कभी घर की धुरी थे, आज उसी घर में मौन दर्शक बनकर रह गए हैं। कभी जिनकी कहानियाँ बच्चों के दिलों में संस्कार बोती थीं, आज वे मोबाइल की चमक और डिजिटल शोर में खो गई हैं।**

वह सजीव अनुभवों की पाठशाला, जो जीवन की असली शिक्षा देती थी, अब कोनों में चुपचाप बैठी है – अनदेखी, अनसुनी और उपेक्षित। हमारी नींव आज उपेक्षा की शिकार हो रही है। बुजुर्गों को सम्मान देना हमारी परंपरा थी, अब वह केवल भूली हुई रस्म बनकर रह गई है। और जब कोई समाज अपनी जड़ों से कटता है, तो वह केवल भौतिक रूप से नहीं, आत्मिक रूप से भी दरिद्र हो जाता है। भारतीय संस्कृति में बुजुर्गों का स्थान सदैव आदर और श्रद्धा के शिखर पर रहा है। हमारे शास्त्रों में उन्हें देवतुल्य माना गया है—जिनके चरणों में स्वर्ग की अनुभूति होती है। कभी वो समय था जब हर दिन की शुरुआत बड़ों के चरण स्पर्श और उनके आशीर्वाद से होती थी। दादी-नानी की कहानियाँ केवल मनोरंजन नहीं थीं, बल्कि जीवन मूल्यों की पाठशाला थीं। दादाजी की कठोर लगने वाली डाँट में वह अनुशासन छिपा होता था, जो जीवन को दिशा देता था। ये परंपराएँ एक मजबूत सामाजिक ताने-बाने की नींव थीं, जो पीढ़ियों को जोड़ती थीं और संस्कारों की धरोहर सौंपती थीं। बुजुर्ग केवल वृद्ध नहीं, अनुभव और ज्ञान की जीती-जागती किताबें हैं। उनकी झुर्रियाँ जीवन की कठिन राहों की गवाही देती हैं, और उनकी आँखों में वह ममता बसती है, जो किसी स्वार्थ से परे होती है। उन्होंने समय के थपेड़े झेले हैं—युद्धों की त्रासदी, आर्थिक संकट, सामाजिक परिवर्तन—सब कुछ देखा है, जिया है। उनके अनुभव वह खज़ाना हैं, जिन्हें न कोई किताब सहेज सकती है, न ही कोई सर्च इंजन समझा सकता है। फिर भी, आज हम उन्हें पुराने ख्यालों वाला कहकर किनारे कर देते हैं। यह आधुनिकता है या हमारे संवेदनशील हृदय का क्षरण? यह प्रश्न हमें अपने भीतर झाँकने को मजबूर करता है। यह तकनीक का युग है—हमने चाँद को छुआ, मंगल पर परचम लहराया, पर अफ़सोस, अपने ही घर के बुजुर्गों तक पहुँचने का समय नहीं निकाल पाए। स्मार्टफोन ने हमें विश्व से जोड़ दिया, पर अपनों से दूर कर दिया। अब दादा-दादी के साथ बैठकर चाय पीने और उनकी अनुभवभरी कहानियाँ सुनने का सुख पीछे छूट गया है—उसकी जगह ले ली है अंतहीन स्क्रीन स्क्रॉलिंग और नोटिफिकेशन की दौड़ ने। बुजुर्गों की बातें अब %पुरानी% और %उबाऊ% कही जाती हैं। जिन चेहरों ने कभी हमारे आँसू पोछे, वही चेहरे अब खिड़की के पास अकेले बैठे वक्त काटते हैं। उनकी आँखों में इंतज़ार है—एक मुस्कान का, एक बात का, एक साथ का। पर हम व्यस्त हैं—करियर में, मीटिंग्स में, और समय न होने के बहाने में। यह केवल तकनीकी परिवर्तन नहीं है, यह एक भावनात्मक दरार है। वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या यह बताने को काफी है कि हमने अपने मूल्यों को तकनीक के नीचे दबा दिया है। कभी जिन माता-पिता ने हमें हर दुख से बचाया, आज वही लोग अकेलेपन से लड़ रहे हैं। यह केवल बुजुर्गों की उपेक्षा नहीं, यह हमारी संवेदनाओं की पराजय है। सवाल यह है—क्या हम आने वाली पीढ़ी को यही सिखा रहे हैं? अगर आज हम अपने बुजुर्गों को सम्मान देना भूल रहे हैं, तो कल जब हमारी बारी आएगी, तब हमें क्या मिलेगा?

## जीत के साये में उपजे सवाल

'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद सीमावर्ती इलाकों में अमन की वापसी हो चुकी है। यही वह वक्त है, जब हमें जीत के जोश और जज्बे के पीछे दुबकी परछाइयों पर ध्यान देना होगा। इनके सीने में गौरतलब सवाल कसमसा रहे हैं। भारतीय इतिहास के हाशियों में दर्ज पुरागाथाएं गवाह हैं कि उनकी शताब्दियों तक अनदेखी की गई। ईसा पूर्व 326 से 1962 तक विदेशी आक्रमणकारी इसीलिए हमारे जान-माल की कीमत पर जीत का जश्न मनाते रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रीति-नीति के आलोक में हमें अब पराक्रम और सामरिक सफलता के फर्क को सदा-सर्वदा के लिए मिटाने की कोशिशें शुरू कर देनी चाहिए। मैं ऐसा क्यों कह रहा हूं? याद करें। वर्ष 1971 में हमने पाकिस्तान को दो हिस्सों में बांटने में सफलता अर्जित की। इस महाविजय के 28 साल बाद भारत ने नया कीर्तिमान रचा। इस बार कारगिल की प्राणलेवा ऊंचाइयों पर पाक फौज को परास्त कर पर्वतीय युद्ध के नए कौशल ने दुनिया को अचरज में डाल दिया था। इसके बावजूद न दहशतगर्द रुके और न दहशत। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिये नए सिद्धांत का प्रतिपादन किया है। अब हर आतंकवादी हमला युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और हम कार्रवाई करते वक्त किसी परमाणु ब्लैकमेल से नहीं डरेंगे। भारत-पाकिस्तान के जन्मजात रिश्तों में यह अहम मुकाम है। यहां अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि जब ऑपरेशन सिंदूर के दौरान समूचा देश नरेंद्र मोदी के साथ खड़ा था, तब कुछ विघ्न संतोषी बाज नहीं आ रहे थे। अपनी बात समझाने के लिए एक पुराने अनुभव का हवाला देना चाहूंगा। वह ऑपरेशन सिंदूर का दूसरा दिन था। अपने प्रांतीय संपादकों से रोजमर्रा की कामकाजी चर्चा के दौरान मैंने उन्हें सलाह दी कि वे हर स्टेशन पर पता करें कि जिन ट्रेनों में हमारे फौजी सीमा की ओर कूच कर रहे हैं, उनके प्रति आम आदमी की भावना क्या है, मगर इसकी नौबत नहीं आई। साथियों का जवाब था कि अब अगर विशेष ट्रेनें चल भी रही हैं, तो उन्हें सिर्फ जरूरत पड़ने पर स्टेशन पर रोका जाता है। उस समय किसी सामान्य व्यक्ति का उस प्लेटफॉर्म पर प्रवेश वर्जित होता है। ऐसा सैनिकों की सुरक्षा और अभियान की गोपनीयता के लिए किया जा रहा है। मेरी स्मृतियों में 1965 और 1971 का जंगी माहौल समूचे रोमांच के साथ सरसब्ज हो उठा। उन दिनों मेरे माता-पिता मिर्जापुर या इलाहाबाद के स्टेशनों पर बड़ी मात्रा में भोजन और पानी लेकर पहुंचते। हम उसे कृतज्ञतापूर्वक जवानों को सौंप खुद को धन्य महसूस करते।

## 2025_020

बढ़ता राजस्थान

Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 2 | 4 | 8 | 7 | |
| 8 | 3 | | 1 | 5 | | 4 | 2 | 9 |
| 9 | | 4 | | 8 | | 5 | 1 | 6 |
| | | | | 1 | 8 | | | 7 |
| 7 | 9 | | | | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 1 | 8 | | | 7 | 9 | | 4 | 5 |
| 4 | | 8 | | 3 | 1 | | | |
| 5 | 1 | | | 6 | | 7 | 3 | 8 |
| 2 | | 3 | 8 | 9 | | | 5 | 4 |

Ans_2025_019

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 4 | 1 | 8 |
| 7 | 9 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 6 | 5 |
| 8 | 3 | 1 | 4 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 2 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 9 | 7 | 1 |
| 9 | 1 | 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 4 | 7 | 9 | 5 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 6 | 8 | 2 | 3 | 9 | 7 | 1 | 5 | 4 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

**वृष**

व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें।

**मिथुन**

मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क**

स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी।

**सिंह**

अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है।

**कन्या**

मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है।

**तुला**

सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक**

किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है।

**धनु**

आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

**मकर**

आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

**कुंभ**

आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा।

**मीन**

स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# एसीबी का एडिशनल एसपी था शराब का शौकीन, कहता था-पैसों की कोई सीमा नहीं है, भय बिना प्रीत नहीं होती

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** कहावत है कि पाप का घड़ा जो कि बूंद बूंद से भरा है, एक दिन अवश्य ही फूटता है कुछ इसी प्रकार का वाक्या सवाई माधोपुर में पदस्थापित रहे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के एडिशनल एसपी सुरेन्द्र शर्मा से जुड़ा है। सुरेंद्र शर्मा की गिरफ्तारी के बाद कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। एसीबी के पास मौजूद रिकॉर्डिंग से खुलासा हुआ है कि शर्मा अपनी 90 प्रतिशत अवैध डील दलालों के फोन से ही करता था। जनवरी में हुई इन डील की रिकॉर्डिंग एसीबी के पास मौजूद है, लेकिन पांच महीने तक कार्रवाई नहीं होने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। एसीबी सूत्रों के मुताबिक, 8 से 16 जनवरी के बीच की रिकॉर्डिंग में शर्मा को दलालों रामराज मीणा और प्रदीप उर्फ बंटी पारीक के मोबाइल से सवाई माधोपुर के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को धमकाते हुए सुना जा सकता है। एक मामले में तो उसने शौक पूरा करने के लिए एक शराब ठेकेदार से महंगी शराब की चार बोतलें तक मांग डाली।



सुरेंद्र कुमार शर्मा
एएसपी

रामराज मीणा
मुख्य दलाल

प्रदीप पारीक
दलाल

**जनवरी में मिले सबूत, मई में क्यों की गिरफ्तारी :** सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि एफआईआर के अनुसार एसीबी के पास 6 से 16 जनवरी 2025 तक की रिकॉर्डिंग मौजूद थी, जिसमें एडिशनल एसपी सुरेन्द्र शर्मा की भ्रष्ट गतिविधियों के सबूत थे। इसके बावजूद एफआईआर में सीधे 1 मई 2025 की एक रिकॉर्डिंग का उल्लेख किया गया है। जनवरी से मई के बीच के चार महीनों में क्या हुआ, इसका कोई विवरण एफआईआर में नहीं दिया गया है।

एसीबी ने सोमवार 19 मई को शर्मा और उनके दो दलालों रामराज मीणा व प्रदीप उर्फ बंटी पारीक को गिरफ्तार किया। एसीबी जनवरी में ही एडिशनल एसपी और उसके दलालों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर सकती थी। पांच महीने बाद शर्मा को जयपुर अटैच करने और फिर गिरफ्तार करने के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं है।

**6 मई को जयपुर मुख्यालय में लगाने से हुआ खुलासा :** एफआईआर के अनुसार एसीबी मुख्यालय में तैनात एएसआई सूरज बाली को सूचना मिली कि सवाई माधोपुर निवासी रामराज मीणा अवैध बजरी खनन को संरक्षण देने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों से सांठगांठ कर अधिकारियों को घूस पहुंचाई जा रही है। इसके बाद रामराज के मोबाइल को सर्विलांस पर लिया गया। इसमें खुलासा हुआ कि रामराज मीणा एसीबी सवाई माधोपुर चौकी के एएसपी सुरेन्द्र कुमार शर्मा के लिए अन्य विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई का भय दिखाकर घूस ले रहा है।

**जून 2024 में आई थी शिकायत :** एसीबी के एएसपी सुरेन्द्र शर्मा के खिलाफ जून 2024 में सवाई माधोपुर के बजरिया थाना मानटाउन के लोगों ने एक शिकायत दी थी। इसमें बताया गया कि शर्मा अपने दो दलालों रामराज मीणा और बंटी पारीक के माध्यम से विभिन्न विभागों के अधिकारियों को संदेश भिजवाता था कि साहब बहुत नाराज हो रहे हैं। अधिकारी किसी मामले में न उलझने के डर से मोटी मासिक रकम देने को मजबूर होते थे! इससे पहले 10 जून 2023 को उदेई मोड़ थाने में एक और चौंकाने वाली रपट दर्ज की गई थी। भरतपुर के सिनसिनी निवासी रमेश सिनसिनवार ने बताया कि थानाधिकारी के कार्यालय में एक फोन आया, जिसमें कहा गया कि एएसपी सुरेन्द्र कुमार शर्मा से बात हुई है और उन्होंने शाम तक एक लाख रुपए की मांग की है। फोन करने वाले ने धमकी दी कि अगर पैसे नहीं दिए तो थाना छोड़ना पड़ेगा, क्योंकि एडिशनल साहब बहुत नाराज हैं और वे थाने के किसी भी व्यक्ति को किसी भी मामले में फंसा सकते हैं।

## महात्मा गांधी इंग्लिश स्कूलों में अब हिंदी मीडियम से भी होगी पढ़ाई, विभाग ने लिया बढ़ा फैसला

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान के महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में सभी छात्रों के पास 2025-26 सत्र से अपनी शिक्षा का माध्यम चुनने का विकल्प होगा। राज्य शिक्षा विभाग ने तीन कैबिनेट उप-समिति समीक्षा बैठकों के बाद इस बात की घोषणा की है। यह कदम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मुताबिक माना जा रहा है। ऐसे में अब इंग्लिश मीडियम स्कूलों में भी छात्र हिंदी मीडियम से पढ़ाई कर सकेंगे। शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल ने एक बयान में कहा कि प्रदेश में नई शिक्षा नीति 2020 को लागू किया जा रहा है, ऐसे में सभी छात्रों को पढ़ाई का माध्यम चुनने का अवसर देना उचित होगा। उन्होंने कहा कि सत्र 2025-26 में भी इन स्कूलों को संचालन पहले जैसा ही रहेगा। दरअसल, पिछली सरकार ने सभी महात्मा गांधी सरकारी स्कूलों को इंग्लिश मीडियम में कनवर्ट कर दिया था, अब इसमें बदलाव किया जा रहा है।

## विप्र फाउंडेशन आज करेगा तिरंगा शौर्य यात्रा का स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/गंगापुर सिटी (राकेश शर्मा)।** जिले में गंगापुर सिटी में गुरुवार को निकलने वाली तिरंगा शौर्य यात्रा के अवसर पर विप्र फाउंडेशन गंगापुर सिटी की ओर से मुख्य बाजार में यात्रा का स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। विप्र फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष दिलीप तिवारी ने बताया कि इस ऐतिहासिक अवसर पर विप्र फाउंडेशन जॉन 1डी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. हेमंत शर्मा सहित प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी, जिला कार्यकारिणी के सदस्य, युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व सदस्यगण भी उपस्थित रहेंगे। डॉ. शर्मा ने कहा कि यह तिरंगा शौर्य यात्रा देशभक्ति, एकता और भारतीय सेना के अदम्य साहस को सम्मान देने का प्रतीक है। विप्र फाउंडेशन राष्ट्रहित के ऐसे आयोजनों में सदैव अग्रणी भूमिका निभाता रहा है।विप्र फाउंडेशन परिवार की ओर से सभी नगरवासियों से आग्रह किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस यात्रा में भाग लेकर राष्ट्रभक्ति का संदेश दें।

## मालपुरा में 25 को निकलेगी तिरंगा यात्रा

### जलदाय मंत्री कन्हैयालाल करेगें यात्रा का नेतृत्व

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार 25 मई रविवार को प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए तिरंगा यात्रा के संयोजक संत कुमार जैन, सह संयोजक त्रिलोकचन्द जैन व भाजपा मालपुरा शहर मंडन अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या ने बताया कि काश्मीर के पहलगाव के नरसंहार के बाद भारत पाकिस्तान के बढ़े तनाव के दौरान भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान को जिस तरह साहस, शौर्य के साथ मुंह तोड जवाब दिया उसका सभी देशवासी वंदन अभिनन्दन करते हैं। भारतीय सेना के साहस व शौर्य की गाथा जन जन तक पहुंचा कर भारतीय सेना का मनोबल ऊंचा करने के उद्धेश्य से भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार सम्पूर्ण भारत देश में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में 25 मई रविवार को मालपुरा में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा सुबह 8 बजे पुरानी तहसील स्थित श्री बारादरी बालाजी मन्दिर से प्रारम्भ होकर सभी मुख्य बाजारो से होकर उपखण्ड अधिकारी कार्यालय पहुंच कर विसर्जित होगी। उन्होंने बताया कि यात्रा का नेतृत्व प्रदेश के जलदाय मंत्री व क्षेत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी करेगें। यात्रा भाजपा शहर व देहात मंडल मालपुरा - टोडारायसिंह क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी व आम कार्यकर्ता मौजुद रहेगें। यात्रा का शहर में अनेक स्थानो पर पुष्पवर्षा कर अभिनन्दन किया जाएगा।

## 2 हजार 334 किसानों को ब्याज में 35 करोड़ की छूट मिलेगी

बढ़ता राजस्थान



**टोंक, (का.स.)।** राज्य सरकार द्वारा ऋणी कृषकों के हितों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एक मुश्त समझौता योजना 2025-26 लागू की गई है। योजना के तहत भूमि विकास बैंकों के समस्त ऋण खाते, जो 1 जुलाई 2024 को अवधिपार की श्रैणी में वर्गीकृत है वह इस योजना के पात्र होंगे। साथ ही, वर्ष 2014-15 से राज्य सरकार की 5 प्रतिषत ब्याज अनुदान योजना के तहत वितरित किये गये ऋणों में से अवधिपार हो चुके खाते इस योजना के पात्र नही होंगे। उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां टोंक एवं भूमि विकास बैंक टोंक के सचिव रविंद्र सिंह यादव ने बताया कि योजना के तहत पात्र ऋणी कृषकों को 25 प्रतिषत राषि 30 जून 2025 तक जमा करवाना आवष्यक है। इसके साथ ही, शेष राषि 3 किस्तों में योजना की अंतिम अवधि तक जमा करानी होगी। पात्र ऋणी कृषक बैंक के प्रधान कार्यालय टोंक में ऋणी कृषक की जन आधार आईडी की फोटो प्रति उपलब्ध कराएं, ताकि योजना लाभ मिल सके। सचिव ने बताया कि योजना के पात्र ऋण खातों में 1 जुलाई-2024 की अवधिपार राषि में से 31 मार्च 2025 को शेष रही अवधिपार राषि पर ही राहत प्रदान की जावेगी।

## धरती आबा अभियान : आदिवासी क्षेत्रों में पहुंचाए जाएंगे सभी सरकारी लाभ

### 15 से 30 जून तक विशेष शिविरों का होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत धरती आबा अभियान जागरूकता और लाभ संतृप्ति शिविर 15 से 30 जून 2025 तक चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य देशभर के आदिवासी क्षेत्रों में अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं और व्यक्तिगत लाभों की पूर्ण पहुंच सुनिश्चित करना है। जिन गांवों में 50 फीसदी या 500 से ऊपर आदिवासी आबादी है वो धरती आबा के लिए चयन किए गए हैं। जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने बताया कि अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारियां चल रही है। साथ ही, 15 से 30 जून तक शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

**शिविरों में इन योजनाओं का मिलेगा लाभ :** जिला कलेक्टर ने बताया कि शिविरों में वयोवृद्ध कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री जन धन खाता, जीवन बीमा, वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन, मनरेगा, मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा योजना, मातृ एवं शिशु कल्याण टीकाकरण, आंगनबाड़ी लाभ आदि सेवाएं दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि अभियान में स्वास्थ्य, खाद्य, ग्रामीण विकास, समाज कल्याण, कृषि, राजस्व, पंचायत और अन्य विभागों का समन्वय किया गया है। कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से आधार, ई-केवाईसी और दस्तावेजीकरण की सेवाएं प्रदान की जाएगी।

### जलदाय मंत्री चौधरी ने क्षैत्रवासियो को दी सौगात

## राउप्रावि बृजलालनगर हुई राउमावि में क्रमोन्नत

### एक महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल की ओर आवश्यकता

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बृजलालनगर को जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की अनशंषा के बाद व उनके अथक प्रयासो से सरकार ने सीधे राउमावि में क्रमोन्नत किए जाने के बाद क्षैत्रवासियो में खुशी का माहोल है। मालपुरा क्षेत्र शिक्षा की दृष्टि से काफी पिछड़ा है। मालपुरा शहर के युवाओं को उमावि स्तर की शिक्षा के लिए केवल जयपुर रोड स्थित राउमावि में भरोसे रहना पड़ता था। जिसके चलते इस विद्यालय में प्रवेश के लिए भारी मारामारी रहती थी। वहीं जिन युवाओं का प्रवेश इस एक मात्र राउमावि में नही हो पाता था। उनके अभिभावक व वे स्वयं विद्यार्थी फीस के रूप में भारी भरकम रकम देकर नीजि विद्यालयो की ओर दौड़ना पड़ता था। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। राज्य सरकार के शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर राउप्रावि



बृजलालनगर को सीधे राउमावि में क्रमोन्नत कर पुराने राउमावि में प्रवेश के लिए पड़ने भीड़ को नियन्त्रण करने के साथ साथ भारी भरकम फीस की राशि देने में असमर्थ अभिभावको व युवाओं को भारी राहत मिलेगी। प्रदेंश के जलदाय मंत्री व क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी के अथक प्रयासो से यह संभव हो पाया है। जलदाय मंत्री चौधरी ने केवल बृजलालनगर वासियो ही नहीं अपितु सम्पूर्ण शहर व क्षैत्रवासियो को यह सौगात देकर झूमने के लिए मजबूर कर दिया। वहीं बृजलालनगर वासी सहित सम्पूर्ण शहर व क्षैत्रवासी जलदाय मंत्री चौधरी की ओर से दी इस सौगात के लिए आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित करते नजर आ रहे हैं। साथ ही क्षैत्रवासी नीजि शिक्षण संस्थानो पर लगाम कसने व अभिभावको को अपने नन्हे मुन्ने युवाओ को प्रारम्भ से ही अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा कें लिए बृजलालनगर क्षैत्र में एक महात्मा गांधी स्कूल ओर खुलवाने की मांग की है।

गौरतलब है कि कांग्रेस शासन काल के दौरान मालपुरा शहर के लिए पांच महात्मा गांधी स्कूले स्वीकृत हुई थी। तत्समय भी इनमें से एक स्कूल बृजलालनगर में खोले जाने की मांग उठी थी। लेकिन तत्कालीन परिस्थितियो के चलते बृजलालनगर क्षैत्र में महात्मा गांधी स्कूल नहीं खुलने से क्षैत्र के अभिभावको को मजबूर होकर अपने बच्चो के भविष्य को देखते भारी भरकम रकम फीस के रूप में देकर नीजि स्कूलो में प्रवेश के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

## भाजपा ने निकाली तिरंगा शौर्य यात्रा, सामाजिक संगठनों ने निभाई भागीदारी

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी सवाई माधोपुर द्वारा बुधवार को मिशन सिंदूर की सफलता को लेकर जिला मुख्यालय पर तिरंगा शौर्य यात्रा निकाली गई । भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि तिरंगा शौर्य यात्रा का शुभारंभ जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन के पास स्थित सिटी सेंटर मॉल से हुआ । तिरंगा शौर्य यात्रा के शुभारंभ से पूर्व सिटी सेंटर मॉल पर एक सभा का आयोजन किया गया जिसको उपस्थित भाजपा नेताओं एवं सामाजिक संगठनों के प्रमुखों ने संबोधित किया । तिरंगा शौर्य यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, विशिष्ट अतिथि के रूप में केबिनेट मंत्री एवं स्थानीय विधायक डॉ किरोडीलाल मीणा, खंडार विधायक और भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र गोठवाल, भरतपुर संभाग प्रभारी हेमराज मीणा, सहसंभाग प्रभारी सोमकांत शर्मा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नारायण मीणा, खंडार प्रधान नरेन्द्र चौधरी, बामनवास प्रधान शशिकला मीणा, गंगापुर प्रधान मंजू गुर्जर उपस्थित रहे । तिरंगा शौर्य यात्रा मुख्य बाजार से होते हुए अंबेडकर सर्किल तक पहुंची जहां राष्ट्रगान गाकर यात्रा का समापन किया ।

इस दौरान तिरंगा शौर्य यात्रा मे पूर्व विधायक हंसराज शर्मा, पूर्व सैनिक गजेंद्र सिंह, सुरेन्द्र पाल, भारत माता रथ में व्योमिका सिंह, कर्नल सोफिया कुरैशी, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमप्रकाश शर्मा, सुरेश जैन, भरत मथुरिया, गंगापुर सिटी सभापति शिवरतन अग्रवाल, यात्रा के विधानसभा संयोजक आचार्य लोकेंद्र शर्मा, सहसंयोजक अशोकराज मीणा, अलका शर्मा, नीलकमल जैन, ओमप्रकाश डंगोरिया, ओम सुवालका, श्रीचरण महावर, हरफूल मरमट, मुरली गौतम, आकाश भारद्वाज, मुकेश शर्मा, मेहनाज पटेल, संतोष मथुरिया, सुमन कंवर, प्रीति पाराशर, कनकलता शर्मा, गीता जैलिया, दीपिका सिंह सहित भाजपा एवं सामाजिक संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## एनसीसी केडेट अंजली ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर किया नाम रोशन




बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालपुरा की छात्रा केडेट अंजली खत्री ने प्रथम राजस्थान बटालियन एनसीसी की ओर से आयोजित शिविर में छात्रा वर्ग की फायरिंग में शिविर में प्रथम स्थान प्राप्त गोल्ड मेडलिस्ट बनकर विद्यालय व क्षेत्र का गोरव बढ़ाया है। विद्यालय के एनसीसी ट्रुप कमाण्डर कपिल जांगिड़ व कार्यवाहक प्रधानाचार्य दीपक गुप्ता ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालपुरा की छात्रा केडेट अंजली खत्री ने प्रथम राजस्थान बटालियन एनसीसी की ओर से प्रदेश स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विद्यालय वर्ग छात्रा की फायरिंग प्रतियोगिता हुई। जिसमें विद्यालय की एनसीसी छात्रा अंजली खत्री ने शानदार प्रदर्शन कर छात्रा वर्ग की सम्पूर्ण शिविर की प्रथम विजेता रही। जिस पर केम्प कमाण्डेंट कर्नल एस.चन्द्रशेखर ने छात्रा खत्री को गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही शिविर की छात्र प्रतियोगिता में इसी विद्यालय के छात्र केडेट दीपेन्द्र चौधरी ने द्वितिए स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के श्रेष्ठ ड्रि5 केडेट भी इसी विद्यालय के छात्र सुमित वर्मा का चयन किया जाकर गोल्ड मेडल प्रदान किया। विद्यालय केडेट्स ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर विद्यालय व क्षैत्र का नाम रोशन करने पर सभी विजेता केडेट्स विद्यार्थियों को शुभमानाऐं देकर बधाई दी है।

## मालपुरा के कांग्रेसी राजीव गांधी को भूले

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा क्षेत्र के कांग्रेसी पार्टी के नेता एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्य तिथि के मौके पर कोई कार्यक्रम, श्रद्धाजंली सभा नहीं कर आम जन को संदेश दिया है कि प्राय: मृत अवस्था में पड़ी कांग्रेस के नेता अपने राजीव गांधी सरीके नेता को भी भूल चुकी है। राज्य विधानसभा आम चुनाव 2023 में करारी हार के बाद क्षेत्र के कांग्रेसी नेता गहरी नींद में सोए महसूस हो रहे हैं। इससे पहले तक तो कांग्रेसी नेता पुष्पाजंली सभा, श्रद्धाजंली अथवा जन्म जयन्ती के मौके पर दिखाई दे जाते थे। लेकिन इस बार ऐसा भी नहीं हो सका है। इसका मूल कारण यह है कि लगभग पूरी तरह से निष्क्रय नजर आा रहे ब्लाक अध्यक्ष गोगाराम जाट मालपुरा से बाहर रहकर ही पार्टी का संचालन करते दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा मालपुरा क्षेत्र के कांग्रेसी नेता को विधानसभा चुनावो कें बाद से ही गहरी निंद्रा में दिखाई दे रहे हैं। जब से प्रदेश व केन्द्र में सत्ता परिवर्तन होकर प्रदेश में भाजपा की तथा केन्द्र में लगातार दूसरी बार भाजपा की सरकार बनते ही कांग्रेसजन पूरी तरह से निष्क्रय हो गए थे। यह निष्क्रयता आज भी जारी है। वर्तमान में देखा यही जा रहा है कि कांग्रेसी विपक्ष की भूमिका में भी नजर आ रहे हैं। विधानसभा आम चुनावो से पूर्व तक बड़ी बड़ी डींगे हांकने वाले केवल फोटो खिचाऊ नेता भी वर्तमान में पूरी तरह से निष्क्रय नजर आ रहे हैं। लेकिन जनता सहित कांग्रेस के बचे कुचे कार्यकर्ताओं ने यह कभी सोचा भी न था कि कांग्रेस के नेता इतने अधिक निष्क्रय हो जाएगें कि उनको कांग्रेस के राजीव गांधी सरीखे नेता भी याद नहीं करेगें। बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री एवं कांग्रेस में जान डालने वाले युवा नेता राजीव गांधी की पुण्य तिथि होने के बावजूद कांग्रेसी नेता सोए व निष्क्रय नजर आए। िकिसी भी कांग्रेस नेता राजीव गांधी को याद तक नहीं किया जो कांग्रेस के लिए सोचने का विषय है।

## भाजपा शहर मंडल वैर की कार्यकारिणी घोषित

बढ़ता राजस्थान

**वैर / भरतपुर (नि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल के अध्यक्ष संतोष धाकड़ ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की है जिसे जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। महामंत्री राघवेंद्र उर्फ रिंकू सैनी ने बताया कि कार्यकारिणी में अध्यक्ष सन्तोष धाकड के अलावा उपाध्यक्ष बाबूलाल कोली, अनिल श्रोत्रिय, सतीश प्रजापत, संजय धाकड़, टोडरमल गर्ग, एवं राकेश धाकड़ को बनाया गया है। जबकि महामंत्री पद पर राघवेद्र उर्फ रिंकू सैनी एवं अरविंद सोनी के लिए दायित्व सौपा गया है। इसके अलावा देवी सिंह कोली, अमर सिंह जाट, सौरव सैनी, दीपक गर्ग, चंद्रशेखर धाकड़ और सोनबाई कोली को मंत्री बनाया है। कोषाध्यक्ष नीरज बंडा व सदस्य नरोत्तम कटारा, ओम प्रकाश महावर को बनाया है। शहर कार्यकारिणी में ओबीसी 9 , एससी चार व जनरल के पांच को स्थान मिला है। कार्यकारिणी में शामिल पदाधिकारी में से स्नातक ग्यारह व 12वीं उत्तीर्ण दो, दसवीं पास 3 एवं आठवीं एक शिक्षा प्राप्त है। नागरिकों ने कार्यकारिणी पर चर्चा करते हुए बताया कि अब देखना यह होगा कि भाजपा शहर मंडल की कार्यकारिणी के पदाधिकारी कस्बे के विकास एवं जन समस्याओं के निराकरण में कितनी भागीदारी निभाते हैं।

## मोटरसाइकिल चोरी के मास्टर माइंड नंदलाल उर्फ नन्दा कुमावत गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** टोंक जिले के निवाई थाना पुलिस को वाहन चोरी की घटनाओं में शामिल एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे शातिर वाहन चोर नंदलाल उर्फ नन्दा कुमावत को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर करीब डेढ़ दर्जन मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों में शामिल होने का आरोप है। थाना निवाई के थानाधिकारी पु.नि. रामजीलाल के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने तकनीकी निगरानी, मुखबिर की सूचना और जमीनी तलाश के माध्यम से नयागांव पुलिस थाना क्षेत्र, अजमेर से आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के समय आरोपी अपने ठिकाने पर मौजूद था और पुलिस को देख भागने का प्रयास कर रहा था।थानाधिकारी रामजीलाल ने बताया कि 20 वर्षीय राजेश मीणा पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी निवाई ने थाना हाजिर होकर रिपोर्ट दी थी कि अज्ञात चोर ने डेंटल हॉस्पिटल के पास से उसकी यामाहा आर-15 मोटरसाइकिल चुरा ली। इस रिपोर्ट के आधार पर मोटरसाइकिल चोर गिरोह की तलाश शुरू की गई। गिरफ्तार आरोपी नंदलाल उर्फ नन्दा पुत्र हरचंद जाति कुमावत उम्र 26 वर्ष निवासी नयागांव थाना केकड़ी, अजमेर है। आरोपी ने पूछताछ में जयपुर, अजमेर, टोंक,भीलवाड़ा जिलों में कुल 17 बाइक चोरी की वारदातें कबूल की हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी पहले भी कई बार चोरी के मामलों में जेल जा चुका है और उसकी आदत शातिर व आपराधिक प्रवृत्ति की रही है।



# पूर्व प्रधानमंत्री स्व: श्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** जिला कांग्रेस कमेटी अलवर के जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी अलवर द्वारा भारत में संचार एवं कंप्यूटर क्रांति के प्रणेता, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व: श्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेस प्रवक्ता रिपु दमन गुप्ता ने बताया की आधुनिक भारत के निर्माताए भारत रत्न श्री राजीव गाँधी जी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी पार्क स्थित स्व राजीव गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री योगेश मिश्रा ने कहा कि देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले श्री राजीव गांधी जी का यह देश सदा ऋणी रहेगा।

आधुनिक संचार एवं कंप्यूटर क्रांति के सूत्रधार एवं देश को एक नई दिशा देकर पंचायतों को उनके अधिकार दिलाने तथा अठारह वर्ष की आयु के युवाओं को मतदान का हक दिलाने में राजीव गांधी का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। स्वतंत्र भारत में कम्प्यूटर और दूरसंचार क्रांति लाने का श्रेय उन्हें जाता है। राजीव गांधी भले ही आज इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन हमारे दिलों में आज भी जिंदा हैं। उन्होंने 19वीं सदी में 21वीं सदी के भारत का सपना देखा था। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, अजीत यादव, रोहिताश चौधरी, गफूर खान, राजेन्द्र पाल शर्मा, जोगेंद्र कोचर, हीरेंद्र शर्मा, रिपु दमन गुप्ता, जगदीश अवस्थी, के के खंडेलवाल, कमलेश सैनी, जीत कौर सांगवान, लीली यादव, बसमीना, गीता चौधरी, साजिद खान, उमरदीन खान, डॉ हुकुम सिंह, रामप्रकाश शर्मा, डालचंद वर्मा गोपेश शर्मा राजेश मीणा, इकबाल खान, ओमप्रकाश सैनी, कमल सैन, जगदीश सिंघल, एस आर यादव, ओमप्रकाश सैन, संजय शुक्ला, सोनू गोपालिया,पंकज शर्मा, प्रमेन्द्र शर्मा, रमन सैनी, सूरजमल कर्दम, राजेश कृष्ण सिद्ध, सत्यनारायण शर्मा इम्तियाज़ खान, जमशेद खान, रामकिशन थानेदार, योगेश शर्मा, प्रेम सिंह, अशोक सोनी, सुदर्शन अरोड़ा, किशोर सैनी, रणवीर चौधरी देवेंद्र शर्मा नरेश कुमार सैनी, रूपेंद्र शर्मा रामराज मीणा,रामसहाय जाटव रहमत खान, लोकेश कुमार सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद थे।

# ग्रीष्मकालीन समाजसेवा शिविर का सीबीईओ ने किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ /अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** कस्बे के माचाड़ी मार्ग पर स्थित पीएमश्री श्री प्यारेलाल गुप्ता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रहे ग्रीष्मकालीन समाज सेवा शिविर का बुधवार को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना ने औचक निरीक्षण किया। विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य यादराम मीना ने बताया कि बुधवार को छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के मुख्य द्वार पर राहगीरों के लिए पेयजल की प्याऊ लगाई गई। जिसमें बच्चों ने आने जाने वाले राहगीरों को शीतल जल पिलाया। इसके साथ ही विद्यार्थियों द्वारा पेड़ो में पानी देकर साफ सफाई की गई। समाजसेवा शिविर प्रभारी व्याख्याता शारीरिक शिक्षक चुन्नी लाल मीना व हरिराम मीना के द्वारा बच्चों को समाजसेवा के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में व्याख्याता विष्णु देव मीना ने शिविर में अपनी भागीदारी निभाई।

# सेना के जवान हमारा स्वाभिमान, सैनिकों को समर्पित तिरंगा यात्रा : शेखावत



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के नगर पालिका क्षेत्र स्थित एडीजे कार्यालय के सामने से तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ सैनिकों के सम्मान को लेकर हुआ।तिरंगा यात्रा मुख्य मार्गो से होकर रामलीला मैदान में राष्ट्रगीत के साथ समापन हुआ। इस मौके पर बोलते हुए विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा की पाकिस्तान द्वारा समर्थित आतंकवादीयों ने जो पहलगाँव में कायराना हरकत की थी। उसका भारत की तीनों सेनाओं के जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर के नाम से मुँहतोड़ जवाब दिया है। सेना के जवान हमारा स्वाभिमान हैं। शेखावत ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से राष्ट्र के गौरव को बढ़ाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के जवान और नागरिक स्वाभिमान से राष्ट्र सेवा कर रहे हैं और देश प्रगति कर रहा है।वहीं जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी ने कहा कि धर्म पूछकर गोली मारने वालों को उनके कुकर्म की सजा भारतीय सेना ने दे दी है।इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष उमेद भाया, जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी, जिला उपाध्याक्ष डॉ शशिकांत बोहरा,भाजपा नेता डॉ डी.आर.यादव,सज्जन मिश्रा,मण्डल अध्यक्ष एडवोकेट नरेन्द्र चौधरी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामानंद दीक्षित,महेश कटारिया, योगेश सोनी, मंजू शर्मा, हेमलता सिसोदिया, हरिसिंह सैनी,राजेश सिंघल,अनील सिंघल, समाजसेवी एवं सैनी महासभा के अध्यक्ष ठेकेदार निरंजनलाल सैनी, जगदीश सूद, सूबेदार राजसिंह, राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष पवन यादव, बबलू बाल्मीकि, मुकेश सुरेला, नेकीराम जांगिड़, हरसौरा मण्डल अध्यक्ष कर्णसिंह यादव, कर्ण ओला, एडवोकेट नवीन यादव सहित भाजपा कार्यकर्त्ता और पदाधिकारियों सहित काफ़ी संख्या में महिला और पुरुष मौजूद रहे। तिरंगा यात्रा का नगर पालिका क्षेत्र में पुष्प वर्षा कर भव्य सम्मान भी किया गया।

# जिले के लिए हुई बजट घोषणाओं का समयबद्ध तरीके से करे क्रियान्वयन : जिला कलेक्टर

## बैठक में बजट घोषणाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को किया गया निर्देशित



बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा,(मुकेश शर्मा)।** जिला कलक्टर किशोर कुमार कि अध्यक्षता में बुधवार को जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई।

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार जिले के लिए हुई बजट घोषणाओं का निर्धारित समयबद्ध कार्यक्रम अनुसार शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। बजट घोषणाओं के भूमि आवंटन संबंधी प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि अधिकारी बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के संबंध में अपने विभाग के उच्चाधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर जल्द कार्यवाही सुनिश्चित करें। बजट घोषणाओं से संबंधित भूमि आवंटन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए ताकि आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जा सके। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को स्कूल एवं महाविद्यालय स्तर पर निर्मित होने वाले छात्रावास को आगामी 15 दिवस में शुरू करने तथा आगामी एक माह में नगर परिषद को वेस्ट वंडर पार्क बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सहकारिता विभाग के अधिकारियों को शेष 3 गांव में जीएसएस गठन करने के निर्देश भी दिए। बैठक में उन्होंने जिले की बजट घोषणाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक अधिकारी घोषणाओ की गंभीरता समझते हुए पूर्ण जिम्मेदारी से कार्य करें। प्रत्येक घोषणा के क्रियान्वयन को नियमित फॉलोअप किया जाए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, आरसीएचओ हेमंत सिंह डागर, समाज कल्याण अधिकारी रमेशद हमीवाल, अधीक्षण अभियंता सृजन निर्माण विभाग भूरी सिंह, उपनिदेशक कोऑपरेटिव विभाग वेद प्रकाश सैनी, नगर परिषद कनिष्क अभियंता मोतीलाल वर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# सूचना क्राति के जनक और भारत देश को अपनी आधुनिक सोच से नई दिशा देने वाले थे स्वः राजीव गाँधी-नेता प्रतिपक्ष

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के बलिदान दिवस पर पीसीसी मुख्यालय में आयोजित प्रार्थना सभा में विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए याद किया। जूली बोले सूचना क्रांति के जनक और भारत देश को अपनी आधुनिक सोच से नई दिशा देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री ने आधुनिक भारत की नींव रखकर युवा सशक्तिकरण, पंचायतीराज को सुदृढ़ करने जैसे ऐतिहासिक फैसले लिए। उन्होंने कहा कि उनकी शहादत और उनका पूरा जीवन हम सभी के लिए सदैव प्रेरणा का काम करता रहेगा और उनकी स्मृति हमारे दिलों में सदैव जीवित रहेगी। जूली बोले देश में मताधिकार की आयु सीमा 21 वर्ष थी, देश के युवा प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 18 साल के युवाओं को मत का अधिकार देकर उन्हें देश के प्रति और जिम्मेदार व सशक्त बनाने की अभिनव पहल की।उन्होंने कहा कि राजीव गांधी का मानना था कि विज्ञान और तकनीक की मदद के बिना उद्योगों का विकास नहीं हो सकताएउन्हें भारत में कंप्यूटर क्रांति लाने और पंचायती राज की नींव रखने का श्रेय दिया जाता है।उनका मानना था कि जब तक पंचायती राज व्यवस्था मजबूत नहीं होगीए तब तक निचले स्तर तक लोकतंत्र नहीं पहुंच सकता। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी भारत के एक महान सपूत ने लाखों भारतीयों में आशा की किरण जगाई, उनके दूरदर्शी और साहसी हस्तक्षेप ने भारत को 21वीं सदी की चुनौतियों और अवसरों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# राजगढ़ रेलवे स्टेशन का आज होगा वर्चुअल लोकार्पण



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ /अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** राजगढ़ रेलवे स्टेशन 13.9 करोड़ रुपए की लागत से हुए पुर्नविकास कार्य का गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। गौरतलब है अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत राजगढ़ रेलवे स्टेशन पर पुर्नविकास किया गया है। भाजपा नेता बन्नाराम मीना ने बताया कि गुरुवार प्रातः 10 बजे अलवर सांसद एवं केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। इससे पूर्व भाजपा नेता बन्नाराम मीना ने रेलवे स्टेशन पर लोकार्पण कार्यक्रम का जायजा लिया।

## भाजपा मंडल राजगढ़ आज निकालेगी तिरंगा रैली

भाजपा मंडल राजगढ़ की ओर से आज प्रातः 8 बजे कस्बे के गणेश पोल से रेलवे स्टेशन तक तिरंगा रैली निकाली जाएगी। रैली में केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव भी शामिल होंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा के लिए बुधवार को भाजपा प्रत्याशी बन्नाराम मीना व रेलवे अधिकारी मोहनलाल मीना के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में श नगर पालिका चेयरमेन सतीश दुहारिया, प्रेमनाथ धामानी, मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित, राहुल दीक्षित,सत्येंद्र सैनी, अशोक बजाज, राजेंद्र जैन, प्रदीप शर्मा,लोकेश रावत,सुखराम मीना, गौरव खसेरा, महावीर सैन, सुखराम सैनी, व भुल्ली मेम्बर सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ग्राम सेवा सहकारी समिति की विभिन्न मांगों के लिए सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़ /अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** ग्राम सेवा सहकारी समितियों की विभिन्न मांगो के संदर्भ में बुधवार को प्रबंध निदेशक दी अलवर सेंट्रल को ऑपरेटिव बैंक के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि समितियों को 2 प्रतिशत ब्याज अनुदान उपलब्ध करवाने, अल्पकालीन ऋण की राशि 10 प्रतिशत बढ़ाने, समिति को एरियर ब्याज का भुगतान, जयपुर सीसीबी की तरह अलग खाता खोलने सहित अनेक मांगों के लिए ज्ञापन दिया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि यदि मांगों पर सुनवाई नहीं होती है तो समिति सदस्य कार्य का बहिष्कार करेंगे। इस दौरान राहुल सैनी, हरिकिशन मीना, हेमलता सैनी, गिर्राज शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# अलवर शहरी जल प्रदाय योजना अंतर्गत 25 करोड़ की राशि की प्रशासनिक स्वीकृति हुई जारी

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** वन एवं पर्यावरण मंत्री माननीय संजय शर्मा की अनुशंसा पर पेयजल समस्या के निस्तारण हेतु माननीय मुख्यमंत्री द्वारा बजट घोषणा वर्ष 2025.26 में घोषित अलवर शहरी जल प्रदाय योजना अंतर्गत 25 करोड़ की राशि की प्रशासनिक स्वीकृति हुई जारी। अलवर शहर में पेयजल समस्या के निस्तारण हेतु वन एवं पर्यावरण मंत्री माननीय संजय शर्मा की अनुशंसा पर माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा वर्ष 2025-26 में घोषित शहरी पेयजल जलप्रदाय योजना हेतु 25 करोड़ की राशि की प्रशासनिक स्वीकृति जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के निर्देशानुसार आज विभाग द्वारा जारी कर दी गई है, उक्त पेयजल योजनाअंतर्गत स्वीकृत राशि से अलवर शहर में दो स्थानो लक्ष्मी नगर एवं स्कीम 4,में स्वच्छ भूतल जलाशय एवं शहर के पेयजल समस्या ग्रस्त क्षेत्रों में आमजन को पानी उपलब्ध कराने हेतु निम्न पांच स्थानो स्कीम 4, शिवाजी पार्क, बस स्टैंड बापू बाजार, गिराज दर्शन कॉलोनी, अंबेडकर नगर में उच्च जलाशय का निर्माण कराया जाएगाएसाथ ही पानी उत्पादन हेतु 50 नए 3 फेज बोरिंग सूर्य नगर विजय मंदिर रोड, रणजीत नगर, सुभाष नगर, राठ नगर, सिल्वर ऑक के पास जयपुर रोड, कटी घाटी एबुर्जा आदि क्षेत्रो में लगाए जाएंगे, इसके साथ-साथ उक्त राशि अंतर्गत शहर के 35 किलोमीटर के एरिया में पाइपलाइन बिछाने एवं विभिन्न पंप हाउसों पर नई मशीनरी सेट बदलने का कार्य कराया जाएगाए शीघ्र ही जलदाय विभाग अलवर द्वारा उक्त स्वीकृत स्थलों पर जलाशयों के निर्माण एवं ट्यूब वालों को लगाने, सहित स्वीकृत अन्य कार्यो हेतु कार्यवाई शुरू की जावेगी, पेयजल समस्या के निराकरण हेतु स्वीकृत राशि की प्रशासनिक स्वीकृति जारी करने पर वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का आभार व्यक्त किया है।

# आबकारी विभाग की पिनान में बड़ी कार्यवाही, हरियाणा ब्रांड की 200 पेटी शराब पकड़ी



बढ़ता राजस्थान

**पिनान/राजगढ़ (राजकुमार गुप्ता)।** क्षेत्र में आबकारी विभाग ने एक बड़ी कार्यवाही को अंजाम देते हुए हरियाणा से गुजरात तस्करी की जा रही अवैध शराब की 200 पेटियां जब्त की हैं। यह कार्यवाही दिल्ली-मुंबई सुपर एक्सप्रेसवे पर पिनान के इंटरचेंज की पुलिया के नीचे की गई। जानकारी के अनुसार, एक ट्रक में भारी मात्रा में शराब के कार्टन छिपाकर ले जाए जा रहे थे। ट्रक के अगले हिस्से में शराब के कार्टन भरे हुए थे, जबकि पिछला हिस्सा फर्नीचर के सामान से भरा गया था ताकि शराब की तस्करी को छुपाया जा सके। ट्रक हरियाणा से रवाना होकर गुजरात की ओर जा रहा था।यह कार्यवाही आबकारी विभाग के सहायक आबकारी आयुक्त अजय यादव और दिगम्बर सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई। मौके पर ट्रक को जब्त कर लिया गया है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि यह कार्यवाही अवैध शराब तस्करी पर लगाम कसने की दिशा में एक बड़ी सफलता है और आगे भी ऐसी कार्यवाहीयों को जारी रखा जाएगा।

# संविधान सर्वोपरि इसको बचाना हमारा परम कर्तव्य : रावत

## बलिदान दिवस पर दी कांग्रेसीयों ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी को श्रद्धांजलि



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** राजस्थान की शेरनी व पूर्व केबिनेट मंत्री शकुंतला रावत दौसा में संविधान बचाओ अभियान के जिलास्तरीय कार्यक्रम में प्रभारी के रूप में उपस्थित हुई। जिला कांग्रेस कमेटी दौसा द्वारा दौसा में भाजपा सरकार द्वारा संविधान को कमजोर किये जाने की मंशा से किए जा रहे अदृश्य प्रहार के विरोध मे संविधान बचाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया था द्य उन्होंने इस दौरान कहा कि संविधान की सुरक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। जिसको हम सभी कांग्रेसी विचारधारा के लोगों को इसके लिए संघर्ष करना है।क्योंकि संविधान ही सर्वोपरि है। उन्होंने बलिदान दिवस पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गाँधी के शहादत दिवस पर उन्हें भावभिनी श्रद्धांजलि भी अर्पित की इस मौके पर जिलाध्यक्ष रामजीलाल औढ़, संभाग प्रभारी रमेश खंडेलवाल, जिला प्रभारी इंद्राज गुर्जर,संविधान बचाओ कार्यक्रम की दौसा प्रभारी राजस्थान की शेरनी और पूर्व केबिनेट मंत्री शकुंतला रावत,दौसा सांसद मुरारी लाल मीणा,दौसा विधायक डी.सी.बैरवा,पूर्व मंत्री प्रसादी लाल मीणा,पूर्व मंत्री ममता भूपेश,पूर्व विधायक जी.आर. खटाना, पूर्व विधायक ओमप्रकाश हुडला,जिला प्रमुख हीरालाल सैनी, जिला कांग्रेस के पदाधिकारी, अग्रिम संगठन,सेवादल, एनसयूआई,महिला कांग्रेस के पदाधिकारी,सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष,मण्डल अध्यक्ष, इकाई अध्यक्ष, पदाधिकारी, सभापती, प्रधान, उपप्रधान,कार्यकर्ताओं ने एकजुट रहकर संविधान की रक्षा करने का संकल्प भी लिया द्य जिसको लेकर संविधान के मूल्यों को संरक्षित करने और संविधान के महत्व को जन-जन तक पहुँचाने के लिए एक सशक्त मंच भी बनाया गया।

# युवाओं को 18वर्ष की आयु में मताधिकार का अधिकार : शर्मा आधुनिक भारत के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी : यादव

बढ़ता राजस्थान

बानसूर(धीरज मौर्य)। नगर पालिका क्षेत्र के अम्बेडकर सर्किल के पास स्थित राजीव गाँधी पंचायत राज संगठन के कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गाँधी की पुण्यतिथि मनाई गईं। 33वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेसीयों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बोलते हुए पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने कहा कि स्व.राजीव गाँधी आधुनिक भारत के जनक थे। उन्होंने पहली बार देश के युवाओं को 18वर्ष की आयु पूर्ण करने पर मताधिकार का अधिकार दिया। तकनिकी क्षेत्र में एक नई क्रांति लाकर देश को आगे बढ़ाया। वहीं राजीव गाँधी पंचायत राज संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह यादव ने कहा कि सही मायने में स्व. राजीव गाँधी आधुनिक भारत के निर्माता थे। उन्होंने आईटी क्षेत्र को विकसित किया, जिससे देश आगे बढ़ रहा है। यादव ने स्व. राजीव गाँधी की पुण्यतिथि पर एक संकल्प लिया कि वे टैगोर पब्लिक स्कूल अंग्रेजी माध्यम में प्रत्येक वर्ष 50विद्यार्थियों को नि:शुल्क शिक्षा देंगें। जिसमें विद्यालय यूनिफॉर्म, पुस्तकें, नोट बुक सहित सभी खर्चे विद्यालय के होंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन पूर्व कैबिनेट मंत्री शकुंतला रावत के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष आशुतोष शर्मा, राजीव गाँधी पंचायत राज संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अजयसिंह यादव, मण्डल अध्यक्ष मुकेश सैनी, महेन्द्र ढाकला ,दुलीचंद सोलंकी, सुभाष सैनी,मुकेश देवी, उषा देवी, माया सैनी ,हेमराज सराधना,राम सिंह यादव, राजेश सैनी ,साहिल ,मानसिंह सैनी ,गोविंद ,रवि मनोज सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नैनवां उपडाकघर में गबन हुई राशि मय ब्याज के विभाग ने लौटाई

## मायूस उपभोक्ताओ के चेहरो पर लौटी मुस्कान, डाक विभाग को कहा शुक्रिया

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )** । यहां उपडाकघर में खातेदारो ने अपनी मेहनत की कमाई को सुरक्षित रखा जाने को लेकर 21 खातेदारो ने नैनवां उपडाकर में अलग अलग 31 खातो में एफडी व एमआईएस खातो में एक करोड़ 71लाख रूपये जमा करवाये गये थे। लेकिन उपडाकघर में कार्यरत कार्मिक द्वारा दो वर्ष पूर्व गबन कर लिया गया था। विभागीय कार्यवाही के तहत कार्मिक को डाक विभाग ने निलंबन किया गया। खातेदारो ने अपनी जमा पूंजी को लेने के लिए विभाग के अधिकारियो को अपनी अपनी परिवेदना दी गई। जमा पूंजी का गबन किया जाने का मामला 16मई 2024 में पहला मामला सामने आया था। इसके बाद अन्य लोगो ने अपने अपने खातो की तलाश किया गया जो जिसमें 21 खातेदारो को एक करोड़ 71 लाख का गबन होना सामने आया था। बून्दी के डाक विभाग के उपमण्डल अधिकारी एंव डाक निरीक्षक राजेश कुमार बैरवा ने 18 मई 024 को जॉच शुरू की गई। प्रकरण को लेकर 22 मई 024 को टोंक के तत्कालीन कार्यवाहक डाक अधीक्षक ने भी नैनवां उपडाकघर में पहुच कर खातेदारो से ब्यान लिये गये। प्रकरण की जॉच को लेकर तीन सदस्यो की जॉच टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा उपडाकघर के 15 हजार करीब खातो का



रिकॉर्ड खंगाला गया। पीड़ित लोगो के ब्यान लेकर उनके क्लेम फार्म लिए गये। जॉच पूर्ण करके टोक एसपी को रिर्पोट प्रस्तुत की गई। जॉच में सामने आया कि उपडाघर में कार्यरत ग्रांमीण डाकसेवक प्रांशू जांगिड़ द्वारा डाककार्मियो व अधिकारियो की आईडी का दुरूपयोग करके ऑनलाईन बैंकिंग सेवा से खातेदारो की राशि को नेफ्टव आरटीजीएस के जरिए अपने व अन्य मिलने वालो के खातो में ट्रांसफर कर गबन किया गया। विभागीय कार्यवाही के बाद गबन के आरोपी डाककार्मिक को निलंबन करके पुलिस केस किया गया था जो अभी न्यायालय में विचारधीन चल रहा है।

### 21 खातेदारो को ब्याज सहित मिली जमा पूंजी

डाक निरीक्षक राजेश कुमार बैरवा ने बताया कि डाक विभाग में खातेदारो का भरोसा बराकार रहे इसके लिए अजमेर के पोस्टमास्टर जनरल ने 21 खातेदारो के 31 खातो में जमा पूंजी एक करोड़ 71लाख,41 हजार एंव ब्याज 8लाख 58 हजार467 रूपये कुल एक करोड़ 79लाख 99 हजार 467 रूपयो का भुगतान किया गया है।

### जमा पूंजी मय ब्याज मिलने पर खिले चेहरे

बुधवार को नैनवां उपडाकघर में डाक निरीक्षक राजेश कुमार बैरवां ने पीड़ित खातेदारो को मय ब्याज सहित जमापूंजी के चैक सौपे तो उपभोक्ताओ के चेहरो पर रौनक छा गई। उन्होने डाकार्मिको का स्वागत किया गया। डाक उपभोक्ताओ ने कहा कि डाक विभाग पर उनका भरोसा बरकार है। उपडाकघर में गबन प्रकरण का खुलासा होने के बाद उनके होश उड़ गये थे उनको लगा था कि डाक विभाग उनको पैसा लौटाने का भरोसा दे रहे है,लेकिन बुधवार को उनको अपनी जमा पूंजी मय ब्याज के मिलने से उनका भरोसा डाक विभाग के प्रति बन गया है।



# जिला विकास प्रबंधक, (नाबार्ड) कार्यालय, बारां का उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

**बारां ( लेखराज शर्मा )।** नाबार्ड उप-महाप्रबंधक विजय राणा की अध्यक्षता में जिला विकास प्रबंधक, (नाबार्ड) कार्यालय, बारां का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी जिला स्तरीय विभागों के प्रमुख, अग्रणी जिला प्रबंधक, संयुक्त निदेशक-कृषि, उप निदेशक-बागवानी, केवीके-अंता के वरिष्ठ वैज्ञानिक, निदेशक-रूडसेटी, डीआरएम-राजस्थान ग्रामीण बैंक, आरएम-राजस्थान महिला निधि बैंक, डीआरसीएस, डीआईसी के अधिकारी, एफपीओ सदस्य, एनजीओ-डीएससी और कुछ प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे। अग्रणी जिला प्रबंधक जनवेद मीणा ने मुख्य अतिथि का स्वागत पगड़ी, माला व पुष्पगुच्छ से किया। नाबार्ड डीडीएम घनश्याम मीना ने नए कार्यालय में सभी अतिथियों का स्वागत किया और नाबार्ड की यात्रा, जिले में डीडीएम की भूमिका और जिम्मेदारी के बारे में जानकारी दी। विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने सरकारी योजनाओं और नाबार्ड द्वारा प्रदान किए गए सहयोग के बारे में अपने अनुभव साझा किए।

रूडसेट बारां के निदेशक देवेन्द्र मीणा ने कौशल प्रदान करने में संस्थान की भूमिका व प्रशिक्षणार्थियों के ट्रेनिंग के लिए कैपेक्स सपोर्ट प्रदान करने के लिए भी नाबार्ड का धन्यवाद दिया। मुख्य अतिथि ने विशेष रूप से आकांक्षी जिले, बारां में डीडीएम कार्यालय के महत्व और राज्य भर में जीएलसी के परिदृश्य और नाबार्ड की भूमिका के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सभी प्रमुख विभागों से ऋण के माध्यम से अन्नपूर्णा नगरी में ग्रामीण समृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आपसी सहयोग की अपेक्षा रखी। कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## मौसमी और संक्रामक बीमारियों की स्क्रीनिंग करें विभाग

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक मे जिला कलेक्टर गोस्वामी ने सरकारी योनानाओ पर प्रगति रिपोर्ट पर की चर्चा -दिये निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में बुधवार को सम्पन्न हुई। बैठक में जिले की स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन, विशेष रूप से संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, हाइपरटेंशन व शुगर स्क्रीनिंग, मौसमी बीमारियों की रोकथाम, लाड़ो प्रोत्साहन योजना और हृक्र्स सर्टिफिकेशन की बिंदुवार समीक्षा की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेंद्र नागर ने बैठक में प्रत्येक बिंदु पर विस्तार से जानकारी दी। बैठक में कलेक्टर डॉ. गोस्वामी ने गुरु गोलवलकर आकांक्षी ब्लॉक को लेकर निर्देश दिए कि प्रत्येक बीसीएमओ यह सुनिश्चित करें कि क्षेत्र की जनसंख्या के अनुसार कितनी एएनसी पंजीकृत हुई हैं, कितने संस्थागत प्रसव कराए गए हैं, कितने चिकित्सा संस्थानों का हृक्र्स सर्टिफिकेशन पूरा हुआ है, और हाइपरटेंशन, डायबिटीज व टीबी की कितनी स्क्रीनिंग कर सही उपचार किया गया है।

## सड़कों का होगा नवीनीकरण व सुदृढ़ीकरण सांगोद विधानसभा में 1.30 करोड़ स्वीकृत

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/ सांगोद ( विनोद गौड़ )।** सांगोद क्षेत्र की टूटी हुई सड़कों को अब नए सिरे से तैयार किया जाएगा। क्षेत्र की सड़कों के नवीनीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए 1.30 करोड रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। ऊर्जा मंत्री के कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र में धूलेट से नयागांव जाने वाली 2.60 किमी सड़क का 44 लाख रुपए की लागत से नवीनीकरण कार्य कराया जाएगा। इसके साथ ही अमृत कुआं से किशनपुरा की 3.20 किमी सड़क के नवीनीकरण कार्य के लिए 56 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा सांगोद डिवीजन की अन्य सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिए भी 30 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इससे इस क्षेत्र की आवागमन की सुविधा बेहतर होगी।

## सीनियर सैकण्ड्री स्कूल स्वंम सेवको ने बांधे परिंडे

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )** । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खजूरी में दिनांक 17 मई से 15 दिवसीय समाज सेवा योजना के शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर प्रभारी उप प्राचार्य ब्रजमोहन मीणा और दल प्रभारी व्याख्याता फोरु लाल नागर व्याख्याता के नेतृत्व में कक्षा 11 उत्तीर्ण विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के तहत विद्यालय परिसर में पेड़ पौधों के आसपास की खरपतवार हटाई गई और पौधों को पानी दिया गया।परिंडे बांधकर पक्षियों के लिए दाने और पानी की व्यवस्था भी की गई।शिविर प्रभारी और दल प्रभारी द्वारा विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रोत्साहित किया गया और पर्यावरण संरक्षण पर व्याख्यान प्रस्तुत किये।

## एकलव्य आवासीय विद्यालय में प्रवेश प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान

**बारां ( लेखराज शर्मा )।** बारां जिले में संचालित जनजाति कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल श्वस्क्रस् हनोतिगा ब्लॉक शाहबाद में कक्षा 7,8 व 9 की रिक्त सीटों पर आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है आवेदन करने की अंतिम तिथि 02-06-2025 है। विद्यालय की प्रधानाचार्य पूनम गुप्ता ने बताया की इच्छुक छात्र www.tad.rajasthan.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं, अधिक जानकारी के लिए प्रवेश परीक्षा प्रभारी राहुल यादव (मोबाईल नंबर 7690900527) से संपर्क कर सकते हैं। कक्षा 7 में 38 सीट, कक्षा 8 में 12 सीट व कक्षा 9 में 14 सीट रिक्त है। प्रवेश परीक्षा 09-06-2025 को विद्यालय में ही आयोजित की जायेगी ।

# दिल्लीपुरा सरपंच रामावतार मीणा ने ली भाजपा की सदस्यता भाजपा के राष्ट्रवाद और क्षेत्र में विकास को बताया प्रमुख कारण

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/ सांगोद ( विनोद गौड़ )।** भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा और ऊर्जा मंत्री श्री हीरालाल नागर की विकास की नीति में विश्वास करते हुए दिल्लीपुरा सरपंच रामावतार मीणा ने बुधवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। मीणा को सांगोद स्थित ऊर्जा मंत्री के आवास पर प्रधान जयवीर सिंह और उप प्रधान ओम अडूसा ने माला एवं भाजपा का दुपट्टा पहना कर सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर प्रधान जयवीर सिंह ने कहा कि राष्ट्रवादी विचारधारा के कारण जन-जन में भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ा है। ओम अडूसा ने कहा कि ऊर्जा मंत्री श्री हीरालाल नागर पूर्व में विधायक रहते हुए और अब मंत्री बनने के बाद भी



अपने विकास के एजेंडे पर लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने हर ग्राम पंचायत में बिना किसी भेदभाव के काम कराया है। इसी कारण से क्षेत्र की जनता के साथ जनप्रतिनिधि भी भाजपा से जुड़ रहे हैं। सरपंच रामावतार मीणा ने कहा कि भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा से प्रभावित होकर भाजपा में जाने का फैसला किया है। भाजपा के साथ रहकर इसी विचाराधारा को बढ़ाने के लिए काम करेंगे। इस दौरान सरपंच प्रेम गोचर विनोद खुर्द, रघुराज सिंह खड़िया, उपेंद्र सिंह किशनपुरा, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष चेतन मेहता, फूलचंद नागर, प्रवीण गर्ग, प्रदीप सोनी, राजेंद्र मेहता, रामकुमार गोचर, बंटी गोचर, बृजमोहन मेहता, गिरिराज मेहता, खेमराज वैष्णव, राकेश सुमन, बंटी गोचर, हुकुमचंद नायक, प्रद्युम्न नायक, चंद्र प्रकाश नागर, गोविंद सुमन, राकेश शर्मा, नंद सुमन, धनराज सुमन, पंकज शर्मा समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नैनवां प्रधान पदम नागर को बनाया कार्यकारणी में प्रदेश मंत्री

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )** । राजस्थान श्री धाकड़ महासभा की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा मंगलवार को हुई। नई कार्यकारिणी में 3 प्रदेश महामंत्री, 3 प्रदेश प्रवक्ता, 9 प्रदेश उपाध्यक्ष, 7 प्रदेश मंत्री, 2 कोषाध्यक्ष, 1 कार्यालय मंत्री, 2 प्रचार मंत्री, 15 जिलों के जिला अध्यक्ष और 11 कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए।

बूंदी जिले से पांच लोगों को अहम पद मिले हैं। पदम नागर नैनवां प्रधान को प्रदेश मंत्री बनाया गया है। प्रदेश प्रवक्ता पद पर मुकेश नागर बंबूली नैनवां को नियुक्त किया गया है। प्रदेश संगठन मंत्री पद कन्हैया लाल धाकड़ जरखोदा बूंदी को मिला है। प्रदेश संगठन मंत्री सोहन लाल



धाकड़ पलाई टोंक को मिला है। प्रदेश प्रचार मंत्री पद पर मुकेश नागर सिसोला की नियुक्ति हुई है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य किसन लाल धाकड़ उनियारा टोंक को बनाया गया है। बूंदी जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी पोखर लाल नागर को दी गई है। इन नियुक्तियों से धाकड़ समाज में उत्साह है।

## कोटा विश्वविद्यालय के पदोन्नत कर्मचारियों ने किया बॉम सदस्यों का घेराव



बढ़ता राजस्थान

**कोटा( विनोद गौड़ )।** कोटा विश्वविद्यालय में बुधवार को विश्वविद्यालय के नव पदोन्नत कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार करते हुए कुलपति सचिवालय पर प्रदर्शन कर धरना दिया। इस दौरान प्रबंध मंडल की बैठक में भाग लेने आए सदस्यों का घेराव कर उनको अपनी मांग से अवगत करवाया। कर्मचारी संघ अध्यक्ष हरीश नागर ने बताया कि मंत्रालयिक संवर्ग के पदों के पुनर्गठन उपरांत आदेश जारी कर 26 कार्मिकों को पदोन्नत किया गया था लेकिन उनका वेतन निर्धारण नहीं होने से कर्मचारियों को मानसिक और आर्थिक पीड़ा हो रही थी।

इसको लेकर सोमवार से पीड़ित कार्मिक सोमवार से कार्य बहिष्कार करते हुए कुलपति सचिवालय पर धरने पर बैठे थे। विश्वविद्यालय में प्रबंध मंडल की बैठक आयोजित हुई। जिसमें भाग लेने आए सदस्यों का कार्मिकों ने घेराव किया और अपनी मांग से अवगत करवाया। इस पर कुलपति प्रो कैलाश सोडाणी ने बैठक में सकारात्मक चर्चा करने का आश्वासन दिया।

# सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 25 मई को जिला कलक्टर ने तैयारियों की समीक्षा कर दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** 21मई को जिला कलक्टर श्री लोकबंधु ने बुधवार को 25 मई को आयोजित होने वाली यूपीएससी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के सुचारू, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी संचालन के लिए तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु ने कहा कि परीक्षा का आयोजन संघ लोक सेवा आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुरूप सख्ती से किया जाए। सभी कार्मिकों को निर्देशित किया गया कि वे आयोग की गाइडलाइन की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर कलेक्ट्रेट में स्थापित नियंत्रण कक्ष को तुरंत सूचित किया जाए।

और बताया कि परीक्षा केंद्र का गेट परीक्षा समय से 30 मिनट पूर्व बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी



को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। सभी अभ्यर्थियों को समय से केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ, पेजर, पेन ड्राइव, स्मार्ट घड़ियां, प्रोग्राम्ड डिवाइसेज, अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स एवं उपकरणों पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। केंद्र पर कोई स्टॉक रूम उपलब्ध नहीं होगा। इसके लिए परीक्षार्थी बैग एवं इलेक्ट्रॉनिक सामान नहीं लाएं। परीक्षा केंद्र में केवल पेन, पेंसिल, वैध पहचान पत्र एवं एडमिट कार्ड ही लाने की अनुमति होगी। महिला एवं पुरुष परीक्षार्थियों की गहन तलाशी सुनिश्चित करने के लिए गृह विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए । उन्होंने निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर जैमर लगाए जाएं । इससे नेटवर्क, वाईफाई एवं ब्लूटूथ को अवरुद्ध किया जा सकेगा। साथ ही केंद्रों पर स्वच्छ शौचालय, पेयजल, निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं मेटल डिटेक्टर की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। परीक्षा समन्वयक श्री नंदकिशोर प्रजापति द्वारा आयोग की गाइडलाइन से केंद्राधीक्षकों एवं विक्षकों को अवगत करवाया गया। बैठक में परीक्षा नियंत्रक श्रीमती वंदना खोरवाल, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अनिल जोशी सहित सभी संबंधित अधिकारी, केंद्राधीक्षक एवं विक्षक उपस्थित रहे।

# जिला कलक्टर ने किया शहर का निरीक्षण, व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के दिए निर्देश सीवरेज लाइन, सड़कों की मरम्मत, पेयजल आपूर्ति तथा निर्माणाधीन कार्यो का लिया जायजा

बढ़ता राजस्थान

**बारां ( लेखराज शर्मा )।** जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने बुधवार दोपहर शहर का निरीक्षण कर जनहित से जुड़ी आवश्यक सेवाओं और निर्माण कार्यों की स्थिति का जायजा लिया।

उन्होंने सीवरेज लाइन, सड़कों की मरम्मत, पेयजल आपूर्ति तथा निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाए और निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी कार्य पूरे किए जाएं। उन्होंने शहर में सीसी रोड़ मरम्मत व



अन्य खराब सड़कों की शीघ्र मरम्मत एवं सार्वजनिक उपयोग की निर्माणाधीन परियोजना सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट शाहाबाद रोड़ स्थित के कार्यो की गुणवत्ता और प्रगति देखी और समयबद्ध रुप से कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि बढ़ती गर्मी के कारण आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, स्वच्छता व्यवस्था, और यातायात की सुगमता जैसे बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। निरीक्षण के दौरान पीएचईडी एसई आलोक गुप्ता, अधिशासी अभियंता भुवनेश मीणा, तथा सहायक अभियंता मानसिंह सिंह मीणा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्राकृतिक खेती के महत्व व उपयोगिता की जानकारी दी: कृषि पर्यवेक्षक अनीता चौहान

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के भिनाय उपखंड की ग्राम पंचायत बड़ली में बुधवार को एक दिवसीय समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन पर किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में देवलिया कलां के सहायक कृषि अधिकारी श्रवण आचार्य ने कृषकों को पौधों में समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन व प्राकृतिक खेती के महत्व व उपयोगिता की जानकारी दी। कृषि पर्यवेक्षक श्रीमती अनीता चौहान ने कृषकों को सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। गोष्ठी में रामप्रसाद माली, ज्वाला प्रसाद शर्मा, पप्पू लाल टेपण, महेश चारण, कृष्ण गोपाल शर्मा सहित 50 प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया।

# राष्ट्र निर्माण में विप्र समाज का योगदान को लेकर संगोष्ठी रविवार को

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** फाउंडेशन एवं अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी की बैठक आगामी 25 मई 2025 रविवार को आयोजित होने वाली संगोष्ठी को लेकर बैठक का आयोजन हुआ मुखर्जी नगर सेक्टर 3 गंगाराम पाराशर प्रदेश उपाध्यक्ष पेपर फाउंडेशन के प्रतिष्ठान पर आयोजित बैठक में श्री ब्राह्मण धर्मशाला खिरनी घाट भरतपुर पर राष्ट्र निर्माण में विप्र समाज का योगदान विषय को लेकर की जा रही संगोष्ठी पर विचार विमर्श हुआ। वेक्टर फाउंडेशन जॉन 1 डीके युवा प्रदेश अध्यक्ष इंदु शेखर शर्मा ने बताया कि 11¬15 बजे आयोजित होने वाली संगोष्ठी में बिहारी लाल वशिष्ठ राष्ट्रीय अध्यक्ष मुख्य अतिथि होंगे विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रांतीय अध्यक्ष बृज प्रांत मथुरा राजेश पाठक, एलडी शर्मा प्रदेश अध्यक्ष जयपुर सुनील सुनील शर्मा जगतमणि जति अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा राजस्थान वेक्टर फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष गंगाराम पाराशर प्रदेश महामंत्री दयाचंद पचौरी अनिल भारद्वाज कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ सुनील पाराशर करेंगे कार्यक्रम में समाज की विभिन्न विभूतियां को सम्मानित किया जाएगा एवं संगठन की रीती नीतियों पर चर्चा रहेगी।

# बृज भूमि की पांच सूत्री मांग पत्र को लेकर ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** बृज भूमि कल्याण परिषद प्रदेश महामंत्री अनिल भारद्वाज की अगवाई में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम अतिरिक्त कलेक्टर घनश्याम शर्मा को पांच सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सोपा, सोपे गये ज्ञापन में ब्रज भूमि की प्रमुख मांग लोहा गढ़ किले के अंदर सिन्सिनी बुर्ज पर भगवान श्री कृष्ण की आदम कद मूर्ति जो की काफी समय से खंडित है लगाए जाने बुर्ज का व् कच्चे डंडे को सरक्षि त रखा जाने, मिट्टी के अप्रद न को रोकने के लिए सघन पेड व एनिकट बनाये जाए । किले के सामने घोड़ा घाट व खिरनी घाट टूटी सड़क को बनवाया जाने, चौबुर्जा बुर्ज की मरम्मत कराई जाने, किले की दीवारो व नहर की मोट वाल मे अनावश्यक पीपल बड़ व झड़िया आ गई है उन्हे कटवाया जाने, गंगा मंदिर की रियासित कालीन घडी बंद पड़ी है पुन्ह चालू कराया जाने की मांग की गई है इस अवसर पर इन्दु शेखर शर्मा पवन शर्मा केशव देव शर्मा मुरारी लाल सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# ब्लड बैंक के एसी में लगी आग: शॉर्ट सर्किट से हुआ हादसा, रक्त भंडार सुरक्षित; चिकित्सा कर्मियों ने मशक्कत के बाद पाया काब

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** धौलपुर के पुराने जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में बुधवार सुबह एक एयर कंडीशनर में आग लग गई। सुबह करीब 10 बजे एसी से धुआं निकलना शुरू हुआ। कुछ ही देर में इससे आग की लपटें निकलने लगीं।आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत अस्पताल प्रशासन को सूचना दी। चिकित्सा कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने की कार्रवाई शुरू की। ब्लड बैंक में रक्त भंडारण से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मशीनें और उपकरण रखे थे। चिकित्सा कर्मियों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। ब्लड स्टॉक भी सुरक्षित रहा। अस्पताल प्रशासन के अनुसार शॉर्ट सर्किट या एसी में तकनीकी खराबी से आग लगने की आशंका है। मामले की जांच की जा रही है।

# विधायक विनोद गोठवाल के नेतृत्व में कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली कल

बढ़ता राजस्थान

**पीलीबंगा,(राजेश खारडू)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के आदेशानुसार, जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन एवं पीलीबंगा विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनोद गोठवाल के सान्निध्य में 23 मई शुक्रवार को प्रात¬ 9 बजे गोलूवाला मंडल में संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बलबीर सिंह सिद्धू ने बताया कि यह रैली दयाराम सिहाग के घर के पास स्थित आंगनबाड़ी केंद्र चौक से रवाना होगी। सिद्धू ने सभी ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारिणी, मंडल कांग्रेस कार्यकारिणी, जिला कांग्रेस पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसजन, सरपंच, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति प्रधान, पंचायत समिति सदस्य, पूर्व नगरपालिका चेयरमैन, पार्षद, युवा कांग्रेस विधानसभाध्यक्ष, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष, युवक कांग्रेस के नगर अध्यक्ष, ओ.बी.सी. प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, सेवादल के ब्लॉक अध्यक्ष सहित सभी कांग्रेसजनों से आग्रह करते हुए इस संविधान बचाओ रैली में आवश्यक रूप से पहुंचने की अपील की है।

# राजा राम मोहन रॉय सामाजिक सेवा सम्मान से विभूषित हुए डॉ. मधु मुकुल चतुर्वेदी

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** वरिष्ठ भाजपा नेता, सेवा निवृत्त प्रोफेसर, साहित्यकार, समाजसेवी, पर्यावरणविद तथा राष्ट्रवादी विचारक डॉ. मधु मुकुल चतुर्वेदी को राजा राम मोहन रॉय सामाजिक सेवा सम्मान - 2025 से राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। भावना कला एवं साहित्य फाउंडेशन द्वारा महान समाज सुधारक तथा ब्रह्म समाज के संस्थापक राजा राम मोहन रॉय की 253 वीं जयंती के अवसर पर डॉ. चतुर्वेदी को संस्था की संस्थापक एवं अध्यक्ष भावना शर्मा द्वारा राजा राम मोहन रॉय सामाजिक सेवा सम्मान - 2025 प्रदान कर सम्मानित किया गया। डॉ. मधु मुकुल चतुर्वेदी को संगठनात्मक कार्यों का एक लंबा अनुभव है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ तथा विविध सामाजिक संगठनों में वे पिछले पैंतीस वर्षों से निरंतर सक्रिय हैं। शैक्षणिक एवं सामाजिक क्षेत्र में वे अपनी एक विशिष्ट पहचान रखते हैं। वे एक श्रेष्ठ समीक्षक, कुशल वक्ता तथा कुशल मंच संचालक भी हैं। डॉ. चतुर्वेदी अनेक सामाजिक क्षेत्रों में निरंतर सक्रिय हैं।

# झोलाछाप चिकित्सक के उपचार से हुई नर्सिंग छात्र की मौत, तो चेता प्रशासन

## बीसीएमओ के नेतृत्व में बनाई टीम, जांच के लिए निकली फील्ड में, सभी झोलाछाप गायब

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर में दो दिन पूर्व यानि सोमवार को झोलाछाप चिकित्सक के गलत उपचार के चलते सिंगोरई गांव निवासी 24 वर्षीय नर्सिंग छात्र अविनाश पुत्र खेमसिंह मीणा की मौत हुई थी। घटना के बाद परिजनों द्वारा फर्जी चिकित्सा के खिलाफ लापरवाही को लेकर कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया है। वही दूसरी और घटना को लेकर जिला कलेक्टर के निर्देश पर बाड़ी एसडीएम भगवत शरण त्यागी ने मंगलवार को एक विशेष टीम का गठन है।

जो शहर में झोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ जांच और कार्रवाई करेगी। बीसीएमओ डॉ गब्बर मीणा के नेतृत्व में टीम द्वारा बुधवार को शहर में जगह-जगह जाकर झोलाछाप चिकित्सकों को क्लीनिकों की जांच की गई लेकिन सभी क्लिनिक बंद मिले। बीसीएमओ डॉ गब्बर मीणा के नेतृत्व टीम द्वारा शहर और ग्रामीण क्षेत्र में संचालित झोलाछाप की जांच की लेकिन कोई मौजूद नहीं मिला। बताया जा रहा है की कार्रवाई की भनक लगने से सभी अपने फर्जी चिकित्सक क्लीनिक को बंद कर गायब हो गए। बीसीएमओ डॉ गब्बर मीणा ने बताया कि उनकी टीम डॉ घनश्याम,डॉ सुनील कुमार,आई ए सोनू कुमार, फार्मासिस्ट यशवीर कुमार एवं पुलिस जाप्ते के साथ सबसे पहले शहर के अंबेडकर पार्क के पास स्थित तंग गली में संचालित डॉ ठाकुर दास के क्लीनिक पहुची जिस पर ताला लगा मिला। इसके बाद गर्ल्स स्कूल, तुलसीवन रोड, रेलवे फाटक, सैपऊ रोड, बसेड़ी रोड, सरमथुरा रोड, संत नगर रोड पर चिन्हित किये गए झोलाछाप चिकित्सकों के यहां कार्रवाई करने पहुंची लेकिन सभी केंद्र बंद मिले। वहीं कसाई पाड़ा में भी कोई सेंटर खुला हुआ नहीं मिला। साथ में धनोरा रोड और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में जाकर भी झोलाछापों की तलाश की है लेकिन सभी गायब मिले। शहर में मेडिकल स्टोर की आड़ में मरीजों को देखने और प्रेक्टिस करने की भी शिकायत मिली है।

जिसको लेकर ऐसे मेडिकल स्टोर संचालकों को नोटिस दिए गए हैं। लगातार कार्रवाई अमल में लाई लाई जाएगी। किसी भी झोलाछाप को मरीज के जीवन से खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। झोलाछाप के खिलाफ क्लिनिक संचालित मिलने पर सील कर ठोस कार्रवाई करने के निर्देश है।

# खुले में कचरा जलाने वालों पर नगर परिषद की सख्त कार्रवाई

## चालान काटकर वसूला जुर्माना, सफाईकर्मियों को जारी किए कारण बताओ नोटिस



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** शहर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के लिए नगर परिषद सवाई माधोपुर द्वारा खुले में कचरा जलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई है। परिषद ने मुख्य बाजार क्षेत्र में इकट्ठा किए गए कचरे को आग लगाने पर दुकानदारों के चालान काटकर जुर्माना वसूला है। नगर परिषद आयुक्त नरसी मीना ने बताया कि नगर परिषद द्वारा प्रतिदिन मुख्य बाजार में कचरा संग्रहण के लिए ऑटो टिपर भेजे जाते हैं, फिर भी कुछ दुकानदार कचरे को टिपर में डालने की बजाय खुले में जलाकर वातावरण को प्रदूषित कर रहे हैं। इस तरह की गतिविधियों से न केवल प्रदूषण फैलता है, बल्कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था भी प्रभावित होती है। उक्त स्थिति को देखते हुए नगर परिषद कर्मचारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर दुकानदारों को समझाइश दी गई और नियमों की अवहेलना करने पर 1500 रुपये के चालान काटे गए। इसके साथ ही सफाई कार्य में लापरवाही बरतने पर 4 सफाईकर्मियों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किए गए हैं। आयुक्त नरसी मीना ने स्पष्ट किया कि नगर परिषद की गाड़ी का उपयोग नहीं कर खुले में कचरा जलाने की गतिविधि पर आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने समस्त दुकानदारों और नागरिकों से अपील की है कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें और कचरा निर्धारित स्थान या नगर परिषद की वाहनों में ही डालें। कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य निरीक्षक शिवराम मीना, अस्मत अली, शिवराज सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे!

# प्लेटफॉर्म गिग वर्कर्स के लिए ई-श्रम पंजीयन विशेष अभियान, 30 मई तक लगेंगे ब्लॉकवार शिविर

बढ़ता राजस्थान

**हनुमानगढ़, (राजेश खारडू)।** केंद्र सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा राज्य के श्रम विभागों के सहयोग से प्लेटफॉर्म आधारित गिग वर्कर्स के लिए 21 से 30 मई 2025 तक विशेष राष्ट्रव्यापी पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिलेभर में ब्लॉक स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। श्रम कल्याण अधिकारी श्री देवेंद्र मोदी ने बताया कि ज़ोमैटो, स्वीगी, ओला, ऊबर, रेडियो, अमेजन, फ्लिपकार्ट, ब्लिंकिट, ई.कार्ट, अर्बन कंपनी आदि जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कार्य करने वाले गिग वर्कर्स इस विशेष अभियान के तहत ई-श्रम पोर्टल पर नि:शुल्क पंजीकरण करवा सकते हैं।

मोदी ने बताया कि पंजीकरण के लिए श्रमिक की आयु 16 से 59 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा वह असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हो। साथ ही, वह ईपीएफओ या ईएसआईसी का सदस्य न हो और आयकरदाता भी न हो। शिविर में पंजीकरण के लिए श्रमिकों को आधार कार्ड, पैन कार्ड और आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ लाना अनिवार्य होगा। पंजीकृत श्रमिकों एवं उनके परिवार को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 5 लाख रुपए तक का वार्षिक स्वास्थ्य बीमा लाभ मिलेगा।

### ब्लॉकवार पंजीकरण शिविर स्थल

मोदी ने बताया कि नोहर में रेगर धर्मशाला के पास निर्मला इंस्टिट्यूट ऑफ पैरामेडिकल, रानी बाजार स्थित नौकरी प्वॉइंट, हनुमानगढ़ में एस.पी. ऑफिस के पास दुकान नं. 183 गोयल ई-मित्रा, सूरतगढ़ बाईपास के चुंगी नं. 8 स्थित डिजिटल सेवा केंद्र, संगरिया के नगरपालिका कार्यालय स्थित कमल ई-मित्रा, सीएससी एकेडमी सेंटर, टिब्बी सरकारी अस्पताल के पास नेशनल ई-मित्रा, तलवाड़ा झील स्थित हरीश डिजिटल्स, रावतसर के सिहाग कॉम्प्लेक्स स्थित चौधरी सीएससी एकेडमी, एमडब्ल्यू होटल के पास चौधरी ई-मित्रा सेंटर, भादरा के दरिया सिंह प्लाजा श्री श्याम सीएससी सेंटर, दाउद कटला स्थित भाटी ई-मित्रा सीएससी सेंटर, पीलीबंगा में बैंक ऑफ इंडिया के पास गुरूबाज ई-मित्रा, खेत्रपाल मंदिर के पास वार्ड नं. 12 में अभिनव ई-मित्रा पर पंजीकरण शिविर आयोजित होंगे।

# वित्तीय साक्षरता प्रबन्धन की दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**वैर / भरतपुर (नि.स.)।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत जगजीवनपुर के भोडा गांव में भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से चलाए जा रहे ,वित्तीय साक्षरता जिसमें सीएफल सेंटर टीम वैर ने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।इस कार्यक्रम में नरेगा पर सभी लोगों को द्वितीय साक्षरता के बारे में जानकारी दी वित्तीय साक्षरता केंद्र की ओर से सेंटर मैनेजर दिनेश चंद मीना, ग्राम पंचायत जगजीवनपुर से वीडियो पिंटू जोरवाल उपस्थित थे। करीब 80 प्रतिभागियों को , वित्तीय रूप से बचत निवेश खर्च गैर जरूरी खर्च और जरूरी खर्च व बैंक में सुरक्षित राशि बैंक अकाउंट व , डिजिटल बैंकिंग के बारे में जागरूक किया। साथ ही सिबिल स्कोर के बारे में भी बताया जिसमें एटीएम के द्वारा लेनदेन एवं एटीएम पर दुर्घटना बीमा, जीवन बीमा तथा कई अन्य सुविधाओं के बारे में समझाया गया। इसके अलावा भारत पेंशन योजना,सुकन्या समृद्धि योजनाओ , के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# गोचर भूमि पर कब्जा कर खेती कर रहे थे अतिक्रमणकारी: घेसुआ में खाली कराई 45 बीघा जमीन, ग्रामीणों ने कलेक्टर से की थी शिकायत



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** बाड़ी उपखंड के कंचनपुर थाना क्षेत्र के जरारी-घेसुआ गांव में 45 बीघा गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। इस भूमि पर एक दर्जन से अधिक लोगों ने कई वर्षों से कब्जा किया हुआ था और खेती कर रहे थे। ये कार्रवाई ग्रामीणों की शिकायत पर हुई।

करीब दो महीने पहले ग्राम पंचायत पुरा उलावटी के ग्रामीणों ने कलेक्टर श्रीनिधि बीटी से जनसुनवाई में शिकायत की थी। ग्रामीणों ने बताया कि उलावटी, रूपसपुर और जरारी-घेसुआ में गोचर भूमि पर अवैध कब्जे के कारण वे अपने पशुओं को चरा नहीं पा रहे हैं।

कलेक्टर के निर्देश पर बाड़ी एसडीएम भगवत शरण त्यागी की निगरानी में तहसीलदार उत्तमचंद बंसल ने राजस्व टीम बनाई। टीम की रिपोर्ट के आधार पर मंगलवार को कार्रवाई की गई।नायब तहसीलदार कंचनपुर बलवीर सिंह राणा की मौजूदगी में भू अभिलेख निरीक्षक सुनील कुमार और पटवारी दयाराम गुर्जर, जितेंद्र और विश्वेन्द्र की टीम ने कंचनपुर पुलिस के सहयोग से ये अतिक्रमण हटाया है। चार जेसीबी मशीन और चार ट्रैक्टरों की मदद से 7 घंटे में ये कार्रवाई पूरी हुई है।

# भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुण्यतिथि मनाई

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बाड़ी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री दूरसंचार क्रांति के जनक भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर सभी कार्यकर्ताओं ने पुण्यतिथि मनाई इसमें सभी वक्ताओं ने राजीव गांधी के विचारों के कार्यों पर प्रकाश डाला। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामेंद्र मीणा ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी दूरसंचार क्रांति का एक मील का पत्थर था जिसने ग्रामीण भारत को संचार नेटवर्क से जोड़कर सामाजिक आर्थिक परिवर्तन को गति दी राजीव ने भारत को डिजिटल युग की ओर ले जाने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उनकी विरासत आज भी भारत की विशाल टेलीकॉम और डिजिटल नेटवर्क में देखी जा सकती है ।

इस अवसर पर रोशनी शिवहरे जिला प्रभारी महिला सेवादल वरिष्ठ कांग्रेसी पार्षद राजकुमार भारद्वाज वरिष्ठ कांग्रेसी रामसेवक अजर पार्षद हरिसिंह पहाड़िया पंचायत समिति सदस्य केशव मीणा अंसार खान रामअवतार शर्मा अनिल अरेला कोषअध्यक्ष मनीष मंगल गजेंद्र गोस्वामी मंडल अध्यक्ष महादेव मीणा राजेश पायलट किसान संगठन ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार कंसाना ध्रुव शुक्ल रिजवान खान पप्पू सोलंकी छुट्टन रिजवी उपेंद्र गिरी गोस्वामी पंकज कुशवाहा ध्रुव शर्मा बाड़ी मंडल अध्यक्ष नईम खान कृष्ण परमार ऋषिपाल गुर्जर शिवकेश मीणा गोपेश शर्मा राजू शर्मा आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत ग्राम पंचायत गोयला में एक दिवसीय जागरुकता का शिविर का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले की सरवाड उपखंड के ग्राम गोयला में बुधवार को राष्ट्रीय प्राकृत खेती मिशन के तहत सहायक निर्देशक कृषी विभाग केकड़ी राम निवास जांगिड़ के निर्देशन में ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शिविर आयोजित हुआ शिविर में रासायनिक मुक्त खेती के बारे में जानकारी दी एवं रासायनिक मुक्त खेती के बारे में जानकारी दी रसायनिक खेती से होने वाले वायु प्रदूषण पर्यावरण तथा मानव स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान की जानकारी दी सहायक कृषि अधिकारी शंकर लाल धाकड़ ने कीटनाशक रसायनों की एवं उर्वरक के स्थान पर बीजामृत पंचगव्य जीवामृत पंचगव्य जीवामृत संजीवक नीया ब्रह्मास्त्र आग्नेयास्त्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी पूर्व सहायक कृषि अधिकारी सत्यनारायण ओझा ने कम्पोस्ट खाद तैयार करने की जानकारी दी तथा प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी कृषक स्वयं के स्तर पर तैयार करने की विधि बताई कृषी पर्यवेक्षक श्रीमती रचना चौधरी ने एवं महेश कुमार ने कृषि विभाग द्वारा किसानों को विभिन्न योजनाओं में दिए जा रहे अनुदान की जानकारी दी तार बंदी फार्म पोंड सिंचाई हेतु फंवारा कृषी यंत्र ट्रेक्टर संयंत्र उपकरण के बारे में जानकारी दी महिला कृषक संतरा देवी शांति सुरज्ञान कंचन देवी सहित सरपंच रामदेव गुर्जर किशन बापू बन्ना केशव सिंह राठौड़ औम सिंह राठौड़ दिनेश्वर सिंह राठौड़ नौरत मल घासी राम पूर्ण जगदीश अरिहंत हीरा माली भैरु माली नाथूराम भील श्रवण गुर्जर छीतर दरोगा खुम्म चंद गोपाल कुम्हार सहित कृषकों ने भाग लिया।कृषी पर्यवेक्षक श्रीमती रचना चौधरी ने सभी कृषकों को धन्यवाद दिया।

# शिक्षकों ने जल मंदिर पहुंचकर भीषण गर्मी में राहगीरों को शीतल जल के साथ पिलाया मीठा शरबत

## भीषण गर्मी में जल सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं : राजेश शर्मा


बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ की ओर से संचालित सार्वजनिक प्याऊ पर शिक्षकों ने तपती दुपहरी में शीतल जल के साथ मीठा शरबत पिलाकर राहगीरों के कंठ तर कर सामाजिक सरोकार निभाये। इस दौरान शिक्षाविद राजेंद्र कुमार शर्मा, रिटायर फौजी कैलाश चंद शर्मा ने अपने परिजनों के साथ जल मंदिर पर पहुंच कर अपनी माता जी स्वर्गीय श्रीमती श्यामा देवी की चौथी पुण्यतिथि के मौके पर राहगीरों को शीतल शरबत का प्रबंध किया । अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि भीषण गर्मी में जल सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है ।संगठन अपनी मांगों के साथ सामाजिक सरोकारों में भी अग्रणी भूमिका निभाता है। शर्मा ने बताया कि शिक्षक संघ के पदाधिकारियों द्वारा आपसी सहयोग से पिछले दस सालों से लगातार जल मन्दिर सार्वजनिक प्याऊ का संचालन किया जा रहा है।

# राष्ट्रवादी विचारक पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ की विचार गोष्ठी 23 को

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** सरकार भारती राजस्थान के तत्वाधान नो विशाल विचार गोष्ठी का आयोजन 23 मई गुरुवार को महाराणा प्रताप सभागार नगर निगम भीलवाड़ा में सायं 7 बजे आयोजित होगी जिसमें प्रखर राष्ट्र विचारक पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे विचार गोष्ठी की तैयारीयो को लेकर सहकार भारती, भीलवाडा जिले की बैठक आज अशोक नगर स्थित संस्कृति मंदिर में सहकार भारती के प्रदेश महामंत्री सी ए सुनील सोमानी कि अध्यक्षता में आयोजित हुई द्ध विचार गोष्ठी में पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ सहकारिता से सक्षम समृद्ध भारत विषय पर संबोधित करेंगे सहकार भारती राजस्थान पदाधिकारीयो ने विचार गोष्टी कि तेयारियो पर विस्तृत चर्चा की गई कार्यक्रम के दौरान सहकार गौरव सम्मान भी दिया जाएगा सरकार भारती मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर सरकार भारती भीलवाडा जिला अध्यक्ष सुभाष चेचानी, जिला महामंत्री दुर्गा लाल सोनी ,जिला संगठन प्रमुख रामनरेश विजयवर्गीय, प्रदेश सह कोष प्रमुख पुनीत सोमानी, जिला कोष प्रमुख नवनीत तोतला, सी ए प्रकोष्ट प्रमुख सी ए मनोज सोनी, विभाग महिला प्रमुख विजया सुराणा, जिला महिला प्रमुख प्रभा सिसोदिया, नगर अध्यक्ष संजय पांडे, नगर संगठन प्रमुख मुकुट बसेर,नगर महिला अध्यक्ष कविता विजयवर्गीय, नगर महिला महामंत्री कमलेश सेठी, जिला उपाध्यक्ष भेरू लाल बालदी, मनीष डाड, मनीष गर्ग सहित संगठन टीम और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सेवा कार्य-सैनिक लाईब्रेरी ने बांधे दाना-पानी के परिंडे



बढ़ता राजस्थान

**जजावर (पदम शाह)।** गर्मी को देखते हुए बेजुबान पक्षियों के लिए कस्बे के कई घने छायादार पेड़ो पर बुधवार को स्थानीय सैनिक लाईब्रेरी ने संस्था के छात्रों के सहयोग से बेजुबान पक्षियों के लिए दाना पानी की सुविधा करते हुए अलग अलग परिंडे बांधकर सेवाकार्य को अंजाम दिया। लाईब्रेरी निदेशक मनीष नागर ने बताया कि आज पक्षियों के ठहराव वाले छायादार पेड एवं स्थान चिन्हित कर पांच स्थानो पर पक्षियो के लिए पीने के पानी की सुविधा के लिए परिंडे बांधकर उनमे साफ शीतल पानी भरा गया एवं नियमित रुप से उसकी सार संभाल कर पानी रिफिल का संकल्प लिया गया। नागर ने बताया की इस दौरान दो स्थानो पर पक्षियो के लिए खाली बिना पानी वाले परिंडे भी लगाए गए जिनमे बाजरा एवं चावल मिक्स कर दाना डाला गया।

# उद्यमियों को राहत प्रदान करने हेतु नीतियों में किए गए सरलीकरण एवं नवीन ऋण योजनाओं की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

चितौड़गढ़,(नि.स.)। राजस्थान वित्त निगम, भीलवाड़ा शाखा द्वारा उद्यमियों को राहत प्रदान करने हेतु नीतियों में किए गए सरलीकरण एवं नवीन ऋण योजनाओं के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से बुधवार को जिला उद्योग केंद्र एंव वाणिज्य विभाग, चितौड़गढ़ में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में शाखा प्रबंधक अशोक मौर्य एवं उप प्रबंधक आलोक निगम द्वारा उपस्थित उद्यमियों को निगम की योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। प्रमुख घोषणाएँ इस प्रकार रहीः युवा उद्यमिता प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत ब्याज अनुदान सीमा 1.50 करोड़ से बढ़ाकर 2.00 करोड़ की गई। अन्य ऋण योजनाओं में प्रोसेसिंग फीस में 50त्न की कटौती की गई। नई एमएसएमई ऋण योजना के तहत तकनीकी सुधार व ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट हेतु ? 20 करोड़ तक ऋण 9.50त्न ब्याज दर पर उपलब्ध होगा। फ्लेक्सी ऋण योजना में पुनर्भुगतान अवधि 5 वर्ष से बढ़ाकर 7 वर्ष की गई है। बैठक में रीको, जिला उ?द्योग केन्द्र के अधिकारियों राहुल देव सिंह महाप्रबन्धक, मोहित सिंह सहायक आयुक्त, भीलवाड़ा के चार्टर्ड अकाउंटेंट तथा विभिन्न उद्यमियों ने भाग लेकर अपनी सक्रिय सहभागिता प्रदान की।

# शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सवः पांच दिवसीय कार्यक्रम 24 मई से चौमहला में

बढ़ता राजस्थान

चौमहला(आबिद हुसैन)। श्री राम हनुमान मंदिर परिसर में नव निर्मित मंदिर में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की धूम मचने जा रही है। यह पांच दिवसीय महोत्सव 24 मई से शुरू होगा, जिसमें विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे।आयोजक परिवार के ईश्वर राठौर के अनुसार, महोत्सव की शुरुआत 24 मई को प्रातः 8 बजे सत्यनारायण मंदिर से कलश यात्रा के साथ होगी। इसके बाद, 25 से 28 मई तक मंदिर परिसर में यज्ञ होगा, जिसे यज्ञाचार्य पंडित महेंद्र पुरोहित के मार्गदर्शन में संपन्न किया जाएगा।

# संविधान बचाओ रैली में कांग्रेस का मोदी सरकार पर तीखा हमला आरक्षण व सामाजिक न्याय खत्म करने की साजिश रचने का आरोप

## राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि, भाजपा पर लगाए संविधान तोड़ने के गंभीर आरोप

बढ़ता राजस्थान




**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बुधवार को भीलवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 'संविधान बचाओ रैली' का आयोजन किया गया। इस रैली का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने किया, जबकि जिला कार्यक्रम प्रभारी प्रभारी उर्मिला योगी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव विधानसभा प्रभारी कैलाश झालीवाल और पूर्व मंत्री रामलाल जाट की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की 'संविधान विरोधी नीतियों' के विरुद्ध जमकर प्रदर्शन किया। रैली के पश्चात सूचना केंद्र चौराहे पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेसजनों ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी को उनके बलिदान दिवस पर पुष्प अर्पित कर याद किया। इस दौरान वक्ताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। भीलवाड़ा जिला कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज कर लोकतांत्रिक आवाजों को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे असल मुद्दों से भटकी रहे, इसके लिए यह सब किया जा रहा है। पूर्व मंत्री रामलाल जाट ने कहा कि आज जरूरत है कि हम पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के बताए रास्ते पर चलें, जिन्होंने 18 वर्ष के युवाओं को मताधिकार और पंचायत राज संस्थाओं को सशक्त बनाकर लोकतंत्र को जमीनी स्तर तक पहुंचाया। भाजपा जिस संविधान को तोड़ने की कोशिश कर रही है, कांग्रेस उसे बचाने के लिए सड़क से संसद तक लड़ेगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव विधानसभा प्रभारी कैलाश झालीवाल ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार देश को संविधान से हटाकर एक व्यक्ति की सत्ता में बदलने की कोशिश कर रही है। दो-तिहाई बहुमत की मांग केवल इसलिए है ताकि आरक्षण को खत्म किया जा सके और वंचित वर्गों को फिर से हाशिए पर धकेला जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा आरक्षण, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक संस्थाओं को व्यवस्थित रूप से कमजोर कर रही है। जिला कार्यक्रम प्रभारी पूर्व राज्य मंत्री उर्मिला योगी ने कहा कि केंद्र सरकार पर जातिगत जनगणना को टालने का भी आरोप लगाया और कहा कि जब तक समाज के वास्तविक आंकड़े सामने नहीं आते, तब तक संसाधनों का न्यायपूर्ण वितरण असंभव है। भाजपा जातिगत जनगणना से डरती है क्योंकि इससे उनकी वर्गीय राजनीति उजागर हो जाएगी। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारे लगाए 'संविधान बचाओ, आरक्षण बचाओ', 'जातिगत जनगणना कराओ', 'भाजपा की तानाशाही नहीं चलेगी'। रैली में महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# वस्त्रनगरी में अत्यंत उत्साह के साथ निकली तिरंगा रैली

## उपमुख्यमंत्री ने तिरंगा रैली में वीर शहीदों को अर्पण की भावभीनी श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता व भारतीय सैना के शौर्य एवं पराक्रम के सम्मान में मंगलवार को जिले में आयोजित तिरंगा रैली अत्यंत हर्ष एवं उल्लास के साथ आयोजित हुई। रैली में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के जश्न में वाहनों का काफिला देशभक्ति के गीत बजाते हुए बढ़ा। शौर्य से भरपूर तिरंगा यात्रा शहर के मुख्य चौराहों से होते हुए राजेंद्र मार्ग विद्यालय पहुंची। मंगलवार को जिले में आयोजित तिरंगा रैली के जरिए उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचन्द बैरवा ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी, इसी के साथ रैली का शौर्य से भरपूर आगाज हुआ। रैली में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों ने भी हिस्सा लिया। शहर में कई जगहों पर लोग उत्साह और देशभक्ति के जोशीले नारों और गीतों से जोश से सराबोर नजर आए। बाजारों में तिरंगे झंडे लहराते नजर आए। भारतीय सेना को 'ऑपरेशन सिंदूर' में मिली ऐतिहासिक जीत का जश्न मंगलवार को शहरवासियों ने तिरंगा यात्रा निकालकर मनाया।

जिलेवासियों ने आतिशबाजी कर सेना के पराक्रम को सेल्यूट किया। हजारों लोगों ने तिरंगा यात्रा में हिस्सा लेकर देश के वीर जवानों के प्रति अपनी एकजुटता दिखाई। रैली में समाज के हर वर्ग के महिला-पुरुष और बच्चे उत्साह के साथ शामिल हुए। दोपहिया और चारपहिया वाहनों का काफिला रैली के रूप में देशभक्ति के गीत बजाते हुए शहर के मुख्य मार्गों से गुजरा। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लहराते और चेहरे पर भारतीय सैनिकों की बहादुरी व समर्पण के प्रति गर्व की भावना लिए रैली के जरिए राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया।

महिलाएं और बच्चे भी हाथों में तिरंगा लिए भारतीय सेना के सम्मान को नमन करने नजर आए। तिरंगा रैली में सांसद दामोदर अग्रवाल, जिला प्रमुख बरजी देवी, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा, पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, स्थानीय विधायक अशोक कोठारी, मांडल विधायक उदय लाल भडाणा, आसींद विधायक जब्बर सिंह, सहाड़ा विधायक लादूलाल पितलिया, मांडलगढ़ विधायक गोपाललाल खंडेलवाल, शाहपुरा विधायक लालाराम बेरवा, तिरंगा यात्रा के संयोजक एवं नगर निगम के महापौर राकेश पाठक, पूर्व विधायक विट्ठलशंकर अवस्थी, सहाड़ा के पूर्व विधायक बालूलाल चोधरी, सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# जिला मुख्यालय पर आयोजित भाजपा की तिरंगा यात्रा में कपासन के जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** जिला मुख्यालय चित्तौड़गढ़ पर भाजपा द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा में नगर पालिका कपासन क्षैत्र के जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों द्वारा शिरकत की गयी। जानकारी अनुसार जिला मुख्यालय पर भाजपा द्वारा बुधवार को आयोजित तिरंगा यात्रा में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कपासन पंकज सिरोया की अगुवाई में नगर पालिका अध्यक्ष मंजूदेवी सोनी,नगर पालिका उपाध्यक्ष एजाज अली,ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद नंदकिशोर टेलर,भाजपा एससी मोर्चा जिला संयोजक भागीरथ चंदेल,पूर्व नगर पालिका कपासन अध्यक्ष गजेंद्र बाघमार,महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष रानी सिरोया,भाजपा नगर मंडल महामंत्री एवं नपा पार्षद अशोक विजयवर्गीय,किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभूलाल बागड़ा,बूथ अध्यक्ष मुकेश सिरोया,महिला मोर्चा सदस्य सुनीता भदादा,नपा पार्षद वंदना सोनी,विजय श्री सिरोया,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी आदि भाजपा नगर मंडल कपासन के पदाधिकारियों एवं कई कार्यकर्ताओं द्वारा बढ़चढकर भाग लिया गया।उक्त तिरंगा यात्रा जिला मुख्यालय पर पाडन पोल से प्रारंभ होकर सुभाष चौक पहुंचकर संपन्न हुई।

# संभागीय आयुक्त ने ली संभाग एवं जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**चितौड़गढ़,(नि.स.)।** संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी ने आज बुधवार को चित्तौडगढ़ के डीओआईटी के वीसी रूम से संभाग स्तरीय बैठक ली। जिसमें संभाग के सभी जिला अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारीयों ने भाग लिया। संभागीय आयुक्त में चित्तौड़गढ़ जिले के बेगू क्षेत्र के ग्राम धुलखेडा के वार्ड नं. 25 में दूषित जल से उल्टी दस्त रोग फैलने की सूचना पर 16 मई को हुए बीमार लोगो की जानकारी ली। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जन स्वा. अभियात्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता, नगर पालिका के अधिकारी को जांच एवं सर्वे हेतु निर्देशित किया। धूलखेडा में प्रभावित क्षेत्र में विभाग द्वारा टेंकरों के माध्यम से जलापूर्ति चालू रखने के निर्देश भी वीसी के माध्यम से दिए। वीसी मे जिला कलक्टर आलोक रंजन, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रभा गौतम, विनोद मल्होत्रा,उपखण्ड अधिकारी बीनू देवल, सहित संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि पर नगर कांग्रेस कमेटी कपासन ने श्रद्धासुमन अर्पित किये

बढ़ता राजस्थान




कपासन (नि.स.)। भारत रत्न एवं आधुनिक भारत के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि पर नगर कांग्रेस कमेटी कपासन द्वारा स्थानीय कांग्रेस कार्यालय परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमे नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शंकरलाल प्रजापत की अध्यक्षता में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भारत रत्न एवं आधुनिक भारत के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प एवं माला के साथ श्रद्धासुमन अर्पित किये गये।इसके बाद कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा राजीव गांधी अमर रहे जब तक सूरज चांद रहेगा राजीव तेरा नाम रहेगा आदि नारों के साथ विचार व्यक्त कर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के जीवन एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया।साथ ही वक्ताओं द्वारा भारत देश का संविधान बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी को मजबूत कर स्व. राजीव गांधी के अधूरे कार्य को पूरा करने का आह्वान किया गया। इस मौके पर पूर्व नगर अध्यक्ष हिमांशु बारेगामा,पूर्व कांग्रेस नगर अध्यक्ष कपासन एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद हाजी अब्दुल रहमान मंसूरी,पूर्व ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष सैयद अख्तर अली बुखारी,नगर उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया,लक्ष्मीनारायण व्यास, आईटी सेल प्रदेश महासचिव अकरम मंसूरी,प्रवक्ता किशनलाल प्रजापत,दीनबंधु सोमानी,सुनील प्रधान, महासचिव राकेश बारेगामा,देवेंद्र सेन,पार्षद रोशन सोनी,नगर सचिव इकबाल नीलगर,पूर्व ब्लॉक प्रवक्ता मधुसूदन कुमावत,पार्षद प्रतिनिधि रफीक अंसारी,पूर्व पार्षद छगनलाल जाट,पूर्व नपा पार्षद अशरफ हुसैन, शिवशंकर उपाध्याय,सत्यनारायण चोटिया,गोपाल सेन,बूथ अध्यक्ष सत्यनारायण सेन,सुरेश सोमानी, रतनलाल पुर्बीया,जमील खा पठान,गोपाल बारेगामा, कैलाश चंदेल,रामपाल सरगरा आदि कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खाते में एक रुपया नहीं आया और प्रशासन ने मुख्यमंत्री कार्यालय को बता दिया 5 लाख रुपये सफलतापूर्वक भुगतान

## जिला कलेक्टर कार्यालय ने तलवास अग्निकाण्ड के पीड़ित परिवार को मुआवजे के संदर्भ में भेजी गलत रिपोर्ट, दिवंगत छात्र के पिता ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर की कार्यवाही की मांग

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** तलवास अग्निकांड के बूंदी निवासी पीड़ित परिवार को मुआवजे के संदर्भ में बूंदी जिला कलेक्टर कार्यालय के द्वारा मुख्यमंत्री कार्यालय को गलत रिपोर्ट भेजने का मामला सामने आया है।तलवास अग्निकांड में दिवंगत छात्र रितेश शर्मा के पिता बूंदी नाहर का चोहट्टा निवासी लोकेश शर्मा ने बुधवार को इस मामले में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर बूंदी जिला प्रशासन पर उनके परिवार के जख्मो पर मरहम लगाने के बजाय नमक छिड़कने का आरोप लगाया है।

**मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कार्यवाही की मांग :** बुधवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को लिखे पत्र में लोकेश शर्मा ने कहा कि उनके पुत्र स्व.रितेश शर्मा की 7 अक्टूबर 2024 को अग्निकांड से मृत्यु हो गयी थी। इसके बाद 7 अप्रैल 2025 को वह न्याय की मांग को लेकर बूंदी सर्व ब्राह्मण महासभा के प्रतिनिधिमंडल के साथ जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुख्यमंत्री निवास पर मिले थे और न्याय की मांग की थी। प्रतिनिधि मंडल मे महासभा के जिलाध्यक्ष मिथिलेश दाधीच व अन्य प्रबुद्ध गणमान्य लोग सम्मिलित थे। लोकेश शर्मा ने मुख्यमंत्री से इस मामले में दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। शर्मा ने पत्र की प्रति ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष मिथिलेश दाधीच को भी भेजी है।

**कलेक्टर कार्यालय ने भेज दी सफलतापूर्वक भुगतान की रिपोर्ट :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिलने के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय ने बूंदी जिला कलेक्टर से पीड़ित परिवार को मुआवजे व न्याय के संदर्भ में रिपोर्ट मांगी थी। जिस पर 10 अप्रैल 2025 को कार्यालय जिला कलेक्टर बूंदी के द्वारा मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी गयी रिपोर्ट में बताया गया कि पीड़ित परिवार को 5 लाख रुपये की मुआवजा राशि का भुगतान सफलतापूर्वक कर दिया गया है। लोकेश शर्मा ने बताया कि जवाब की प्रति महासभा के जिला अध्यक्ष मिथिलेश दाधीच को भी भेजी गयी थी। जब दाधीच ने उन्हें भी प्रति भेजी और उन्होंने प्रशासन के जवाब को पढ़ा तो बड़ा दुख हुआ।

### मुझे अभी तक एक रुपया भी मुआवजा नही मिला

पीड़ित लोकेश शर्मा ने कहा कि जिला कलेक्टर कार्यालय में 10 अप्रैल 2025 को ही मुख्यमंत्री कार्यालय को रिपोर्ट भेज दी कि मेरे परिवार को भी 5 लाख रुपये का भुगतान सफलतापूर्वक कर दिया गया है जबकि वास्तविकता यह है कि 10 अप्रैल 2025 को सफलतापूर्वक भुगतान की तो बात छोड़िये आज 21 मई 2025 तक एक रुपये का भी भुगतान उनके परिवार को नहीं किया गया है।

# अधिवक्ता गण द्वारा एक दिवसीय न्यायिक कार्य स्थगन कर विरोध किया



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला(आबिद हुसैन)।** झालावाड़ जिले के अभिभाषक परिषद चौमहला द्वारा बुधवार को एक दिवसीय न्यायिक कार्य स्थगन किया। बार अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि मांगरोल एसडीओ अंजना सहरावत पूर्ण रूप से भ्रष्टाचार में लिप्त है तथा पक्षकारों व अधिवक्ताओं से दुर्व्यवहार करती है एवं अपने पद का दुरुपयोग कर रही है। अपनी राजनैतिक अप्रोच के चलते मनमानी कर रही है एसडीओ की कार्यशैली को लेकर बारां जिले की अभिभाषक परिषद मांगरोल द्वारा एसडीओ अंजना सहरावत का बहिष्कार किया जा रहा है। तथा उसे हटाने की मांग की जा रही है, इसके समर्थन में अभिभाषक परिषद हाडोती संभाग, राजस्थान द्वारा एक दिवसीय कार्य स्थगन का आव्हान किया गया। जिसके समर्थन में अभिभाषक परिषद चौमहला द्वारा माननीय न्यायालय अतिरिक्त मुख्य न्यायिक एवं वरिष्ठ सिविल न्यायालय चौमहला तथा न्यायालय उपखंड अधिकारी गंगधार में एक दिवसीय न्यायिक कार्य स्थगित रखा। साथ ही माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम एसडीओ गंगधार को ज्ञापन दिया एवं मांग की गई कि भ्रष्टाचार में लिप्त एसडीओ अंजना सहरावत मांगरोल को तुरंत प्रभाव से हटाया जाए तथा जांच कमेटी गठित कर दोषी एडीओ के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जावे। इस दौरान स्थानीय बार के वरिष्ठ अधिवक्ता सत्यनारायण जोशी, रतनलाल राठौर, मानसिंह परमार, लियाकत अली, बार के सचिव प्रशांत सोनी, कोषाध्यक्ष गोविंद सिंह, अधिवक्ता एहसान मंसूरी,लोकेश त्रिवेदी, विनोद व्यास, राजेंद्र छानवाल, असगर अली, भैरूलाल राठौर, यशवंत सिंह परमार, शिवराज सिंह, मिर्जा कामिल बेग, नेपाल सिंह, कन्हैया लाल प्रजापत, कमल सिंह, रघुनाथ सिंह सहित बार के अधिवक्ता का मौजूद रहे।

# 'केकेआर के साथ हुई बेईमानी!', आईपीएल 2025 से बाहर होने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्सने बीसीसीआई पर लगाए गंभीर आरोप

नई दिल्ली।

आईपीएल 2025 भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते 9 मई को स्थगित कर दिया गया था। 10 दिन की देरी के बाद टूर्नामेंट फिर से शुरू हुआ तो बारिश बाधा बन गई। 17 मई से आईपीएल का फिर से आगाज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइटराइडर्स के मैच से हुआ। बेंगलुरु में खेला जाने वाला ये मैच बगैर टॉस के ही बारिश के कारण रद्द हो गया और दोनों टीमों को एक-एक अंक से संतोष करना पड़ा। ये केकेआर का दूसरा मैच था, जो बारिश की भेंट चढ़ा था। इस मैच के धुलने से केकेआर टूर्नामेंट से बाहर हो गई थी। अब अगले मैचों में बारिश के आसार को देखते हुए बीसीसीआई ने अचानक बीच आईपीएल नियम बदलते हुए मैचों में अतिरिक्त एक घंटा देने का फैसला लिया है, जिस पर केकेआर के सीईओ ने सवाल उठाए हैं।

### 'अगर ये नियम तब लागू होता तो'

आईपीएल सीओओ को भेजे गए एक मेल में केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने बीसीसीआई पर निशाना साधते हुए शिकायत की है कि सीजन के बीच में लागू किए जा रहे नियमों में और अधिक एकरूपता हो सकती थी। सीईओ ने बताया कि केकेआर और आरसीबी के बीच मैच आईपीएल 2025 के फिर से शुरू होने के बाद पहला मैच था। अगर ये नियम तब लागू किया गया होता तो जरूरी नहीं था कि वह मैच बारिश की वजह से रद्द हो जाता।

### 'पांच ओवर का खेल होने की संभावना होती'

उन्होंने कहा कि मैच से पहले ही बेंगलुरु में बारिश के कारण बाधित होने का उच्च जोखिम था। इसके बाद पूर्वानुमान सभी के सामने था। न केवल मैच रद्द हो गया, बल्कि अब लागू किया जा रहे अतिरिक्त समय में कम से कम 5 ओवर का खेल होने की संभावना हो सकती है।

### 'आप भी समझ सकते हैं कि हम क्यों दुखी हैं'

केकेआर के सीईओ ने कहा कि उस मैच के बारिश की भेंट चढ़ जाने से केकेआर के प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना भी खत्म हो गई। इस तरह के तदर्थ फैसले और उन्हें लागू करने में असंगतियां इस स्तर के टूर्नामेंट के लिए उचित नहीं हैं। मुझे यकीन है कि आप भी समझ सकते हैं कि हम क्यों दुखी हैं।

### सबसे ज्यादा केकेआर पर पड़ी बारिश की मार

बता दें कि बता दें कि केकेआर के 13 मैचों में पांच जीत, छह हार और दो बेनतीजा मैच के साथ कुल 12 अंक हैं। इस सीजन में बारिश की मार सबसे ज्यादा केकेआर पर ही पड़ी है। 26 अप्रैल को उसका पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहा था। उसके बाद 17 मई को आरसीबी के खिलाफ मैच भी बारिश की भेंट चढ़ गया और ये टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई।





# 3 खिलाड़ी जिन्हें आईपीएल 2026 से पहले एलएसजी हर हाल में करेगी रिटेन







नई दिल्ली। आईपीएल के 18वें सीजन का कारवां लगातार आगे की तरफ अग्रसर है। आईपीएल के इस सीजन में कुछ टीमों का सफर लगभग खत्म हो चुका है, तो वहीं कुछ टीमों के बीच प्लेऑफ की जंग रोचक मोड़ पर खड़ी है। इसी बीच लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम इस सीजन निराशाजनक प्रदर्शन के बीच बाहर होने की राह पर खड़ी है।

### आईपीएल 2026 में एलएसजी इन 3 खिलाड़ियों को हर हाल में करेगी रिटेन

लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम इस सीजन काफी खराब खेली है। लेकिन इसी बीच टीम के कुछ खिलाड़ियों का कमाल का प्रदर्शन रहा। जिन्हें वो आईपीएल 2026 (आईपीएल 2026) में हर हाल में रिटेन कर सकती है। चलिए आपको इस आर्टिकल में आपको बताते हैं वो 3 खिलाड़ी जिसे लखनऊ सुपरजायंट्स अगले सीजन से पहले हर हाल में कर सकती है रिटेन।

### दिग्वेश राठी

लखनऊ सुपरजायंट्स के अनकैप्ड युवा स्पिन गेंदबाज दिग्वेश राठी ने इस सीजन धमाल मचाया है। उन्हें इस सीजन जो मौका मिला उसे उन्होंने दोनों हाथों से भुनाया और ना सिर्फ विकेट निकाले बल्कि रनों पर भी अंकुश लगाया। दिग्वेश राठी ने इस साल अब तक 12 मैच खेले, जिसमें उन्होंने 14 विकेट हासिल किए हैं। वहीं 8.18 की इकॉनोमी से रन खर्च किए। अब उन्हें एलएसजी की टीम आईपीएल 2026 (आईपीएल 2026) के लिए हर हाल में रिटेन कर सकती है।

### मिचेल मार्श

ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर खिलाड़ी मिचेल मार्श आईपीएल के इस सीजन में लखनऊ सुपरजायंट्स से खेल रहे हैं और उन्होंने इस सीजन जबरदस्त बल्लेबाजी खेली है। इस सीजन मिचेल मार्श को ओपनिंग में मौका मिला और वो लगातार अच्छी बल्लेबाजी करते हुए नजर आए। जहां उन्होंने अब तक खेले 11 मैच में 40 के करीब की औसत से 443 रन बनाए हैं। मार्श ने इस सीजन के प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें रिटेन किया जाना तय है।

### निकोलस पूरन

लखनऊ सुपरजायंट्स के लिए इस सीजन भी रिटेन किए गए स्टार बल्लेबाज निकोलस पूरन का कमाल देखने को मिला है। आईपीएल के इस सीजन निकोलस पूरन का खतरनाक प्रदर्शन देखने को मिला है। जहां उन्होंने एक के बाद एक कई आकर्षक पारियां खेली हैं। जहां उन्होंने अब तक इस सीजन 12 मैच में करीब 200 की स्ट्राइक रेट से 41.36 की औसत से 455 रन बनाए हैं। ऐसे प्रदर्शन के बाद पूरन को स्स्त्र आईपीएल 2026 (आईपीएल 2026) में सबसे पहले रिटेन करेगी।

# राजस्थान रॉयल्स ने आखिरी मैच में जीत के बाद कप्तान संजू सैमसन ने इन 2 खिलाड़ियों की तारीफ के बांधे पूल, इसे बताया भारत का भविष्य



नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन में राजस्थान रॉयल्स ने अपना समापन जीत के साथ किया। इस सीजन लगातार खराब प्रदर्शन कर प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली राजस्थान रॉयल्स ने अपने अंतिम मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को 6 विकेट से हराकर शानदार जीत हासिल की। दिल्ली में चेन्नई सुपर किंग्स पर मिली जीत से संजू सैमसन काफी खुश नजर आए।

### आखिरी मैच में जीत से संजू सैमसन ने ली राहत की सांस

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने इस जीत के बाद राहत की सांस ली। इस सीजन राजस्थान रॉयल्स 14 मैचों में सिर्फ 4 मैच जीत सकी और 8 अंक ही जुटा सकी। रॉयल्स की इस बेहतरीन जीत के बाद कप्तान संजू सैमसन ने मैच के बाद अपनी टीम की जमकर तारीफ की।

### जोफ्रा-संदीप की गैरमौजूदगी में युवा गेंदबाजों ने किया कमाल- संजू सैमसन

राजस्थान रॉयल्स की शानदार जीत के बाद संजू सैमसन ने प्रेजेंटेशन सेरेमनी में कहा कि, हमने इस बार ठान लिया था कि अपनी कमजोरियों को अनदेखा नहीं करेंगे। इसी वजह से लक्ष्य का पीछा करने का फैसला किया। हमारे पास युवा गेंदबाजी आक्रमण था। जोफ्रा आर्चर और संदीप शर्मा की गैरमौजूदगी में युवा गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और योजना के मुताबिक गेंदबाजी की।

### आकाश मधवाल के मुरिद हुए कप्तान संजू सैमसन

संजू सैमसन ने आगे प्लेयर ऑफ द मैच रहे अपनी टीम के तेज गेंदबाज आकाश मधवाल की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि, आकाश (मधवाल) लगातार मेहनत कर रहे हैं और उन्होंने शेन बॉन्ड के साथ भी काफी करीब से काम किया है। इसके बाद संजू सैमसन ने ये भी कहा कि, कई मौकों पर मैच का अंतर इतना कम रहा कि हार-जीत का फैसला कर पाना मुश्किल था।

### वैभव सूर्यवंशी को संजू ने बताया भारत का सुनहरा भविष्य

संजू सैमसन राजस्थान रॉयल्स के 14 साल के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के कायल हो गए और उन्हें भारत का सुनहरा भविष्य करार दिया। कप्तान ने कहा कि, वैभव ने जयपुर में जो शतक लगाया था, वो बेमिसाल था। वो लेग साइड में भी अच्छी बल्लेबाजी करते हैं और स्लो डिलीवरी को कवर के ऊपर से खेलने का हौंसला रखते हैं। आज भी उन्होंने मिडिल ओवर्स में बेहतरीन बैटिंग की और हर गेंद पर शॉट नहीं मारा, जो उनकी समझदारी को दिखाता है। वह भारतीय क्रिकेट का सुनहरा भविष्य हैं।

# प्रो कबड्डी लीग 2025

## गुजरात जाइंट्स के जयवीर शर्मा बने नए हेड कोच

अहमदाबाद।



प्रो कबड्डी लीग 2025 की प्लेयर ऑक्शन 31 मई से एक जून तक होने वाली है। इसके पहले, अदानी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व वाली गुजरात जाइंट्स ने नए सत्र के लिए रणनीतिक बदलाव करते हुए अपनी कोचिंग स्टाफ में बदलाव किया है। जयवीर शर्मा को गुजरात जाइंट्स का नया हेड कोच नियुक्त किया गया है, जबकि वरिंदर सिंह संधू असिस्टेंट कोच की भूमिका निभाएंगे। तीन दशकों से अधिक अनुभव वाले जयवीर भारतीय कबड्डी के सबसे सम्मानित कोचों में से एक हैं। वह चैंपियनशिप जीतने वाले कोच हैं और उनके पास शानदार रिकॉर्ड के साथ गहन तकनीकी समझ भी है। 1992 से स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) के साथ काम कर रहे जयवीर ने कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के करियर को आकार दिया है। उनकी कोचिंग में भारतीय टीम ने एशियाई खेलों, कबड्डी वर्ल्ड कप और कई बड़े टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल जीते हैं।

जयवीर शर्मा ने फ्रेंचाइजी की ओर से जारी एक बयान में कहा, गुजरात जाइंट्स का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं। मैं टीम में एक निडर और विनम्र सोच विकसित करना चाहता हूं, ताकि हम पीकेएल में सबसे मजबूत दावेदार बन सकें। अदानी स्पोर्ट्सलाइन का धन्यवाद, जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और यह अवसर दिया। मैं ऑक्शन और टीम बनाने के लिए उत्सुक हूं।

2017 से पीकेएल में खेल रही गुजरात जाइंट्स ने कई सितारों जैसे रोहित गुलिया, सचिन तंवर, सुनील कुमार, पर्वेश भैंसवाल और पवन सहरावत को निखारा है, जो लीग के अहम खिलाड़ी बन गए हैं। गुजरात जाइंट्स को युवा कोचिंग टैलेंट को मौका देने का भी गर्व है। इसका उदाहरण है मनप्रीत सिंह, जो अब तक पीकेएल के सबसे सफल कोचों में से एक हैं।

इस परंपरा को जारी रखते हुए वरिंदर संधू को टीम में शामिल किया गया है। वरिंदर के पास 17 साल भारतीय सशस्त्र बलों में सेवा का अनुभव है। वे नेतृत्व, अनुशासन और आधुनिक तकनीकी कौशल लेकर आए हैं। वरिंदर जयवीर के मार्गदर्शन में पीकेएलकी दुनिया में कदम रखेंगे। वरिंदर भारतीय महिला कबड्डी टीम के हेड कोच रह चुके हैं और 19वें एशियाई खेल 2023 (हांग्जो, चीन) और 6वें एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप 2025 (ईरान) में कई ऐतिहासिक गोल्ड मेडल जीताए हैं। उन्होंने पंजाब राज्य टीम और भारतीय वायु सेना को भी नेशनल गेम्स 2023 और 2025 में कोचिंग दी है।

# वैभव सूर्यवंशी ने धोनी के पैर छुए

## धोनी और सैमसन के टी-20 में 350 छक्के पूरे म्हात्रे हैट्रिक चौके लगाने के बाद आउट

नई दिल्ली।

आईपीएल-18 के 62वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 6 विकेट से हरा दिया। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 187 रन बनाए। जवाब में वैभव सूर्यवंशी की फिफ्टी की बदौलत 17 बॉल रहते आरआर ने टारगेट हासिल कर लिया। मंगलवार को रोचक मोमेंट्स देखने को मिले। एम एस धोनी और संजू सैमसन ने टी-20 में अपने 350 छक्के पूरे किए। नूर अहमद की फ्री-हिट बॉल पर सिक्स लगाकर वैभव सूर्यवंशी ने फिफ्टी पूरी की। आयुष म्हात्रे तुषार देशपांडे को हैट्रिक चौके लगाने के बाद अगली बॉल पर आउट हुए।

### धोनी से हाथ मिलाने के वक्त वैभव ने छुए पैर

मैच खत्म होने के बाद जब दोनों टीमों के खिलाड़ी एक दूसरे से हाथ मिला रहे थे, तभी धोनी और वैभव का आमना-सामना हुआ। जैसे ही धोनी करीब आए वैभव ने हाथ मिलाने की जगह उनके पैर छू लिए। इसके बाद धोनी ने वैभव की ओर देखा और मुस्कान दी।

### युद्धवीर को अपने पहले ओवर में दो विकेट, कॉन्वे-उर्विल आउट

चेन्नई को पारी का दूसरा ओवर डाल रहे युद्धवीर सिंह ने अपने पहले ओवर में दो विकेट झटके। उन्होंने... चौथी बॉल पर ड्वोन कॉन्वे को रियान पराग के हाथों कैच कराया। कॉन्वे ने शॉर्ट ऑफ लेंथ बॉल को आगे निकलकर खेला। बॉल, बैट पर सही तरीके से कनेक्ट नहीं हुई। मिड ऑफ पर खड़े रियान पराग ने आसान-सा कैच लपका।कॉन्वे 10 रन बनाकर आउट हुए। ओवर की आखिरी बॉल पर युद्धवीर ने उर्विल पटेल को क्वेना मफाका के हाथों कैच कराया। उर्विल मिड ऑन के ऊपर से शॉट खेलना चाहते थे। यहां उनका बैट मुड़ा और क्वेना मफाका ने छलांग लगाकर कैच पकड़ा। उर्विल शून्य पर आउट हुए।



### युद्धवीर के ओवर लगातार 2 छक्के लगे :

पारी के चौथे ओवर में युद्धवीर सिंह ने 24 रन दिए। उनके ओवर में दो चौके और दो छक्के लगे। चेन्नई के अश्विन और म्हात्रे ने दो-दो बाउंड्री लगाईं। ओवर की चौथी बॉल पर अश्विन ने फ्लिक शॉट खेलकर डीप मिडविकेट के ऊपर से सिक्स लगाया। इसके बाद युद्धवीर ने नो बॉल फेंकी, जिस पर अश्विन ने सिंगल ले लिया। वहीं फ्री-हिट पर आयुष म्हात्रे ने लॉन्ग ऑन के ऊपर से सिक्स लगा दिया।

### म्हात्रे ने हैट्रिक चौके लगाने के बाद आउट

चेन्नई की पारी का छठा ओवर फेंक रहे तुषार देशपांडे की बॉल पर आयुष म्हात्रे ने लगातार तीन चौके जड़ दिए। हालांकि, ओवर की अगली ही बॉल पर वे क्वेन मफाका के डाइविंग कैच से पवेलियन लौट गए।



### जायसवाल ने खलील को लगातार 4 बाउंड्री लगाईं

यशस्वी जायसवाल ने राजस्थान की पारी की शुरुआत चौके से की। इसके बाद खलील तीसरा ओवर डालने आए जिस पर उन्होंने तीन चौके और एक छक्का लगा दिया। इस ओवर में कुल 19 रन आए।



### सूर्यवंशी ने नूर अहमद के ओवर में लगातार 3 बाउंड्री लगाईं

8वें ओवर में वैभव सूर्यवंशी ने नूर अहमद की बॉल पर लगातार तीन बाउंड्री लगाईं। इनमें एक छक्का और दो चौके शामिल रहे। नूर के इस ओवर से 17 रन आए। वैभव ने पहले मिडविकेट पर सिक्स लगाया। इसके बाद कवर पर 2 चौके लगा दिए।

### फ्री-हिट पर सिक्स से वैभव सूर्यवंशी की फिफ्टी

वैभव सूर्यवंशी ने 12वें ओवर में फिफ्टी पूरी की। उन्होंने नूर अहमद के ओवर की 5वीं बॉल पर छक्का लगाया। यह फ्री-हिट बॉल थी, क्योंकि नूर अहमद ने पिछली बॉल नो डाली थी।

# आदित्य चोपड़ा एट 54, 23 साल में बनाई डीडीएलजे

## शाहरुख को मनाया : कंगना से कहा था- तुम खत्म हो जाओगी, रानी मुखर्जी के लिए छोड़ा घर

आपने दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे तो देखी ही होगी, अगर नहीं देखी है तो 'धूम' सीरीज तो देखी ही होगी। दोनों नहीं देखी, क्या तुद्दु' वाले हो? कोई बात नहीं, तो फिर सलमान खान की 'टाइगर' सीरीज तो आपने देखी ही होगी। बता दें कि इन सभी फिल्मों में एक नाम कॉमन है और वो है आदित्य चोपड़ा। भारतीय फिल्म इंडस्ट्री का आदित्य चोपड़ा, एक ऐसा नाम, जो न तो मीडिया की हलचल का हिस्सा बना, न सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स के पीछे भागा, लेकिन उन्होंने दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, मोहब्बतें जैसी फिल्मों से भारतीय सिनेमा को नई पहचान दी और वो भी अपने तरीके से, चुपचाप और विनम्रता से।

आदित्य सबसे ज्यादा चर्चा में तब आए जब उनका नाम रानी मुखर्जी से जुड़ा। हालांकि, उन्होंने फिल्मी गलियारों में चल रही रिलेशनशिप की अफवाहों पर खामोश रहना बेहतर समझा। कंगना रनोट से भी आदित्य का विवाद आम रहा। कंगना ने दावा किया था कि एक बार आदित्य ने फिल्म सुल्तान ठुकराने पर उनका करियर बर्बाद करने की धमकी दी थी।

### आज आदित्य चोपड़ा के बर्थडे के खास मौके पर आइए उनकी जिंदगी को करीब से छूते हैं-

आदित्य चोपड़ा का जन्म 21 मई 1971 को फिल्ममेकर यश चोपड़ा और पामेला चोपड़ा के घर हुआ। वही यश चोपड़ा जिन्होंने वक्त, दीवार, कभी कभी, चांदनी, डर, सिलसिला, लम्हे, दिल तो पागल है, वीर-जारा, जब तक है जान जैसी फिल्मों का डायरेक्शन किया। इसलिए ये वह घर था जहां फिल्मी कहानियां सिर्फ परदे पर नहीं, चाय की प्याली के साथ हर रोज बोली जाती थीं।

आदित्य चोपड़ा का स्कूल के दिनों का सफर काफी दिलचस्प रहा है। आदित्य ने बताया था कि वे बचपन में स्पोर्ट्स फनैटिक (खेल प्रेमी) थे। खेलों के प्रति जुनून के बावजूद पढ़ाई में भी वह पीछे नहीं थे। वह क्लास में हमेशा टॉप स्टूडेंट्स में आते थे। जब पढ़ाई करनी होती थी तो पूरी लगन से किताबों में डूब जाते थे और जब फुर्सत मिलती, तो वो जेफ्री आर्चर, सिडनी शेल्डन और आयन रैंड की किताबें पढ़ते थे। वे एनिड ब्लाइटन की 'फेमस फाइव' और 'द हार्डी बॉयज' सीरीज के जबरदस्त फैन थे।

### सातवीं क्लास में लिख दी थ्रिलर कहानी

जब आदित्य चोपड़ा सातवीं क्लास में थे, तब महज 11-12 साल की उम्र में उन्होंने एक थ्रिलर कहानी लिखी। जिसमें एक व्यक्ति मर्डर करता है, फिर अपनी याददाश्त खो बैठता है और बाद में वही पुलिस ऑफिसर बनकर उसी मर्डर की जांच करता है।

### 18 की उम्र में असिस्टेंट डायरेक्टर

18 साल की उम्र में जब हम में से ज्यादातर लोग कॉलेज लेक्चर के बीच झपकी लेते हैं, तब आदित्य चोपड़ा चांदनी जैसी फिल्म में अपने पिता यश चोपड़ा के साथ सेट पर खड़े थे, वो भी असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर। 'लम्हे', आइना, 'डर' इन फिल्मों में उन्होंने पिता का हाथ बंटाया और 'परंपरा' जैसी फिल्मों के लिए स्क्रीनप्ले भी लिखा।



# करिश्मा तन्ना को नहीं मिल रहा ढंग का काम

## बोलीं- मैं मिक्स्ड इमोशन से गुजर रही हूं, स्कूप जैसा शो करने की कीमत चुका रही हूं

करिश्मा तन्ना को आखिरी बार अमेजन प्राइम के शो कॉल मी बे में देखा गया था। इसमें एक्ट्रेस गेस्ट अपीयरेंस में नजर आई थीं। करिश्मा फुल फ्लेज रोल में दो साल पहले हंसल मेहता की क्राइम सीरीज स्कूप में दिखी थीं। इसमें उन्होंने एक क्राइम जर्नलिस्ट की भूमिका निभाई थी।

लंबे समय से स्क्रीन से गायब रहने पर एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में बात की है। हिंदुस्तान टाइम्स से बात करते हुए वह कहती हैं, मेरे पास वास्तव में इसका कोई जवाब नहीं है। लंबे समय के बाद, मेरे पास एक प्लेटफॉर्म और अभिनय-आधारित स्क्रिप्ट थी। स्कूप चुनौतीपूर्ण था। ऐसा नहीं है कि शो के बाद मैं बहुत ज्यादा चूजी हो गई हूं। मुझे पता है कि अगर सही स्क्रिप्ट लिखी जाए तो डायरेक्टर उसे और भी ऊंचे स्तर पर ले जा सकता है। मैं बस इस तरह के काम का इंतजार कर रही हूं।

करिश्मा आगे कहती हैं, मुझे अच्छे ऑफर मिले लेकिन किसी कारण से मेरे पास जो आया, उसके लिए मैं हां नहीं कहना चाहती। मैं किरदार आधारित भूमिकाओं की उम्मीद कर रही थी, क्योंकि मैंने दिखा दिया था कि मैं क्या करने में सक्षम हूं।

इंटरव्यू के दौरान एक्ट्रेस ने स्वीकार किया कि खुद की रिलेवेंसी बनाए रखने के लिए वो ऐसी प्रोजेक्ट साइन करने के बहुत करीब पहुंच गई हैं, जो बेहद निराशजनक थे।

वह कहती हैं, मैं ऐसी स्क्रिप्ट की उम्मीद करती हूं, जिसके साथ मैं न्याय कर सकूं। इंतजार, कभी-कभी निराश करने वाला भी होता है। मैं सेट पर वापस आना चाहती हूं। फिर से स्क्रिप्ट पकड़ना चाहती हूं, कैमरे का सामना करना चाहती हूं और डायरेक्टर-प्रोड्यूसर के बीच रहना चाहती हूं, लेकिन जब आप स्कूप जैसा शो करते हैं तो आपको इसकी कीमत चुकानी पड़ती है। मैं बहुत मिक्स्ड इमोशन से गुजर रही हूं। कभी-कभी मुझे लगता है, जो भी अगला आएगा, मैं उसे एक्सेप्ट कर लूंगी। मुझे डाउट है कि मैं सेट पर खुश रहूंगी या नहीं। आपने मुझे बहुत ही कंफ्यूजिंग स्टेज में देख लिया है।

### इन शोज में नजर आ चुकी हैं करिश्मा

नागिन 3, कयामत की रात और ओटीटी प्रोजेक्ट स्कूप जैसे शोज के जरिए करिश्मा तन्ना ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। वह हमेशा अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। साल 2022 में उन्होंने वरुण बंगेरा से शादी की थी। यह शादी बेहद करीबी लोगों की मौजूदगी में हुई थी। कपल अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर करता रहता है।

# पति के अफेयर्स पर जरीना ने तोड़ी चुप्पी

## घर के बाहर क्या करते हैं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, आदित्य मुझसे बहुत प्यार करते हैं...

एक्टर आदित्य पंचोली कई बार अपने एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर की खबरों को लेकर चर्चा में रहे हैं। पूजा बेदी और कंगना रनोट समेत कई एक्ट्रेस के साथ उनके अफेयर की खबरें रही हैं। अब शादी के 38 साल के बाद एक्ट्रेस जरीना वहाब ने पति आदित्य पंचोली के एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर की खबरों पर बात की है। उन्होंने कहा कि उन्हें पता था कि आदित्य किसी के साथ सीरियस नहीं होंगे, क्योंकि वह मुझसे बहुत प्यार करते हैं।



जरीना वहाब ने नयनदीप रक्षित के साथ बातचीत में पति आदित्य पंचोली के एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर के बारे में बात की। उन्होंने कहा- पहले मुझे अफेयर की अफवाहें सुनकर थोड़ा बुरा लगता था, फिर मैं उन पर हंस भी देती थी। मुझे इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता था कि वो बाहर क्या करते है? घर में हमेशा एक अच्छे पति और पिता की तरह रहें। मेरे लिए बस यही काफी था। अगर वो अपने अफेयर घर लाते, तभी मुझे तकलीफ होती।

जरीना वहाब ने आगे बताया- अगर मैं इन सभी चीजों को बहुत गंभीरता से लेती और लड़ाई करती तो मुझे तकलीफ होती। मैं खुद से प्यार करती हूं, मैं तकलीफ नहीं सहना चाहती थी। हालांकि, लोग मुझ पर तरस खाकर कहते थे कि अपने रिश्ते और अच्छी जिंदगी ना जीने की वजह से दुखी हैं। मैंने कभी भी किसी की बातों को गंभीरता से नहीं लिया। क्योंकि मुझे पता था कि वह कभी किसी और के साथ सीरियस नहीं होंगे, क्योंकि वह मुझसे बहुत प्यार करते हैं।

बता दें कि आदित्य पंचोली और जरीना वहाब पहली बार 1986 में एक फिल्म की सेट पर मिले थे। इस मुलाकात के 15-20 दिन के बाद दोनों शादी के बंधन में बंध गए थे। दोनों सूरज पंचोली और बेटी सना पंचोली के पेरेंट्स हैं।

# पति विक्की जैन संग मालदीव वेकेशन पर अंकिता लोखंडे

## कपल की रोमांटिक तस्वीरें देख नेटिजंस हुए कंफ्यूज, बोले- प्रेग्नेंट हैं क्या...?

एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे इन दिनों पति विक्की जैन के साथ मालदीव में छुट्टियों का आनंद ले रही हैं। एक्ट्रेस ने हाल में छुट्टियों की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। उन तस्वीरों को देखने के बाद उनके फैंस कयास लगा रहे हैं कि एक्ट्रेस प्रेग्नेंट हैं। कपल की तस्वीरों को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है। फैंस उन तस्वीरों को देखकर खूब कमेंट कर रहे हैं। अंकिता लोखंडे ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर मालदीव वेकेशन से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। जिसमें कपल रोमांटिक पोज देते दिखाई दे रहे हैं। समुद्र किनारे दोनों की सिजलिंग तस्वीरें खूब पसंद की जा रही हैं। उन तस्वीरों में अंकिता के पेट को देख नेटिजंस कंफ्यूज हो गए हैं। यूजर्स के बीच इस बात की भी चर्चा शुरू हो गई है कि अंकिता लोखंडे प्रेग्नेंट हैं।

हालांकि इसे लेकर कपल की ओर से कोई बयान सामने नहीं आया है, लेकिन कमेंट सेक्शन में प्रतिक्रियाओं की भरमार है। एक यूजर ने लिखा है- आप प्रेग्नेंट लग रही हैं। दूसरे यूजर ने लिखा है- वो प्रेग्नेंट हैं। तीसरे यूजर ने लिखा- बेबी बंप...। चौथे यूजर ने लिखा- ब्यूटीफुल जोड़ी। एक अन्य यूजर ने पूछा- क्या वो प्रेग्नेंट हैं? वहीं अन्य यूजर्स ने कपल को अपना फेवरेट बताया। इसके अलावा एक फैन ने कहा - अंकिता तुम लाफ्टर शेफ्स में अच्छा कर रही हो। टीवी शो पवित्र रिश्ता से चर्चा में आईं एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे ने साल 2021 में बिजनेसमैन विक्की जैन से शादी की थी। इनकी शादी खूब सुर्खियों में रही थी। कपल को एक साथ बिग बॉस 17 में साथ देखा गया था। इस समय दोनों को लाफ्टर शेफ्स सीजन 2 में नजर आ रहे हैं। इस शो के सेट पर दोनों के बीच तकरार और नोक झोंक खूब देखा जाता है। फैंस को इनकी नोकझोंक खूब पसंद आती है।

# नेकलेस में थी पीएम की फोटो, एक्ट्रेस ने कहा- मोदी ने बदली भारत की छवि

राजस्थान की बॉलीवुड एक्ट्रेस रुचि गुर्जर फ्रांस में कांस फिल्म फेस्टिवल-2025 में नजर आईं। उन्होंने रेड कारपेट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फोटो वाला नेकलेस पहना था। स्टाइलिश और ट्रेंडी लुक के साथ उन्होंने यहां सभी का ध्यान खींचा, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा उनके नेकलेस की हो रही है। कांस फेस्टिवल का आयोजन 24 मई तक होगा। इसमें बॉलीवुड की टॉप सेलिब्रिटी पहुंच रही हैं। इन सबके बीच रुचि गुर्जर की रेड कारपेट एंट्री ने उन्हें रातोंरात लाइमलाइट में ला दिया है। शेखावाटी के झुंझुनूं की रहने वाली रुचि ने कॉलेज की पढ़ाई जयपुर से की है। इसके बाद वो मुंबई चली गई थीं।

### अपनी मूवी लाइफ के लिए पहुंची हैं रुचि

78वें कांस फिल्म फेस्टिवल में रुचि गुर्जर अपनी आने वाली मूवी लाइफ के प्रमोशन के लिए पहुंची हैं। यहां उन्होंने रेड कारपेर्ट में एंट्री के दौरान गोल्डन और रेड थीम में तैयार राजस्थानी लहंगा पहना था। उनके कांस आउटफिट को राजस्थान की डिजाइनर रूपा शर्मा ने तैयार किया था। वहीं डिजाइनर राम द्वारा डिजाइन किया गया बंधनी दुपट्टा, जिसमें जरीबारी और गोटा पट्टी का खूबसूरत यूज किया था।

### पीएम मोदी की फोटो वाले हार की चर्चा

रुचि गुर्जर के कांस लुक में सबसे ज्यादा चर्चा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीरों से सजे जड़ाऊ हार की रही। इसके जरिए उन्होंने फैशन को देशभक्ति से जोड़ने का प्रयास किया। राजस्थानी बोलड़े से सजे माथे के साथ उनका यह पारंपरिक लुक खास आकर्षण का केंद्र बना। रुचि ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की वैश्विक छवि को नए आयाम दिए हैं।

मैं उस गर्व को अपने पहनावे के माध्यम से दुनिया के सामने लाना चाहती थी। यह हार महज एक आभूषण नहीं, बल्कि शक्ति, दृष्टि और भारत के वैश्विक उदय का प्रतीक है।

# सारा तेंदुलकर और सिद्धांत चतुर्वेदी का हुआ ब्रेकअप!

## कुछ दिन पहले ही शुरू हुआ था रिश्ता, एक-दूसरे के परिवार से भी कर ली थी मुलाकात

बॉलीवुड एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी और मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर के रिश्ते को लेकर पिछले दो हफ्तों से चर्चा जोरों पर थी। खबरें थीं कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, लेकिन अब जो खबर सामने आई है कि दोनों का ब्रेकअप हो गया है।

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, सारा और सिद्धांत का ब्रेकअप हो गया है। दोनों का रिश्ता बहुत कम समय तक चला। एक सूत्र ने बताया, हाल ही में दोनों ने एक-दूसरे से अलग होने का फैसला किया। ये पहल सिद्धांत की ओर से हुई। ऐसा तब हुआ जब दोनों ने एक-दूसरे के परिवारों से मुलाकात की। सूत्रों की मानें तो दोनों ने कुछ दिनों पहले ही शुरू हुआ था, लेकिन जब चीजें आगे बढ़ीं, तो बहुत कुछ ठीक नहीं बैठा।



हालांकि, इस रिश्ते के टूटने की असली वजह क्या है, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। सारा का नाम शुभमन से जुड़ा था गौरतलब है कि इससे पहले सारा तेंदुलकर का नाम अक्सर क्रिकेटर शुभमन गिल के साथ जुड़ता रहा है, लेकिन हाल ही में शुभमन ने खुद इन अफवाहों पर विराम लगाते हुए कहा कि वो इस वक्त पूरी तरह अपने करियर पर फोकस कर रहे हैं और किसी को डेट नहीं कर रहे। सिद्धांत का नाम नव्या से भी जुड़ा था वहीं, सिद्धांत का नाम भी इससे पहले अमिताभ बच्चन की नातिन नव्या नवेली नंदा के साथ जुड़ चुका है। दोनों पिछले साल अलग हो गए थे। सिद्धांत से जब इस खबर पर प्रतिक्रिया लेने की कोशिश की गई, तो उनकी तरफ से कोई जवाब नहीं मिला। सिद्धांत के पहले भी दो रिश्ते टूट चुके हैं कुछ वक्त पहले एक इंटरव्यू में सिद्धांत ने रिश्तों को लेकर अपनी सोच शेयर की थी। उन्होंने कहा था, रिश्ते मेरे लिए अब तक लेन-देन वाले नहीं रहे हैं। मैं जब भी किसी रिश्ते में होता हूं, खुद को पूरी तरह झोंक देता हूं। कभी-कभी इतना कि खुद ही रेड फ्लैग बन जाता हूं। उन्होंने अपने पुराने रिश्तों के बारे में भी खुलकर बात की थी। सिद्धांत ने बताया था, पहला रिश्ता तब शुरू हुआ था जब मैं 19 साल का था। उस वक्त मैं सीए की पढ़ाई कर रहा था और बहुत प्यार में था। हमने तीन साल डेट किया और शादी के सपने देखे, लेकिन जब मैंने एक्टिंग को करियर के तौर पर चुना, तो वो लड़की उस बदलाव को स्वीकार नहीं कर पाई। वो जल्द शादी चाहती थी, मैं उस वक्त तैयार नहीं था। मैंने करियर चुना और वादा किया कि एक दिन वो फैसला सही साबित करूंगा। अब वो शादीशुदा और खुश है, और मैं भी अपनी जगह खुश हूं।

भावनाओं को समझने के लिए शब्दों का साथ चाहिए, और रिश्ता निभाने के लिए मन में विश्वास चाहिए।

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



## ज्योति आईएसआई एजेंट से बोली: पाकिस्तान में शादी करवा दो

### पाकिस्तानी हैंडलर के साथ चैट मिली; पठानकोट आर्मी बेस की रेकी करने का भी शक

बढ़ता राजस्थान

**हिसार/चंडीगढ़ ( एजेंसी )।** पाकिस्तान के लिए जासूसी के शक में पकड़ी गई हिसार की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के अधिकारी से एक और वॉट्सएप चैट सामने आई है। इसमें आईएसआई एजेंट हसन अली उसे दुआ दे रहा है, तो जवाब में ज्योति उससे पाकिस्तान में शादी कराने को कह रही है। ज्योति एक साल पहले पठानकोट गई थी। उसने वहां कोई वीडियो रिलीज नहीं किया था, लेकिन फेसबुक पर शेयर की गई फोटो और एक छोटी सी क्लिप से उसके वहां जाने का खुलासा हो गया। जिसके बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी और इंटेलिजेंस ब्यूरो की टीम उसे मंगलवार (20 मई) को पठानकोट लेकर गई।

एनआईए ने उसके पठानकोट विजिट को संदिग्ध माना है। संदेह है कि वह आर्मी कैंट और एयरबेस की रेकी के मकसद से गई थी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान आर्मी ने पठानकोट में आर्मी कैंट और एयरबेस को टारगेट करने की कोशिश की थी। यहां 2016 में भी हमला हो चुका है

### ज्योति से पूछताछ और जांच में क्या निकला

**अकाउंट में दुबई से ट्रांजैक्शन मिली:** फोरेंसिक जांच में ज्योति के मोबाइल से सेना से जुड़ी चीजें मिली हैं। साथ ही बैंक अकाउंट में दुबई से ट्रांजैक्शन भी पाया गया। जम्मू-कश्मीर के एक यूट्यूबर को भी वहां की पुलिस चंडीगढ़ लेकर आई। उसे भी ज्योति के सामने बैठाकर पूछताछ की गई।

## बीजेपी आईटी सेल प्रमुख और अर्नब गोस्वामी पर एफआईआर

### झूठी जानकारी फैलाने का आरोप, तुर्किये के इस्तांबुल कांग्रेस सेंटर को कांग्रेस ऑफिस बताया था

बढ़ता राजस्थान

**बेंगलुरु ( एजेंसी )।** भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय और रिपब्लिक टीवी के जर्नलिस्ट अर्नब गोस्वामी के खिलाफ कांग्रेस ने एफआईआर की है। दोनों पर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ झूठी और भ्रामक जानकारी फैलाने का आरोप है। अमित मालवीय ने 17 मई को ट्वीटर पर अर्नब गोस्वामी एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वो बता रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी का तुर्किये में रजिस्टर्ड ऑफिस है। मालवीय ने लिखा- राहुल गांधी को बताना चाहिए कि ऐसा करने की जरूरत क्यों पड़ी। यह हैरान और समझ से बाहर का मामला है। देश को इसका सच जानने का हक है। इसी वीडियो को लेकर शिकायत में कहा गया है कि ऐसा सोची-समझी रणनीति के तहत देश की जनता को गुमराह और कांग्रेस पार्टी को बदनाम करने के लिए किया गया है। यह लोगों की भावनाओं को भड़काने, देश की सुरक्षा और लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश है।

पहलगाम हमले के बाद भारत-पाक तनाव के बीच तर्किये ने पाकिस्तान को खुलकर समर्थन दिया था। साथ ही भारत के खिलाफ इस्तेमाल के लिए पाकिस्तान को ड्रोन्स-हथियार और इन्हें चलाने वाले ट्रेंड लोग भी भेजे। इसके बाद देशभर में तुर्किये को बॉयकॉट किया गया।

## सियासी संकट पर गहलोत बोले- डोटासरा उसी की देन हैं

### कहा- हम जादूगर हैं, केवल ट्रिक करते हैं तो लोग कहते हैं जादू हो गया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को सचिन पायलट खेमे की बगावत से बने सियासी संकट की देन बताकर नई सियासी चर्चाएं छेड़ दी हैं। गहलोत ने कहा- तीन बार मुख्यमंत्री के रूप में पूरे करना बड़ी बात है। तीसरी बार तो मालूम है आपको... सरकार बच गई, वह एक चमत्कार है। यह तो हाईकमान का आशीर्वाद और आपकी दुआएं थीं, इसलिए 5 साल पूरे कर लिए वरना पांच साल पूरे करने का सवाल ही पैदा नहीं होता। डोटासरा भी उसी की देन है। दरअसल, प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर हुई विचार गोष्ठी में पूर्व सीएम अशोक गहलोत भी पहुंचे थे। इसी दौरान उन्हें सियासी संकट को लेकर बयान दिया।

गहलोत ने कहा- जितना मुझे मिला हिंदुस्तान में पार्टी में कोई एक दो नेता ही मुश्किल से होंगे। तीन बार मुख्यमंत्री के रूप में पूरे करना बड़ी बात है। जब देश में नंबर एक और नंबर दो यह तय कर ले कि सरकार गिरानी है, नंबर एक और नंबर दो आप समझते हैं। जब वो तय कर ले सरकार गिराने का तो मध्य प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र में सरकारें गिर गईं। महाराष्ट्र में 50 विधायक शिवसेना में चले गए।

## पपला को थाने से भगा ले जाने वाला गैंगस्टर गिरफ्तार

### 6 साल पहले एके-47 से की थी फायरिंग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** 6 साल पहले राजस्थान के कुख्यात गैंगस्टर पपला गुर्जर को थाने से भगा ले जाने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया है। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने मंगलवार को राजस्थान-हरियाणा बॉर्डर से राजवीर उर्फ लारा गुर्जर (32) को पकड़ा था। आरोपी के पास से च-56 और अन्य हथियार भी मिले है। लारा पपला का खास दोस्त बताया जाता है। आरोपी को पकड़ने के लिए 1 लाख रुपए का इनाम भी रखा था। आरोपी पुलिस से बचने के लिए अलग-अलग राज्यों में फरारी काटी। यहां तक वह भेष बदलकर कई अखाड़ों में भी रहा। बुधवार सुबह राजवीर को भारी सुरक्षा के बीच बहरोड़ एसीजेएम कोर्ट में पेश किया गया, जहां न्यायिक मजिस्ट्रेट मुकुल अग्रवाल ने उसे 5 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया।

### खतरनाक हथियार के साथ 7 जिंदा कारतूस भी मिले

एडीजी क्राइम दिनेश एमएन ने बताया कि एजीटीएफ राजस्थान जयपुर टीम लगातार आरोपी की तलाशी के लिए सर्च कर रही थी। मंगलवार को इनपुट मिला कि इनामी बदमाश राजस्थान-हरियाणा बॉर्डर के रेवाड़ी इलाके में है। इप पर टीम ने आरोपी को कोरेवाड़ी से गिरफ्तार किया। राजवीर के पास से एके-56 के साथ, डबल मैग्जीन और 7 जिंदा कारतूस भी मिले है। राजवीर के खिलाफ महेन्द्रगढ़ (हरियाणा) में हत्या व मारपीट के कई प्रकरण दर्ज है। इसमें हत्या के प्रकरण में जमानत पर चल रहा था। राजवीर ने 6 साल के दौरान लगभग 18-20 राज्यों विजय नगर कर्नाटक, कोल्हापुर व नासिक (महाराष्ट्र), गोवा, प्रयागराज (उत्तर प्रदेश), हरियाणा व दिल्ली के विभिन्न जिलों में अपनी पहचान छुपाते हुए फरारी काटी है।

## अखिल भारतीय रैगर महासभा का प्रतिनिधि सम्मेलन

# हर वर्ग का विकास हमारा संकल्प, संत आत्माराम लक्ष्य का बनाएंगे पैनोरमा : सीएम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महिला, गरीब, युवा और किसान सहित हर वर्ग के उत्थान से ही देश का उत्थान हो रहा है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है। इसी का परिणाम है कि देश का हर वर्ग, हर जाति और हर समाज उन्नति कर रहा है।

मुख्यमंत्री श्री शर्मा बुधवार को बिड़ला सभागार में अखिल भारतीय रैगर महासभा के प्रतिनिधि सम्मेलन और अभिनंदन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने संत जीवाराम, संत आत्माराम और बाबा साहेब अम्बेडकर को नमन कर समाज प्रतिभाओं को बधाइयां दीं।



### बनाएंगे पैनोरमा, युवाओं को मिलेगी सीख

श्री शर्मा ने कहा कि आजादी पूर्व से ही रैगर समाज का राष्ट्रहित में अहम योगदान रहा है। हमारी सरकार ने भी आवश्यक निर्णय लेकर सभी समाजों के विकास कार्यों को गति दी है। इस दौरान उन्होंने देश में संस्कृति, विरासत और समाज समानता में अहम भूमिका निभाने वाले 'संत आत्माराम लक्ष्य' का पैनोरमा बनाने के लिए घोषणा की। उन्होंने कहा कि इससे संत आत्माराम लक्ष्य के विचारों को आत्मसात कर युवा राष्ट्र विकास के मार्ग पर चल सकेंगे।

### भावी पीढ़ी के प्रेरणास्त्रोत बनेंगे पंचतीर्थ

मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने जिस समतामूलक और शिक्षित समाज की परिकल्पना की थी, उसे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी साकार कर रहे हैं। भावी पीढ़ी को डॉ. अंबेडकर के राष्ट्र विकास में योगदान, अमूल्य कार्यों व विचारों से प्रेरणा मिलेगी। इसके लिए उनके जीवन से जुड़े पांच महत्वपूर्ण स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित गया है। उन्होंने कहा कि पंचतीर्थ भ्रमण योजना के तहत राज्य सरकार अनुसूचित जाति के लोगों को बाबा साहब के जीवन से जुड़े तीर्थों का भ्रमण करा रही है। श्री शर्मा ने कहा कि महिला सशक्तीकरण एवं श्रम सुधार जैसे क्षेत्रों में बाबा साहब ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके बावजूद आजादी के बाद लंबे अर्से तक उन्हें सम्मान नहीं मिल पाया। इसके बाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत कर देशवासियों की ओर से उन्हें सच्चा सम्मान दिया है। श्री शर्मा ने कहा कि वर्ष 2014 में सत्ता संभालने के साथ ही प्रधानमंत्री ने बाबा साहब की विरासत और आजाद भारत को लेकर देखे गए सपनों को साकार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

## राजीव गांधी की पुण्यतिथि

# राहुल-मोदी-खड़गे ने श्रद्धांजलि दी

### राहुल ने बचपन की फोटो शेयर की, कहा- आपकी यादें मेरा मार्गदर्शन करती है

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि है। इस मौके पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे दिल्ली के वीर भूमि पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

राहुल गांधी ने ट्वीटर पर पापा राजीव गांधी के साथ बचपन की फोटो शेयर की। लिखा- पापा, आपकी यादें हर कदम पर मेरा मार्गदर्शन करती हैं। आपके अधूरे सपनों को साकार करना ही मेरा संकल्प है और मैं इन्हें पूरा करके रहूंगा।

पीएम मोदी मोदी ने कहा- मैं हमारे पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी जी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने ट्वीटर पर लिखा- राजीव गांधी जी भारत के एक महान सपूत थे, जिन्होंने करोड़ों भारतीयों में नई उम्मीद जगाई।

### आत्मघाती बम धमाके में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या

21 मई 1991 में एक आत्मघाती बम धमाके में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या कर दी गई थी। उन्होंने अपने कार्यकाल में श्रीलंका में शांति सेना भेजी थी, जिससे तमिल विद्रोही संगठन लिट्टे (लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम) उनसे नाराज चल रहा था। 1991 में जब लोकसभा चुनावों के लिए प्रचार करने राजीव गांधी चेन्नई के पास श्रीपेरम्बदूर गए तो वहां लिट्टे ने राजीव पर आत्मघाती हमला करवाया। विस्फोट में 16 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई राजीव को फूलों का हार पहनाने के बहाने लिट्टे की महिला आतंकी धनु (तेनमोजि राजरत्नम) आगे बढ़ी। उसने राजीव के पैर छुए और झुकते हुए कमर पर बंधे विस्फोटकों में ब्लास्ट कर दिया। धमाका इतना बड़ा था कि कई लोगों के चीथड़े उड़ गए। राजीव और हमलावर धनु समेत 16 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि 45 लोग गंभीर रूप से घायल हुए। देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने। लोकसभा चुनावों में कांग्रेस तीन-चौथाई सीटें जीतने में कामयाब रही थी। उस समय कांग्रेस ने 533 में से पार्टी ने 414 सीटें जीतीं। राजीव जब प्रधानमंत्री बने, तब उनकी उम्र महज 40 साल थी। वे देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री रहे। उन्होंने अपने कार्यकाल में स्कूलों में कंप्यूटर लगाने की व्यापक योजना बनाई। जवाहर नवोदय स्कूल स्थापित किए।



### राजीव गांधी को नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**मल्लिकार्जुन खड़गे**- राजीव गांधी की दूरदर्शी सोच और साहसी फैसलों ने भारत को 21वीं सदी की चुनौतियों और अवसरों के लिए तैयार किया। उनके अहम कामों में 18 साल की उम्र में वोट देने का अधिकार देना, पंचायती राज को मज़बूत करना, टेलिकॉम और आईटी क्रांति की शुरुआत करना, कंप्यूटराइजेशन को बढ़ावा देना, शांति समझौते करवाना, टीकाकरण प्रोग्राम शुरू करना और सबको साथ लेकर चलने वाली नई शिक्षा नीति लाना शामिल हैं।

**ममता बनर्जी**- भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी जी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धा से याद करती हूं। राजीव जी एक दूरदर्शी नेता और देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सच्चे शहीद थे।

**तेजस्वी यादव**- देश की प्रगति, उन्नति, एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी जी के बलिदान दिवस पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि और नमन।

## प्रदेश के 10 शहरों में लू और तेज गर्मी

### जयपुर में सड़कों पर किया जा रहा पानी का छिड़काव; 16 जिलों में बारिश का अलर्ट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में भीषण गर्मी और लू का कहर जारी है। जयपुर समेत 10 शहरों में तेज गर्मी और लू से लोग परेशान हैं। जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, भरतपुर समेत तमाम शहरों में बुधवार सुबह से ही आसमान साफ रहा और तेज धूप दिखाई दी। जयपुर में फॉग मशीन से सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है। प्रदेश में अलवर और उदयपुर समेत 16 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है।

इससे पहले प्रदेश के 6 शहरों चूरू, बीकानेर, फलोदी, बाड़मेर, पिलानी (झुंझुनूं) और श्रीगंगानगर में पारा 45 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा दर्ज किया गया। करौली, बीकानेर, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ में मंगलवार को इस सीजन का सर्वाधिक तापमान दर्ज हुआ।

### भीलवाड़ा में उमस ने किया परेशान

- भीलवाड़ा में तेज गर्मी पड़ रही है। आज पारा 41 डिग्री पार कर चुका है। रात को न्यूनतम तापमान 30 डिग्री तक रहने की संभावना है।
- दिन में तेज धूप के कारण शहर के बाजार सूने रहे। सूचना केंद्र, बजरंगी चौराहा, आजाद चौक पर भी भीड़ कम रही।
- गर्मी और उमस ने लोगों को परेशान किया। मौसम विभाग ने दिन के साथ-साथ रात में भी हीटवेव चलने का अलर्ट जारी किया है।



### जयपुर में फॉग मशीन से छिड़काव

- जयपुर में बढ़ती गर्मी को देखते हुए शहर के विभिन्न इलाकों में मंगलवार को नगर निगम की ओर से वाटर फॉग मशीन से पानी का छिड़काव किया जा रहा है।
- शहर के हवामहल, त्रिपोलिया बाजार, अजमेरी गेट और किशनपोल बाजार में पानी का छिड़काव किया जा रहा है। ताकि लोगों को गर्मी से राहत मिले।

### उदयपुर में मुंबइया बाजार सूना

- उदयपुर शहर में दोपहर के समय में सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा।
- फतहसागर झील की मुख्य सड़क दोपहर के समय सूनी हो गई।
- झील किनारे मुंबइया बाजार पर पर्यटकों और स्थानीय लोगों की आवाजाही रहती है, लेकिन गर्मी के कारण बाजार खाली पड़ा है।
- बाजार में दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर गर्मी से बचने के लिए परदे लगाए हैं, जिससे अंदर बैठने वाले लोगों का लू और धूप से बचाव हो सके।
- शहर की मुख्य सड़कों पर भी लोगों की आवाजाही कम है। दोपहर तीन बजे उदयपुर में 38 डिग्री तापमान रहा। वहीं उमस ने भी लोगों को परेशान किया।

### चूरू में तापमान 46 डिग्री पर पहुंचा

- चूरू में बुधवार दोपहर ढाई बजे तापमान 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।
- लोग गर्मी से बचने के लिए सिर और मुंह पर तौलिया या दुपट्टा बांधकर चल रहे हैं।
- डीबी अस्पताल प्रशासन ने मरीजों के परिजनों के लिए पार्क में टेंट की व्यवस्था की है।
- मौसम विभाग के अनुसार आने वाले 48 घंटों में तापमान में 1-2 डिग्री की बढ़ोतरी का अनुमान है।
- 21 से 23 मई के बीच शेखावाटी क्षेत्र में अधिकतम तापमान 45 से 48 डिग्री तक पहुंच सकता है।

## यह दुर्भाग्यपूर्ण ऐसे मामलों में सुप्रीम कोर्ट आना पड़ता है

### जमानत मामले में राजस्थान हाईकोर्ट पर टिप्पणी; आरोपी को ट्रायल कोर्ट में पेश करने के आदेश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने आपसी लेनदेन के धोखाधड़ी के मामले में 65 साल के आरोपी को जमानत देते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस तरह के मामलों में भी जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट तक आना पड़ता हैं। दरअसल, हाईकोर्ट ने आरोपी राधेश्याम शर्मा की जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। जिसके बाद उसने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की थी। इस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस अभय एस ओका और उज्जवल भुयान की अदालत ने कहा कि आरोपी पर जो आरोप है, उनका ट्रायल मजिस्ट्रेट कोर्ट को करना हैं। इस मामले में चार्जशीट पेश हो चुकी हैं। आरोपी पिछले 7 महीने से जेल में बंद हैं। वह 65 साल का बुजुर्ग हैं और 50 प्रतिशत दृष्टिबाधित हैं। लेकिन, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस तरह के मामलों में भी जमानत लेने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक आना पड़ता हैं।

### ट्रायल कोर्ट को जमानत देने के निर्देश

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता गिर्राज प्रसाद शर्मा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ परिवादी ने प्लॉट की खरीद-फरोख्त में धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया था। आरोपी 1 अक्टूबर 2024 से जेल में हैं। मामले में चालान भी पेश हो चुका हैं। लेकिन, राजस्थान हाईकोर्ट ने आरोपी को जमानत नहीं दी।

इसके बाद हमने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिए है कि आरोपी को 7 दिन के अंदर ट्रायल कोर्ट के समक्ष पेश किया जाए। वहीं ट्रायल कोर्ट उचित शर्तों पर आरोपी को रिहा करें।

## सीजेआई बोले- छुट्टियों में वकील काम नहीं करना चाहते

### जज वैकेशन में भी होते हैं, लेकिन पेंडिंग केसों के लिए न्यायपालिका पर ठीकरा फूटता है

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बीआर गवई ने बुधवार को कहा कि वकील छुट्टियों के दौरान काम करना नहीं चाहते, लेकिन केसों के बढ़ते बोझ (बैकलॉग) के लिए जजों को जिम्मेदार ठहराया जाता है। दरअसल, सीजेआई गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच एक मामले की सुनवाई कर रही थी। तब एक वकील ने अपनी याचिका की सुनवाई गर्मी की छुट्टियों के बाद करने की मांग की। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक नोटिफिकेशन जारी किया है, जिसमें बताया गया है कि 26 मई से 13 जुलाई तक अदालत आंशिक रूप से काम करती रहेगी। इस दौरान हर हफ्ते 2 से 5 बेंच बैठेंगी। खास बात यह है कि खुद सीजेआई समेत सुप्रीम कोर्ट के पांच जज छुट्टियों में भी केसों की सुनवाई करेंगे, जबकि पहले ऐसा नहीं होता था। पहले केवल दो वैकेशन बेंच होती थीं और सीनियर जज छुट्टियों में कोर्ट नहीं आते थे। छुट्टियों में भी सीजेआई गवई भी कोर्ट आएंगे 26 मई से 1 जून तक सीजेआई गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ,जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और जस्टिस जेके माहेश्वरी मामलों की सुनवाई करेंगे।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com